मसीह की दुल्हन का अदृश्य मिलाप

मैंने शिकार पर जाना निरस्तर कर दिया ताकि मैं प्रभु की सेवा करता रहूं, इसलिए ये... हम यहां पर होकर आनंदित है, मैं विश्वास करता हूं कि पिछली बार यहां मैंने बताया हर बार मैं आता हूं, वहां कोई नहीं है और यदि हम अगले वर्ष वापस आयेंगे, प्रभु रुका रहा, तो वहां कोई नहीं होगा।

2 कोई मेरे ह्रदय, आत्मा के बहुत ही समीप था, वह भाई लेयल थे, भीतर आते हुए मेरा सदा से स्वागत रहा है, वहां पीछे खड़े होकर सुनना भाई जैक के अध्यन में, पुराने समूह गान का गाना आज रात्रि वे महिमा में गा रहे हैं। भई, वहां पहले ही वह आवाजे है, वहां है दूसरे तीन की प्रतीक्षा कर रहे हैं। मैं समझता हूं कि मैं उन्हें यहां पृथ्वी पर अब और कभी नहीं सुनूंगा, परंतु मैं निश्चय ही प्रतीक्षा कर रहा हूं कि इसे फिर सुनू भाई बहन मूर यहां है उस देश में जहां वे होंगे... ये कभी धूमिल नहीं होगा।

3 भाई पामर मसीह के महान सेवक है। मैं स्मरण कर सकता हूं, भाई जैक मूर अपना समर्पित जीवन परमेश्वर के लिए बता रहे थे। वे एक साथ बढई थे और कहा वह अपना दोपहर का भोज खायेंगे अपना सेंडविच अपने हाथ में ले कर, सैंडविच खा रहे हैं और अपनी बाइबल पढ़ रहे हैं। देखा? उन्होंने कुछ बड़ा महान कार्य किया है भाई वामर ने किया है, वह अच्छे बढई है अपने बालकों के लिए अच्छे पिता, एक सुंदर परिवार उसने उनका पालन पोषण प्रभु की सेवा के लिए किया है। जहां तक मैं जानता हूं, वे सब बचाए हुए और पवित्र आत्मा से भरे हैं और आज के दिनों में किसी भी मनुष्य का यह महान योगदान है लड़के और लड़कियां। परंतु, देखिए, वह सब जो उन्होंने कभी किया वह अधिक नहीं होगा जब तक परमेश्वर की सेवा ना करें ऐसा हो कि उसने परमेश्वर की सेवा की। और आज रात्रि जो उसने यहां पृथ्वी पर किया, उसके भले कार्य वह अपने पुरस्कार के लिए गया कि उनके संग हो जाये। परमेश्वर हमारे भाई की आत्मा को विश्राम दे।

4 मैं जानता हूं जब तक यहां ये आराधनालय है, और मैं—मैं जानता हूं, वह... उसकी आवाज अब भी यहां पर है। बहन एना जीना और—और

उसकी बहन ओरगन और प्यानो बजा रही है, कैसे उन्होंने कभी प्रतीक्षा नहीं की भाई पामर यहां खड़े होते, और गीत को उठाते और आगे बढ़ते वे इसे पकड़ती। और मैंने कभी नहीं... मैं प्रतीक्षा कर रहा हूं क्यों कि उन्हें गीत की अगुवाई करते सुनु।

5 उसके बालक; उसकी पत्नी को और भाई जैक, उसका प्रिय मित्र वे इन वर्षों में मित्र रहे और भाई ब्राउन, बहन ब्राउन, और आप सब आराधनालय के लोग; परमेश्वर आपको आशीष दे। मैं भी उनकी कमी अनुभव करता हूं। परमेश्वर उसकी वीर प्राण को विश्राम दे, जब तक हम उनसे शांति में ना मिले।

आइए हम अपने सिरों को झुकाए।

6 अनुग्रहकारी स्वर्गीय पिता, इस महान सेवक के विषय में, मैं आज रात्रि मैंने उसे नहीं पाया, उससे अपने हाथ मिलाते हुए और वह छोटी समझदारी वाली मंद मुस्कान जो पर सदा रहती थी, जब उसने कहा "भाई ब्रन्हम, परमेश्वर आपको आशीष दे," जब वह दरवाजे के भीतर आता। मैं जानता हूं आज रात्रि वह आपके घर आ गया है। इसलिए प्रिय परमेश्वर मैं प्रार्थना करता हूं कि आप उसके फलों को होने देंगे, उसके कार्य उसके पीछे आने देंगे महान हो, उसके बालकों के साथ, उसकी पत्नी के संग निरंतर चलते रहे। हम प्रार्थना करते हैं प्रभु कि आप बहन को आशीषित करें, आपने कहा आप एक पति होंगे, "विधवाओं के जो वास्तव में विधवाएं है।" मैं हमारी बहन पामर के लिए प्रार्थना करता हूं और सारे बालकों के लिए। मैं जानता हूं कि कैसे उन दोनों के साथ सहानुभूति रखू एक साथी को खोते हुए, और अपने पिता को भी खोते हुए।

7 इसलिए, पिता जबकि आज रात्रि हम यहां पर है, आइए हम प्रार्थना करते हैं कि आप हमारे ह्रदयो को भी तैयार करेंगे उस घड़ी के लिए। हम नहीं जानते। ये हम पर अकस्मात आ सकता है जैसे उसका हुआ। हम नहीं जानते ये कब होगा परंतु हम जानते हैं इसे आना ही है। इसलिए परमेश्वर हम प्रार्थना करते हैं कि आज रात्रि आप प्रत्येक ह्रदय को खोजेगे। परमेश्वर मेरे वाले को मत छोड़ना। मेरे ह्रदय को भी खोजें और जांचें। प्रभु, यदि हम में कुछ बुराई हो उसे निकाल दे। हम तेरी सेवा करना चाहते हैं। यही हमारा सारा उद्देश्य है कि आपकी सेवा करें।

8 अपने आत्मा को आज रात्रि हम पर उन्डेले और इस बाकी सप्ताह इस आराधनालय को जीवन का आराधनालय नाम से आशीषित करें। इस नाम की ये पूरी आशीषे पाये और परमेश्वर के जीवन से भरा रहे, इस सप्ताह की हर खोए प्राण को बचाये, हर विश्वासी को पवित्र आत्मा से भरे हम में प्रभु आशाओं का ताजा कर दे, फिर से। हम प्रार्थना करते हैं कि आप सारे रोगियों को चंगा करेंगे और दुखियों को जो हमारे मध्य में है। होने पाए आपका महान पवित्र आत्मा प्रभु यहां हो और चंगा करें... प्रत्येक विश्वासी का अभिषेक करें, पिता इन बातों को प्रदान करें।

9 अब, परमेश्वर मेरी सहायता करें यदि ये आता है मेरी बारी आती है कि संदेश लाऊं परमेश्वर मैं प्रार्थना करता हूं कि आप मनुष्य के भाग को एक और खड़ा कर देंगे और पवित्र आत्मा भीतर आये, और प्रभु हमारे ऊपर मंडराये, प्रभु पवित्र आत्मा ही सभा को ले। हम जानते हैं कि हम इतने अयोग्य है कि हम नहीं कर सकेंगे, हम में से कोई भी नहीं। हम इसे करने का दावा नहीं करते। परंतु, प्रभु हम जानते हैं कि आप ही हैं इसलिए हम तेरी प्रतीक्षा कर रहे हैं, प्रभु। परमेश्वर का आत्मा मंडराये और हम पर ताजगी से उतरे। हम यीशु के नाम में मांगते हैं। आमीन।

10 अब मैं चाहता हूं कि शुभकामनायें उन कलीसियाओ को भी पहुंचे जो प्रांत में संचार व्यवस्था से जुड़े हैं। हम टेलीफोन से जुड़े हैं जो कि एक अच्छी व्यवस्था है जिसे कि हम अपने भाई पेरी ग्रीन के द्वारा पाने योग्य हुए हैं, ये माउंट, टेक्सास से। और कलीसिया जो पूरी रीती से संदेश का अनुकरण कर रही है, सारे संयुक्त राज्य में जो आज रात्रि जुड़े हुए हैं। हम शुभकामनायें भेजते हैं, ऊपर, नीचे पश्चिमी किनारे वेन्कुअर से नीचे तिजुअना मेक्सिको, सन जोसे से लॉस एंजेलीस वहां के सारे झुंड हम आपको शेवरेपोर्ट से शुभकामनाएं भेजते हैं। वे भी, जो प्रेस्कॉट, एरिजोना से होते हुए, जो सारा झुण्ड है, जो प्रभु पर निर्भर हुए है, हम आपको शुभकामनाएं भेजते हैं, और टूसान को सिएरा विस्ता को भी। सब को न्युयोर्क को ऊपर, नीचे सब जगह सारे राष्ट्र में प्रभु आपको आशीष दे प्रत्येक को, इच्छा है कि आज रात्रि आप यहां होते, और यह सुंदर पुराना प्रांत लुसीयाना का जहाँ मुझे अपना दूसरा घर लगता है... मैं...

11 आप जानते हैं, आप लोग जो न्यूयॉर्क में है, आप स्वयं अपने पर सब प्रकार का उपहास करते हैं, जिस प्रकार आप बोलते है। आज रात्रि मैं ठीक

अपने घर में हूं। हां। हर कोई यहां पर आप जानते हैं, उन्होंने कहा, "हेलो, प्रिय, भाई ब्रन्हम, आप बहन ब्रन्हम और सब छोटे—छोटे को लाये है, और हमसे मिलने आये है।" ओह! ये मुझे अच्छा लगता है। यह मेरे लिये वास्तविक अग्रेजी है। पूर्व और उत्तर में आप लोगो के अपमान में नहीं और विभिन्न स्थानों में। परंतु आप जानते है, मैं समझता हूं मैं उस पुराने मैं जन्मा हूं और इसी प्रकार से रहना है। मुझे—मुझे ये पसंद है। अपने में यह वास्तविक अंग्रेजी है।

12 मैं व्यापारी के नाश्ते पर था यहां अधिक समय नहीं हुआ, और उन्होंने कहा, "अब हम खड़े होंगे और राष्ट्रीय गान गायेंगे।" और मैंने खड़े होकर कहा, "अपने पुराने केन्टकी घर के लिए जो दूर है।" मेरे लिए वही राष्ट्रगान था जो मैं इसके विषय में जानता हूं। इसलिए, मैं शुभ कामनाये भेजता हूं। अब...

13 मैं विश्वास करता हूं कि इस नाश्ते की सभा का प्रसारण करने का यत्न कर रहे हैं, व्यापारी लोग, लोगों का नाश्ता, शनिवार प्रात:। भाई ग्रीन आपको बतायेंगे, जैसे कि अब वह वहां बाहर माइक पर है। इसलिए वह आपको बतायेंगे कि नाश्ता किस समय आरंभ होगा और किस समय, प्रत्येक रात्रि इस पर मिलाये। हम आपके धन्यवाद और आभारी हैं। हमारे लिए प्रार्थना करें।

14 अब यहां की आम सभा और भाई जैक जी का आराधनालय मैं आप से आज रात्रि एक सहयोग मांगता हूं। ये होने के नाते मैं आपको अपना धन्यवाद का संदेश देना चाहता हूं, सारे राष्ट्र में अपने आसपास की कलीसियाओ में जो संदेश का अनुकरण करती है। इसमें मैं—मैं थोड़ा लंबा हो सकता है। और तब फिर से मैं कोई शिक्षा प्रचार कर सकता हूं। यदि ऐसा है तो और आप इसके साथ सहमत नहीं है...

15 जैसे कि मैंने सदा चैरी का मुरब्बा खाने के विषय में कहा: "जब बीज आते हैं, तो मैं मुरब्बा फेक नहीं देता, मैं बीज फेंकता हू और मुरब्बा खाता चला जाता हूं।"

16 इसलिए यदि आज रात्रि ऐसा हो कि मैं किसी चीज का उल्लेख करूं मैं... यह भी एक कारण है कि आज रात्रि मैंने ये निमन्त्रण लिया है कि यहां होऊं कि अपना धन्यवाद का संदेश लाऊं उन सारे झुंडो के लिए जो समस्त राष्ट्र में है क्योंकि भाई जैक सदा स्वतंत्रता से अपना द्वार खोलते हैं, और

वे कहते, "जो आपके हृदय में है प्रचार करें।" इसलिए मैं स्वयं को घर में अनुभव करता हूं।

17 इसलिए ये यहां हो सकता है स्थानिय सभा में यहां भाई जैक के साथ कुछ सेवकगण और कुछ लोग हो सकते हैं, जो शिक्षा से असहमत होंगे। अधिकांश मैं निमन्त्रण देने वाले के प्रचार मंच से शिक्षा प्रचार नहीं करता जो मुझे बोलने को बुलाता है। इसलिए आज रात्रि के पश्चात मैं समझता हूं मैं बीमारों के लिए प्रार्थना कर रहा हूं और नियमित सभाये कर रहा हूं। परंतु मैंने सोचा कि आपको पहले ही बता दू यदि मैं कुछ कहूं जो असहमति वाला हो सकता है, क्यों, उसे मेरी अज्ञानता में होने दे मैं सोचता हूं और अधिक अच्छा नहीं जानता। और मेरे लिए प्रार्थना करें।

18 इसलिए अब वचन का एक अध्याय निकालें। मैं आज रात्रि बहुत स्थानों से उल्लेख करने जा रहा हूं, क्योंकि मेरे पास बहुत से लेख है और टिप्पणियां लिखी हुई है, यहां चिटो पर।

19 पहली बार मुझे स्मरण है, मैं लाइफ आराधनालय के प्रचार मंच पर चढ़ा 20 वर्ष पहले मुझे अपने तीन पवित्र लेख और संदर्भ नहीं लिखने पढ़ते थे मैं अब से 20 वर्ष छोटा था। परंतु अब मैं अपने 25 वर्ष बिता चुका, इसलिए मैं... दूसरी बार, इसलिए मुझे... स्मरण नहीं रख सकता, जैसे हुआ करता था। मुझे अपने पवित्र वचन लिखने होते हैं, और कभी–कभी दूसरे छोटे लेख लिखने पडते हैं, जिनका उल्लेख करना चाहता हूं।

20 अब प्रभु आशीष दे जब हम परमेश्वर के वचन में से पढ़ते हैं, और रोमियो की पुस्तक सातवां अध्याय। अब, मैं चाहता हूं कि संडे स्कूल के पाठ के समान पढ़ाऊं।

21 मैं जानता हूं वहां लोग खड़े हैं। और आराधनालय में अक्सर जैफरसन विले में हम आज रात्रि आप सबको शुभकामना देना चाहते हैं जानता हूं कि आराधनालय में संचार व्यवस्था से जुड़े हैं। प्रतीत होता है कि आराधनालय पर आज रात्रि यदि आप यहां थे लोग दीवारों के साथ और बाहर तक। अब मैं समझता हूं अब भी इसी प्रकार से है, सारे लोग जो राष्ट्र के उस भाग में है, जो संदेश के लिए आये हैं।

22 अब, हम संडे स्कूल के पाठ के समान करने जा रहे हैं। और ये किसी भी विशेष व्यक्ति या किसी दिशा या किसी चीज की ओर निर्देशित नहीं है, केवल कलीसिया को मसीह की देह जिसकी अगुवाई गहरे विचारों की ओर

ले जाने को कर रहे हैं और ऊँचे उद्देश्य, ये विश्वास करते हुए कि प्रभु यीशु का आगमन समीप है। हम विश्वास करते हैं कि ये 20 वर्ष पहले से अधिक समीप है, जो पहले बार था मैं शेरपोर्ट आया था, ओह, उस समय से बहुत कुछ घटित हुआ है! अब हम अपनी पीढ़ी में प्रभु के आगमन की राह देख रहे हैं, मैं अपनी पीढ़ी में बेदारी की राह नही देख रहे है। देख रहा हूं, मैं अपनी पीढ़ी में प्रभु के आने की राह देख रहा हूं।

23 अब रोमियो सात में विश्वास करता हूं कि आपने अपनी बाइबले खोल ली है, अब हर कहीं समस्त राष्ट्र में, हम अब आप ध्यान से पढ़ना चाहते हैं। ये संदेश यहां पर है यह प्रतीत होता है जैसे ये विवाह और तलाक पर है, परंतु वास्तव में यह नहीं है, मेरे लिए यह कलीसिया के लिए भविष्यवाणी है, अंतिम दिनों में। आइए हम पढ़े:

> *हे भाइयों, क्या तुम जानते (मैं व्यवस्था के जानने वाले से कहता हूं,) कि जब तुम मनुष्य जीवित रहता है तब तक उस पर व्यवस्था की प्रभुता रहती है?*
>
> *क्योंकि विवाहिता स्त्री व्यवस्था के अनुसार अपने पति के जीते जी उस से बंधी है, परन्तु यदि पति मर जाये, तो वह पति की व्यवस्था से छूट गई।*
>
> *सो यदि पति के जीते जी वह किसी दूसरे पुरुष की हो जाये, तो व्यभिचारिणी कहलाएगी; परंतु यदि पति मर जाये तो वह उस व्यवस्था से छूट गई, यहाँ तक कि यदि किसी दूसरे पुरुष की हो जाये, तौभी व्यभिचारणी ना ठहरेगी।*
>
> *सो हे मेरे भाइयों तुम भी मसीह कि देह के द्वारा व्यवस्था के लिए मरे हुए बन गए ताकि उस दूसरे के हो जाओ जो मरे हुओं में से जी उठा ताकि हम परमेश्वर के लिए फल लाए।*
>
> *क्योंकि जब हम शारीरिक थे... तो पापो की अभिलाषाये जो व्यवस्था के द्वारा थी; मृत्यु का फल उत्पन्न करने के लिए हमारे अंगों के काम करती थी।*
>
> *परंतु जिसके बंधन में हम थे उसके लिए मर कर अब व्यवस्था से ऐसे छूट गए कि लेख की पुरानी रीति पर नहीं बरन आत्मा की नई रीति पर सेवा करते हैं।*

24 और अब हम प्रार्थना करें।

25 प्रिय परमेश्वर हमने जो पढ़ा है जिसका कि हम परमेश्वर का पवित्र वचन होने का विश्वास करते हैं। और यही जो हम विश्वास कर रहे हैं कि एक बिंदु या एक उपनाम किसी भी प्रकार से नहीं टलेगा, जब तक कि पूरा नहीं जाये। और हम विश्वास करते हैं कि हमारे प्रभु ने हमें प्रकाशितवाक्य 22 वे अध्याय में बताया, कि, "जो भी इसमें से एक शब्द भी निकाले या इसमें एक शब्द मिलाएगा, उसका वही भाग जीवन की पुस्तक में से ले लिया जायेगा।"

26 और हम देखते हैं कि वचन के गलत प्रस्तुतीकरण के द्वारा जैसा कि शैतान ने हवा के सामने गलत प्रस्तुत किया एकवचन पर संदेह का कारण हुआ समस्त मानव जाति दूर्वव्यवस्था में गिर गई। केवल एक शब्द!

27 तब हम पुस्तक के बीच में देखते हैं, हमारा प्रभु और बचाने वाला आता है, इस विषय में हमें एक यह अवतरण दिया: "मनुष्य केवल रोटी से ही नहीं जीयेगा, परंतु हर वचन जो परमेश्वर के मुख से निकलता है।"

28 तब प्रभावशाली चेतावनी प्रकाशितवाक्य अंतिम पुस्तक यीशु मसीह का, "जो भी एक शब्द मिलाएगा या एक शब्द निकालेगा, उसका भाग जीवन की पुस्तक में से निकाल दिया जायेगा।"

29 ओह परमेश्वर, जानते हुए, देखते हुए कि हम कितने निर्बल है जानते हुए कि जीवन के कच्चे धागे पर चल रहे हैं, इस मरणहार जीवन में (ये ना जानते हुए कि हमें वहां ऊंचे पर उत्तर देने के लिए कब बुलाया जाने वाला है) ओह, प्रभु हमारे ह्रदय से हर चीज एक और रख दे, और हमारे मस्तिष्क से हर चीज और आज रात्रि सीधे आपके वचन को देखें, और आपके आगमन के लिए और जीवन देववाणी से इसे अनुवाद करें। इसे स्वीकार करें।

30 आपका पवित्र आत्मा हम पर उतरे और वचन को हमारे ह्रदय में अभिषिक्त करें, ताकि हम इस सांझ यहां से जा सके, अब से अच्छे मनुष्य होकर ताकि यीशु मसीह को समीप से देख सके। इसे प्रदान करें प्रभु ताकि हम समझ सके जिस दिन में हम रह रहे हैं, और इस घड़ी में परमेश्वर अपने लोगों को तैयार करें ये संकट भरा अंधेरे का समय जिस में अब हम रह रहे हैं। परमेश्वर इसे अभिषिक्त करें, केवल बोलने वाले को ही नहीं, परंतु सुनने वालों को और कुल मिलाकर हमारे ह्रदय आपके वचन से भययुक्त

हो। "क्योंकि परमेश्वर का भय बुद्धि का आरंभ है।" पिता, इन बातों को स्वीकार करें, क्योंकि हम ये यीशु के नाम में मांगते हैं। आमीन।

31 मैं इन कुछ टिप्पणियों को जो वह मैं यहां करने जा रहा हूं, ये यह शीर्षक देना चाहता हूं और कुछ पवित्र वचन जिनको मैं पीछे से देना चाहता हूं यदि प्रभु चाहेगा इस धन्यवाद के संदेश में अदृश्य, *मसीह की दुल्हन का अदृश्य मिलाप*। *मसीह की दुल्हन का अदृश्य मिलाप* धन्यवाद के संदेश का सा प्रतीत नहीं होता यद्यपि कोई भी वचन हम इस सब के लिए धन्यवादित है।

32 मैं परमेश्वर का आभारी हूं कि मैं संसार के इतिहास के समाप्त होने के दृश्य के समय में रह रहा हूं। मैं नहीं जानता। यदि मैंने जगत की उत्पत्ति से पहले ऐसा कहा होगा, और परमेश्वर ने सारी योजना मेरे लिए रखी होगी और मुझसे कहा, "मैं—मैं चाहता हूं कि तुम प्रचार करो, और अब कौन सा युग तुम चाहते हो कि पृथ्वी पर प्रचार के लिए जाओ? " मैंने यह युग चुना होगा, क्योंकि मैं सोचता हूं यह सुनहरा युग है।

33 निश्चय ही मैंने उसके पृथ्वी के आगमन के समय को चाहा होगा। परंतु, अब मैं इस समय सोचता हूं कि अब एक महान समय है, क्योंकि ये समय है कि वह अपने छुडाये हुओं को लेने आ रहा है, पुनरुत्थान के समीप जब सारे छुड़ाये हुए आयेंगे। हमारे पास क्या ही महिमा युक्त सुअवसर है कि मरते हुये लोगो से बात करें, महान समय! हम इस विषय में उत्साहित है।

34 और हम जानते हैं कि इतिहास बंद हो रहा है। संसार का इतिहास जल्द ही पूरा हो जायेगा, तब हम नये दिन में कदम रखने जा रहे हैं, उस महान सहस्त्रशताब्दी में। कि, एक विश्वासी के समान, मैं सहस्त्रशताब्दी में विश्वास करता हूं, सहस्त्रशताब्दी का राज्य मसीह का राज्य इस पृथ्वी पर हजार वर्ष; प्रभु यीशु की शारीरिक वापसी कि शारीरिक लोगों को ले, महिमा से भरे, उसके शुद्ध करने वाले लहू से।

35 पौलुस यहां चित्रण दे रहा है, हमारे पवित्र वचन में, उस व्यवस्था और अनुग्रह के विषय में। और इसका विवाह और तलाक के समान चित्रण कर रहा है। यह लेखांश बहुत कम प्रचार किया है, क्योंकि ये बहुत कुछ विवाह तलाक का भाग जैसा है। परंतु यह विवाह और तलाक का भी महान भाग है कि कैसे ये यहां इसे हमें व्यवस्थित करने का यत्न कर रहे है, जैसे—जैसे एक कलीसिया के समान, एक ही समय में, संसार से और मसीह से और

विवाहित नहीं हो सकते, और—और इस विषय में वैध और कानून थे तब यह स्त्री के लिए हो सकता है कि पति के साथ रह रही हो जब की उसका पति जीवित है। और इसके लिए मेरे अपने विचार है और मैं विश्वास करता हूं कि जो बाइबल कहती है वहीं सत्य है।

36 अब मैं यह भी विश्वास करता हूं, मेरे विश्वास में है कि ये भविष्यवाणी की एक महान भेद को खोलता है। और मैं आशा करता हूं कि प्रभु आज रात्रि हमारी सहायता करेगा, जैसे कि ये हम अपने प्रतीक्षा करते हुए, लोगों को जो देश के उस पार है देते हैं।

37 एक बार यह कहा गया, (जब मैं इसके लिए टिप्पणी लिख रहा था, मैं पढ़ रहा था, सही पुस्तक का नाम स्मरण नहीं कर सक रहा हूं जो इसमें है, परंतु मैं—मैं निश्चित हूं ये ठीक है), कि (पुस्तकों में से एक जो मैं श्री मूडी पर मैंने पढ़ी डिवाइट मूड़ी शिकागो में; हमारी सुनने वाली एक महान कलीसिया शिकागो में भी है आज रात्रि) कि, श्री मूड़ी रोमियो सात पढ़ने के बाद सड़क पर भागे, और पहला मनुष्य जो उन्हें मिला, उससे उन्होंने कहा, "क्या तुम अनुग्रह को जानते हो?"

और उस पुरुष ने उत्तर दिया, "कौन अनुग्रह?"

श्री मूड़ी ने कहा, "परमेश्वर का अनुग्रह।"

38 इसलिए, वह इतना उत्तेजित हुआ जब उसने देखा कि क्या है कि कैसे अनुग्रह ने हमें व्यवस्था से अलग किया और कैसे कि अनुग्रह ने क्या ही कार्य किया है। अब, कोई चीज जो मैं करना चाहता हूं जब... मैंने सदा लोगों को बताया, जब मैंने रेखा पार कर उस पार, मैं खड़े होकर गाना चाहता हूं:

आश्चर्यजनक अनुग्रह! कितना मीठा सुन पड़ता है,
जिसने मुझे जैसे अभागे को बचाया!
अनुग्रह, कीमती अनुग्रह!
अनुग्रह के विषय में और जानना!

39 "क्योंकि अनुग्रह ही से हम बचाए गए; ताकि जो हम कर सकते हैं," जो हम कर सकते जो भी हम करते हैं, यह हमारे लिए नहीं गिना गया, अनुग्रह वह है जो हमें बचाता है, "अनुग्रह के द्वारा तुम्हारा उद्धार हुआ, विश्वास से।"

40 मैं इस महिला में कुछ और मिलाऊं, अनुग्रह में, मैं इसे बाइबल में भी रखू चुनी हुई महिला कहलाई यह कुमारी अनुग्रह जिसके विषय में, मैं बातें करने जा रहा हूं। जानते हैं बाइबल घोषणा करती है, कहा, "चुनी हुई महिला।" कि, यदि आप ध्यान दें, "चुनी" शब्द "चुनी हुई महिला" से आया है। एक महिला, और सारी महिलाओं में से चुनी गई थी।

41 जैसे कुंवारी को परमेश्वर की देह लानी थी, पृथ्वी पर वह चुनी हुयी स्त्री थी। परमेश्वर ने मरियम को चुना।

42 और परमेश्वर ने एक चुनी हुई स्त्री को भी चुना जो कि दुल्हन है। वह चुनी हुई है मैं आशा करता हूं कि हम आज रात्रि उसके सदस्य है, समस्त संसार में, बल्कि समस्त राष्ट्र।

43 चित्रण यहां है दुल्हन का मसीह के साथ संबंध इसको दर्शा रहा है, चुनी हुई महिला: और कैसे वह उसके पास लाई जायेगी; वह कहां से आयेगी और कैसे वह उसके पास लाई जायेगी। यहां चित्रण में कलीसिया जो हमें दृश्य मिला ये स्त्री से चित्रित किया गया है, स्त्री जो सदा कलीसिया का प्रतीक है, क्योंकि कलीसिया को दुल्हन समझा गया है। एक दुल्हन, वह प्रभु यीशु की दुल्हन है, परमेश्वर का पुत्र।

44 सदा, यदि आप ध्यान करेंगे, स्त्रियों की स्थिति और आचरण पर ध्यान दें, और आप देखेंगे कि कलीसिया कहां है।

45 अब, इनमें से कुछ टिप्पणियां आप में से कुछ को विचित्र प्रतीत होगी, परंतु यह संदेश का पूरक है, जो मुझे प्रभु से मिला जो कि मैं लोगों को देना चाहता हूं। समझे? आप देखते हैं हर चीज स्वाभाविक है, ये कैसे घटित हो रहा है, स्वाभाविक और इसे देखें, निश्चय ही ये आत्मिक में भी चलता है।

46 अब, यदि आप आज संसार में स्त्रियों का चरित्र देखेंगे आज सांसारिक कलीसिया का चरित्र देखिए, ध्यान दें। निसंदेह, अब, आत्मिक दुल्हन का भी चरित्र है, कलीसिया का। समझे? इस पर भी ध्यान दें। [टेप में खाली स्थान—सम्पा।] क्योंकि, स्वाभाविक ऐसी कहलाती है, दुल्हन होने का दावा करती है।

47 अब, कृपया मुझे फिर से कहने दे स्थानिय कलीसिया से। अब बुरा ना माने। मैं—मैं बाहर समस्त देश से कह रहा हूं, जिसको मैं सोचता हूं कि

चुनी हुई महिला है। इसलिए यदि यहां सेवक हो जो सहमत ना हो, थोड़ी देर के लिए शांति बनाए रखें। समझे? ध्यान दें। सुनिये।

48 ध्यान दे यह चरित्र। जब आप स्त्रियों.को क्रोध में होते हुए देखें, बस जो चाहे वह करें, ध्यान दें, तो कलीसिया वही चीज कर रही है। ध्यान दें।

49 परंतु ध्यान दें जब आत्मिक दुल्हन जब उसमें बेदारी आने लगे जब वह स्वयं को परमेश्वर के वचन कि पंक्ति में लाने लगे। तब फिर ध्यान दें, आप देखिए, कैसे पवित्र वचन उस समय तब संदेश होगा दुल्हन को उठाने के लिए छा जायेगा कि उस महिला को उठा ले, चुनी हुई को।

50 क्योंकि, जैसे संसार, शैतान ने, जिसने पहली दुल्हन को धोखा दिया कि परमेश्वर के विरोध में पाप करें, परमेश्वर के वचन का अविश्वास करने के द्वारा...

51 और अब, आज जैसे कि हम स्वाभाविक कलीसिया आपके बुद्धिमानी के सुसमाचार में वचन से और और दूर होते चले जा रहे हैं, सामाजिक सुसमाचार में; हम संसार की स्त्रियों को सड़कों पर पाते हैं ऐसो की सदस्यता स्वयं को उसी वातावरण में चल रहे हैं। आप उन्हें नहीं बता सकते। उन्होंने साधारण शिष्टाचार की सारी इंद्रियों को खो दिया है, जो लोगों में होती है। देखा? और इसी प्रकार से कलीसिया है। और आप उन्हें सीधा–सीधा एकुयमिनिकल काउंसिल में जाते हुए देख सकते हैं, जैसे कि संसार में कोई चीज निश्चित होती है, और सीधे रोम में जितनी यत्न से ये जा सकती है, देखिए, क्योंकि यह भविष्यवाणी है। और वह वहां है। यह उसका व्यवहार है।

52 परंतु फिर आत्मिक कलीसिया पर ध्यान दें, कैसे लोगों का झुंड हम बेदारी में से होते हुए बाहर बुलाया गया चुना गया। मार्टिन लूथर के में ऐसा ही हुआ उसी प्रकार से सुधार में। यही चीज जॉन वेसली के समय में हुई। यही चीज जब पहले पेन्टीकोस्टल के समय में घटित हुई। उन्होंने उन स्त्रियों को वचन की पंक्ति में खड़ा कर दिया और फिर वे भटक गई, वे फिर उसी अव्यवस्था में वापस चली गई। परंतु फिर वह समय कि लोग पंक्ति में आने को तैयार है एक संदेश है, जो आया और वे उसके साथ पंक्तिबद्ध हो गए।

53 लूथर एक दिन का संदेश वाहक था, न्यायोचितता का, और कलीसिया उसके साथ पंक्ति बद्ध हो गई उन में से कुछ बाकी निरंतर चलते रहे।

वैसली पवित्रीकरण के साथ आया कलीसिया उसके साथ पंक्तिबद्ध हो गई। पेन्टीकोस्ट वरदानों की वापसी के साथ आये कलीसिया उसके साथ पंक्तिबद्ध हो गई, उस समय के चुने हुए; और फिर धूमिल हो गए, फिर से नामधारीवाद में चले गये, और बाकियों के साथ हो लिये सारे उस पंक्ति में चले गए।

54 अब, परंतु ध्यान दें, जब लोगों ने वचन के साथ पंक्तिबद्ध होने का प्रयत्न किया तो परमेश्वर के वचन से ताजा संदेश आता है सीधा लोगों के पास। और वे संदेश पकड़ते और हर बार पंक्तिबद्ध होते हैं। ये परमेश्वर कि... ये हमारे पास।

55 हमारे पास परिवार है। हर परिवार में यहां रीति रिवाज है कभी कभी सारी चीजें आपके लिए वर्षो अच्छी चलेगी। तब, अचानक से आपको झटका लगेगा, यहां हम दक्षिण में बहुत बार कहते हैं, "जब वर्षा होती है, ये मुसलाधार," और हर चीज गड़बड़ हो जाती है। आप रात्रि के समय से निकल रहे हैं। तब वहां पौ फटती है, फिर रात्रि का समय। हर चीज निरंतरता में चलती है।

56 भविष्यवक्ता पौलुस यहाँ कह रहा है कि एक स्त्री जब तक उसका पति मर ना जाये फिर विवाह नहीं कर सकती, जब तक उसका पहला पति जीवित है। वह दुबारा विवाह नहीं कर सकती वह किसी भी परिस्थिति में जब तक उसका पहला पति जीवित है, उसे अकेला रहना है। और यदि उसे ऐसा पाप करना ही है "वह व्यभिचारिणी कहलाएगी।" मैं स्वाभाविक रीति पर बोल रहा हूं कि आत्मिक का नमूना हो। यदि यह स्त्री इस प्रकार का पाप करती है, तो वह चिह्नित हो गई, "एक व्यभिचारिणी," यदि उसके एक ही समय में दो जीवित पति है। इसलिए यह करने के द्वारा वह अपना अधिकार परमेश्वर और स्वर्ग के प्रति त्याग देती। निश्चित ही। वह परमेश्वर की व्यवस्था से बाहर हो गई उस वचन के अनुसार जो मैंने अभी अभी पढ़ा।

57 इसी प्रकार कलीसिया जब वह मतसार और नामधारी को परमेश्वर के वचन के साथ मिलाने का यत्न करती है, वह नामधारी से विवाह नहीं कर सकती और एक ही समय मसीह की दुल्हन बनी रहे, उसे एक ओर होना ही है, यहां नियम यह कहता है। परमेश्वर के वचन में बहुत सारे नियम है। और यह उसका नियम है पौलुस यही बात यहां कह रहा है। वह सांसारिक मतसार की कलीसिया से विवाह नहीं कर सकती और मसीह कि

दुल्हन बनी रहे, क्योंकि वह (कलीसिया) एक दूसरे के विपरीत है। अब, स्मरण रखें।

कहते हैं, “भई, हम *यह* विश्वास करते हैं, परंतु हम *यह* विश्वास नहीं करते।”

58 यदि आप मसीह से विवाहित है मसीह परमेश्वर का वचन है। संत यूहन्ना पहला अध्याय में कहा, “आदि में वचन था, और वचन परमेश्वर के संग था, और वचन परमेश्वर था, और वही देह बना और हमारे मध्य में रहा।” मसीह जीवित वचन था, वह सदा से वचन था, वह अब भी वचन है वो सदा वचन ही रहेगा। वह केवल परमेश्वर के गुणों का प्रगटीकरण था, क्योंकि वह परमेश्वर का पुत्र था।

59 और कोई भी पुत्र अपने पिता का गुण है और जैसे कि आप अपने पिता के जीवांश में थे अपने पिता की देह में जब वह युवा लड़का था आप उसमें थे। फिर भी, वह आपके साथ संगति नहीं कर सका क्योंकि उसने आपको नहीं जाना। परंतु फिर एक मां के बोने के स्थान में आप पृथ्वी पर लाए गए और अपने पिता कि छवि बने, तब वह आपके साथ संगति कर सका।

60 और ऐसे ही आप परमेश्वर के पुत्र और पुत्रियां थे, इसके पहले कि चांद सितारे या अणु भी होता आप परमेश्वर के पुत्र और पुत्रियां थे, क्योंकि आप केवल आरंभ के परमेश्वर के गुणों में के भौतिक प्रगटीकरण थे। क्योंकि, अनंत जीवन का केवल एक ही रूप है, और वह आप पहले से थे, आप नहीं जानते इस विषय में कुछ नहीं जानते ना हीं आप ये जान पाए कि आप कब अपने पृथ्वी के पिता में थे, क्योंकि आप भी उसकी छवि में थे। आप परमेश्वर की छवि में बने और आप परमेश्वर की महिमा और संगति के लिए प्रगट हुए।

61 और, इसलिए जैसे निश्चित रूप से आपका जीवांश आपके पिता में था, आपके प्राकृतिक जन्म के पहले आपका आत्मिक जीवांश परमेश्वर में होना था, क्योंकि आप गुणो का प्रगटीकरण है, उसके विचारों का संसार की सृष्टि से पहले, ठीक है। और कोई विधि नहीं। ये ठीक बात है। अब, हम ये ध्यान देते तब आप में जीवन आरंभ हुआ परमेश्वर का जीवन आप में आरंभ हुआ संसार के रचना से पहले।

62 अब, आप नामधारी मतसार को वचन के साथ नहीं मिला सकते, क्योंकि ये बहुत ही विपरीत है, एक दूसरे से।

63 यही जो शैतान ने अपनी बुद्धिमानी अवधारणा से करने का यत्न किया हवा के संग। उसने कहा... उसने स्वीकार किया कि परमेश्वर ने ये कहा, परंतु उसने कहा, "निश्चय ही तुम ना मरोगे।" समझे? और उन्होंने इसका विश्वास किया।

64 और आज रात्रि मतसार ने यही किया। नामधारी ने लोगों को परमेश्वर के वचन से अलग कर दिया। क्या यीशु ने नहीं कहा, "जब वह आता है, तुमने अपने रीति रिवाजों से परमेश्वर की आज्ञाओं को लोगों के लिए प्रभाव रहित बना दिया"? [सभा "आमीन" कहती है—सम्पा।] और हमारी मातसार से हमने पवित्र आत्मा के संगति को परमेश्वर के वचन के अभिषेक को छिन्न भिन्न कर दिया जो इस पीढ़ी के लिए बंधा हुआ था। हमने लोगों को इस प्रकार अलग कर दिया, नामधारी के द्वारा कि उन्हें इसे देखने का अवसर ना मिल सके।

65 अब, परमेश्वर वह प्रत्येक पीढ़ी में, उसने अपनी पुस्तक का नया भाग मिलाया। ये सब साथ मिलकर चलता है।

66 जैसे कि मेरी देह बनी, मुझे बताया गया, ये रीढ़ से आरंभ होता है, परंतु ये सब रीढ़ नहीं था। ये उससे पसली में गया और फेफड़ों से हाथों बाहों और पैर और आदि–आदि और ये मुझ व्यक्ति में निकल कर आया

67 और इसी प्रकार परमेश्वर आरंभ में प्रगट हुआ और अंततः वह यहोवा के समान प्रगट हुआ, परमेश्वर पिता फिर वह परमेश्वर पुत्र यीशु मसीह में प्रगट हुआ। अब वह परमेश्वर पवित्र आत्मा के समान प्रगट हुआ। वही परमेश्वर सारे समय, तीन प्रगटीकरण एक ही परमेश्वर के।

68 अब, हम इसमें पाते हैं कि प्रत्येक पीढ़ी को, परमेश्वर ने अपना वचन का भाग आरंभ से दिया।

69 जैसे कि विकास आया। जैसे कि परमेश्वर ने पहली चीज सृजी, सम्भवत:... मान ले कि उसने वनस्पति जीवन पहले सृजा। फिर उसने पशु जीवन की सृष्टि की। फिर उसने मनुष्य का जीवन सिरजा। अगला, विकास क्रम का प्रकार, ऊपर उठ रहा है।

70 इस प्रकार से यह परमेश्वर में था और उसकी कलीसिया में था। न्यायोचितता लूथर से, पवित्र... ये उसकी दुल्हन को बाहर खींच रहा

था, अब वह अपनी दुल्हन की रचना कर रहा है, न्यायोचितता लूथर की अधीनता में पवित्रीकरण वैसली की अधीनता में; और आदि–आदि आप देखते हैं। वह आत्मा का विकास क्रम और–और अधिक दिया जा रहा है, क्योंकि देह बन रही है, सिर तक आ रही है जो कि मसीह है, मसीह की देह।

71 अब, वह एक स्त्री के समान, यदि वह मसीह, वचन से विवाहित है, वह एक ही समय में नामधारी कलीसिया से विवाह नहीं कर सकती, क्योंकि वह इससे बंधी है। वह... एक ही समय में दो पतियों के संग नहीं रह सकती, वे एक दूसरे के विपरीत है। एक परमेश्वर का भेजा हुआ, दूसरा मनुष्य का बनाया हुआ, इसलिए वे विपरीत है। कहा, "हर मनुष्य का वचन झूठा; और मेरा सच्चा।" यह परमेश्वर ने कहा।

72 जितने वे एक दूसरे के विपरीत है, जैसे व्यवस्था अनुग्रह के जैसा पौलुस यहा बोल रहा है। एक को मरना ही चाहिये कि दूसरे को ले। "और यदि वह उन्हें मिलाने का यत्न करती है, वह व्यभिचारिणी कहलायेगी।" ओह! इस पर विचार करें। न्यूयोर्क, एरिजोना समस्त राष्ट्र इस पर विचार करें। परमेश्वर ने कहा, "यदि वह एक ही समय में दो से विवाहित होने का यत्न कर रही है वह व्यभिचारिणी कहलाएगी।" क्या व्यभिचारणी स्वर्ग में प्रवेश कर सकती है? क्या परमेश्वर एक व्यभिचारणी से विवाह करेगा? निश्चय ही नहीं, उसने हमें यह करने को मना किया है। "वह व्यभिचारिणी कहलाएगी।"

73 तो, फिर उसके बालक, यदि वह व्यभिचारणी है, उसके बालक अवैध है अवैध! किसके लिए अवैध? कलीसिया के लिए नहीं, परंतु वचन के लिए। वह अवैध है। यहाँ प्रकाशितवाक्य 3 का क्या ही चित्रण है, अंत के दिन का लोदेकिया कलीसियायी युग, क्या ही अवैध झुंड! क्या ही मिलावटी नामधारी! गुनगुना, चल रहे हैं और स्वयं को मसीही कहते हैं, और परमेश्वर के वचन का इनकार करते हैं, "भक्ति का भेष रखते हैं उसकी सामर्थ का इनकार करते हैं," जैसा कि भविष्यवक्ता ने कहा, वे करेंगे।

74 संसार में विवाह सबसे पुरानी संस्था है। सबसे पहले विवाह किया गया, और अदन वाटिका में स्थापित किया।

75 एक स्त्री को निश्चित चरित्र सौपे गए हैं कि उसे दूषित नहीं होना चाहिये। एक स्त्री उसमें विश्वासयोग्य हो। पृथ्वी पर स्त्री के समान कोई भी प्राणी

नहीं कोई कुत्तिया नहीं किसी भी प्रकार की मादा नहीं, जिसे चरित्र सौपे गए हो, जो स्त्री को।

76 एक स्त्री सृष्टि के आरंभ में भी नहीं थी क्योंकि परमेश्वर जानता था कि वह गिर जायेगी। और सारी मादाये व्यभिचार नहीं कर सकती। केवल यही है जो व्यभिचार कर सकती है। यदि वह मूल के समान बनाई जाती तो वह परमेश्वर के महान बुद्धि की आलोचनात्मक नहीं होती। समझे? वह पुरुष का एक उपफल बनाई गई।

77 परंतु क्योंकि वह उस और ढाली गई उसे परमेश्वर की ओर से पवित्र जिम्मेदारी भी दी गई, छुटकारे के लिए। उसे चरित्र दिए गए कि उसे दूषित नहीं होना चाहिये।

78 यदि वह उन्हें खराब नहीं करेगी, वह जीवन भर के लिए दूषित है, कोई मतलब नहीं उसे कितना भी क्षमा किया जाये, वह न्यायोचित नहीं हो सकती, इस पर मैं थोड़ा बहुत जोर दूंगा, इस पर पवित्र लेख है कुछ ही मिनटों में वह अपने दूषित होने पर क्षमा की जा सकती है, परंतु इस जीवन में दोषमुक्त नहीं हो सकती, ये सदा उसके संग रहेगा। अब ध्यान दें। उसे यह दिया गया है, वह क्षमा की जा सकती है, पर दोषमुक्त नहीं।

79 उसका शरीर उसको... परमेश्वर की ओर से एक पवित्र धरोहर दिया गया। कुत्तिया नहीं, चिड़िया नहीं, कोई दूसरा जानवर नहीं, कोई दूसरा प्राणी नहीं, इस प्रकार का नहीं, केवल वही एक। उसके द्वारा, वह... कारण कि इतनी पवित्र है उसे पृथ्वी पर जीवन लाना है। उसकी देह जीवन पालन का स्थान है, इसलिए इस कारण उसे पवित्र धरोहर दी गई।

80 अब यहां जहां आप में से बहुत से असहमत हो सकते हैं, आप धर्म वैज्ञानिक लोग, यही जिसने समस्त मानव जाति को दूषित कर दिया, क्या यही व्यभिचार आरंभ में था। उसकी उर्वरता का निषेचन हुआ। उसने जुड़वाओ को जन्म दिया कैन और हाबिल। एक क्रिया, दो बालक। पवित्र वचन में खोजें। ओह।

81 अब ध्यान दें। हम पाते हैं कि उसका शरीर उपजाऊ भूमि है, इसलिए यह पवित्र विश्वास है कि दूषित ना किया जाये। अब मैं यह उदाहरण के लिए बोल रहा हूं यह दिखाने के लिए कि कलीसिया कहां खड़ी है। मैं आप महिलाओं के विषय में नहीं बोल रहा हूं। आप जो भी है यह आपके और

परमेश्वर की बीच है या, आप पुरुषों। परंतु मैं कलीसिया और मसीह के लिए बोल रहा हूं।

82 अब, ये उसको दिया गया है कि जीवन को लाए जो कि केवल परमेश्वर स्वयं दे सकता है। उसका पति जीवांश रख सकता है, परंतु जीवन परमेश्वर को ही उत्पन्न करना होता है यह सही इसे आना ही है, सारे जीवन परमेश्वर की ही ओर से बातें है। कोई जीवन हो परमेश्वर की ओर ही से आना होता है। यह दूषित हुआ यही जो पापमय बनता है, परंतु जीवन परमेश्वर की ओर से आता है। वह जीवन का रचियता है। अब वह...

83 मैं तीन चीजों को बताना चाहता हूं, जिससे उसे अलग नहीं होना चाहिये। अब, मैं बोल रहा हूं कि कलीसिया को मस्तिष्क में रखें, जबकि मैं यह स्वाभाविक स्त्री के लिए बोल रहा हूं, जैसे कि पौलूस यहां है, रोमियो का सातवां अध्याय।

84 उसका पवित्र विश्वास गुण उसे उसके प्रभु के द्वारा सौंपा गया एक विशेष सद्गुण। इसे कोई नहीं रखता, सिवाये स्त्री के। उसे उस नैतिक सद्गुण को दूषित नहीं करना चाहिये, उसे प्रभु की ओर से सौपा गया।

85 यदि वह कुछ गलत करती है, तो उसे अपने पति के सामने स्वीकार कर लेना चाहिये इसके पहले कि पहले कि वह उसे ग्रहण करें, और इसे ठीक करें। वैसे ही जैसे कलीसिया जो व्यवस्था से विवाहित थी, उसको भी मसीह के सन्मुख आना चाहिये दूसरे विवाह से पहले। उसे यह स्वीकार करना है। यदि वह नहीं करती और वह अपने पति के संग दस वर्ष रहती है और फिर स्वीकार करती है उसे अधिकार है कि उसे छोड़ कर दूसरी स्त्री से विवाह करें। यह वचन है। व्यभिचार दूषित जीवन है।

86 "युसूफ, अपने पत्नी को अपने यहां ले आने से मत डर, क्योंकि जो उसके गर्भ में है, वह पवित्र आत्मा का है।" वह उसे चुपके से छोड़ देना चाहता था, देखिए, उसकी मंगनी हो चुकी थी। जब आपकी उससे मंगनी हो गई तो जहां तक परमेश्वर का संबंध है आपका उससे विवाह हो गया।

87 अब ध्यान दें उसके पास पवित्र नैतिक गुण था, जो उसे दिया गया था प्रभु से उसे मिला था, परमेश्वर ने उसे यह गुण दिया, जैसे अदन वाटिका में वह "हां" या "ना" कह सकती थी। उसके पास स्त्रीत्व का पवित्र विश्वास था, उसे समर्पित था, जिसे उसे तोडना नहीं था, स्त्रीत्व से मेरा अर्थ यहां

बोलने का उसका आचरण, उसका चरित्र आसपास के लोगों में। हर कोई पुरुष नहीं...

88 इन पर्दो पर देखें और चलचित्र के सितारे चुंबन कर रहे हैं, और गले लगा रहे हैं, और नीचे जा रहे हैं, और चारो ओर इन स्त्रियों के संग खराब चरित्र की स्त्री यह करती है। वह गुणवान हो सकती है, नहीं तो। परंतु, देखिए उसके ह्रदय में... जब वे ग्रंथियां यौन ग्रंथियां होठों में है, पुरुष स्त्री का चुम्बन करता है, वास्तव में वह संभावित व्यभिचार कर चुका। यौन ग्रंथियां स्त्री के होठों में है, और पुरुष के होठों में। वह उसके हाथ पर चुंबन कर सकता है, यह यौन ग्रंथियों का मिश्रण नहीं होगा, परंतु होठों में यौन ग्रंथियां होती है। और सब ये निर्थक बातें देखिए, आज हॉलीवुड सारी गिरावटो का और चारों और महिलाओं से प्रेम और छोटी–छोटी लड़कियां ये सब आदि–आदि को देख रही है। कोई आश्चर्य नहीं हमारे आचरण सब और बर्बाद हो गए हैं, और गंदगी, देखिए, क्योंकि यह बालकों के सामने रखते हैं, ये ठीक बात है, अंतिम दिन के लिए ये इसी प्रकार होना चाहिये।

89 अब कलीसिया को मस्तिष्क में रखें, वह चूम रही है और नीचे जा रही है, और वचन को छोड़ चारों और सबसे घुल मिल रही है, शैतान को और शिक्षा और वैज्ञानिक खोजें और आदि–आदि।

90 जब वैज्ञानिक, शिक्षा हर चीज परमेश्वर के बिल्कुल विरोध में है, सभ्यता का सारा तंत्र जो अब हमारे पास है, पूर्णता मसीह विरोधी है। शिक्षा तंत्र मसीह विरोधी है। सभ्यता मसीह विरोधी है। ये परमेश्वर के विरोध में है। आप कहते हैं "सभ्यता के विरोध में? " इन्ही किन्ही दिनों में, परमेश्वर की सभ्यता होगी उसमें मृत्यु का कोई संबंध नहीं होगा। ये आधुनिक सभ्यता शैतान के द्वारा आई है। मैं आपको ये सिद्ध कर दूंगा, यदि आज रात्रि प्रभु चाहेगा तो बाइबल से। सारी चीजें शैतान की है। हमारी नई सभ्यता में इसका उसमें कुछ नहीं

उसके पास ये पवित्र स्त्रीत्व है।

91 कोई आश्चर्य नहीं कि पुरुष स्त्रियों के आस पास इस प्रकार करते हैं, क्योंकि स्त्रिया पुरुषों के आसपास जिस प्रकार वे करती है। वह स्वयं का आचरण उन छोटे छोटे वस्त्रों और कसे हुए वस्त्रों को पहन कर पुरुषों के कपड़े और आदि चीजें सड़कों पर मटकती फिरती है। कोई मतलब नहीं वह क्या करती है, वह अपने पति के लिए गुणकारी हो सकती है, परंतु

परमेश्वर की दृष्टि में "वह एक व्यभिचारणी है।" "जो कोई भी कुदृष्टि से स्त्री को देखता है, वह अपने ह्रदय में उसके संग व्यभिचार कर चुका।" और उसने स्वयं को इसलिए रखा।

और यही ठीक जो कलीसिया ने संसार के साथ किया।

92 ध्यान दे। यह उसे पवित्र गुण समर्पित किया गया है पवित्र स्त्रीत्व और पवित्र मातृत्व, अपने पति के लिए आदर।

93 जरा आज देखें निश्चित नगरों में, बहुत से नगरों में उनकी बड़ी-बड़ी दावते जिसको समाज में कहते हैं, कलीसिया के सदस्य भी। अपनी टोपियां नीचे फर्श पर रखते हैं, और वे सब शराब पी लेते, और अपनी-अपनी चाबियां उन में डाल देते प्रत्येक स्त्री जाति और टोपी में से चाबी निकालती, सप्ताह के अंत में वह जिस पुरुष के संग रहेगी। इस प्रकार की दावते! जिसके लिए मेरे पास यहां कहने के लिए बहुत है, यदि प्रभु चाहेगा, ऐसी गंदगी इसमें जाने के लिए मेरे पास समय नहीं है!

94 और कलीसियाये ऐसी खराब, हर चीज के साथ व्यभिचार कर रही है, और उसका ऐसे में जाने का कोई काम नहीं। उसे वचन के साथ टिकना चाहिये।

95 इमारते ठीक है। चिकित्सालय ठीक है। और सारी चीजें ठीक है। शिक्षा की योजनायें ठीक है। हमें यहां पर जीना है, पढ़ना, लिखना है। यह व्यवस्था है।

96 जैसे कि आरंभ में हमें कोई कपड़े पहनने में नहीं थे, इस सप्ताह के अंत में मैं इस पर प्रचार करूंगा प्रभु ने चाहा। परंतु हमें कपड़े पहनने हैं, क्योंकि परमेश्वर ने हमें कपड़े दिए हैं। परंतु आरंभ में, हमें उनकी आवश्यक नहीं थी, हम ढके हुए थे।

97 अब वह अपने पाप से ढकी है, वह यह भी नहीं जानती कि वह पाप कर रही है, देखिए, जैसे वह तब थी... अब वह शैतान के द्वारा ढकी हुई है; तब वह परमेश्वर के द्वारा ढकी थी। इसका अंतर है।

98 अब हम पाते हैं कि उसे पवित्र विश्वास दिया गया है, जिसे उसे तोड़ना नहीं चाहिये: स्त्रीत्व का, व्यवहार उसका अपना चरित्र, अपने बालको का पालन पोषण करें, अपने पति के लिए सम्मानित।

99 आज कल वे इस पर कुछ अधिक ध्यान देते हैं, संसार की ओर किसी चीज पर नहीं, आपको कभी मेरे कार्यलय कक्ष में बैठना चाहिये और देखें कि पुरुष अपनी पत्नियों को लाते हैं, जहां वे स्वयं को परमेश्वर के साथ सही करना चाहते हैं, और सारे उन पुरुषों के साथ रही है स्वीकार करती है, और सब कुछ जब से उनका विवाह हुआ "ओह," आप कहते हैं, "यह... " नहीं। वे पेंटीकोस्टल है। ओह। दुसरे नहीं आयेंगे। इसलिए ये...

100 यह कैसे दूर हो सकता जबकी आप संसार के साथ मिल रहे हैं, कलीसिया और सारे फैशन और चीजें जो हमारी है, मैं इस विषय में बोल रहा हूं। हम मूल पेन्टीकोस्टल के समान नहीं रहे, जैसे दिन रात से। हम कहीं भटक गए हैं किसी अंधकार उथल पुथल में कहीं और खो गए।

101 क्या ही पवित्र विश्वास! स्त्री पर कितनी जवाब देही, अब देखें, क्यों वह कलीसिया का प्रतीक है, जिसके पास भी वही जिम्मेदारी है। जैसे स्त्री के पास पवित्र जिम्मेदारी है, उसके स्त्रीत्व को उसके गुण उसके पति के लिए कलीसिया की भी पवित्र जवाब देही प्रार्थना और वचन के लिए और मसीह, वैसे ही जैसे स्त्री के पास है।

102 और जैसे स्त्री दूसरे पुरुष के साथ राह से हट जाती है; जब कलीसिया इन संस्थागत योजनाओं में चली जाती है और योजनाओं को बनाने में और विद्यालय और आदि–आदि। मेरे पास उनके विरोध में कुछ नहीं है। वे ठीक है। वे अपना उद्देश्य पूरा करते हैं। परंतु वे नहीं है...

103 यीशु ने कभी नहीं कहा, "जाओ और विद्यालय बनाओ।" उसने कहा, "वचन प्रचार करो।"

104 यही जहां वे उस पर ध्यान नहीं देते। संस्थाये विद्यालय और आदि–आदि बनाना नहीं। वे ठीक है, परंतु ये कलीसिया का कर्तव्य नहीं। उनका कर्तव्य सुसमाचार प्रचार करना है, हमने इसे छोड़ सब कुछ किया है। और हम भटक गए, जैसा कि शैतान ने किया और इसे किसी किसी सुसमाचार के साथ मिला दिया, किसी किसी चीजों के साथ जब तक ये कुछ नहीं सडाहट का मिलावट नहीं हो गया, हमारा समस्त, समस्त संसार! संसार का चलन देखे।

105 अधिक समय नहीं हुआ, *रीडर डाइजेस्ट* पढ़ते हुए, जहां कि युवा लड़कियां रजोनिवृत्ति में जा रही है, और पुरुषों के जीवन में बदलाव 20 से 25 वर्षो के मध्य में, वे अपनी अधेड़ावस्था में जा रहे हैं। भ्रष्ट (क्यों?)

खाने की चीजों पर वैज्ञानिक खोजें उन्हें तोड़ दिया उन प्राकृतिक चीजों से जो हमारे शरीर में होनी चाहिये। हम मिलावट के मरते हुए झुंड को छोड़ और कुछ नहीं है।

106 अब, यही वह जो कलीसिया यह भी है। ये वैसी ही स्थिति है।

107 यह प्रतीक है। उसके पास वही बहुमूल्य गुण आत्मा के द्वारा उसे दिया गया, आत्मा और वचन को संभाल कर रखो और कभी व्यभिचार ना करो, संसार की किसी भी चीज का या किसी से भी। वचन के लिए पवित्र रहो, जैसे महिला अपना पति के लिए होती है, यह पवित्र विश्वास है, कि अपने प्रभु के वचन को मनुष्य के बनाए हर मतसार बुद्धिमानी नामधारी से ऊपर। कलीसिया को विश्वास दिया गया।

108 यदि वे कहते हैं, "भई मेरी कलीसिया... " मैं चिंता नहीं करता आपकी कलीसिया क्या विश्वास करती है। यदि ये परमेश्वर के वचन के विरोध में है, तो इससे अलग रहे।

109 बाइबल ने कहा, "यीशु मसीह कल, आज, सर्वदा एक सा है।" मरकुस 16 ने कहा, "विश्वास करने वालों के यह चिन्ह होंगे।" यदि कलीसिया इससे भिन्न प्रचार करें, आप नहीं करते, तो आप उस चीज के लिए मर गए परमेश्वर के वचन में फिर से जन्म ले। "सारे जगत में जाओ, और हर प्राणी को सुसमाचार प्रचार करो।" यह कितनी दूर गया। "विश्वास करने वालों के यह चिन्ह होंगे, सारे जगत में और हर प्राणी जो विश्वास करेगा।" हम इससे कैसे बच सकते हैं? निश्चय ही। परंतु यदि यह इसके लिए उत्तरदाई है।

110 परंतु अब देखिए, क्या हॉलीवुड ने हमारी स्त्रियों से गुणकारी चीज ले ली।

111 मैं यहां बैठे हुए प्रिय वृद्ध महिला, बहन स्क्रेदर को देख रहा हूं, यहां बहुत सी महिलाएं हैं, और पीछे और बहन मूर वहां पर, पुरानी महिलायें, जिन्हें कुछ वर्षों पहले स्मरण है। यदि उनकी मातायें, या वे भी बाहर सड़क पर चला करती, जिस प्रकार से आज कुछ स्त्रियां चलती है, कलीसियायी सदस्य, वे स्त्री को पागलपन के लिए ताले में बंद कर देते कि, "वह स्कर्ट पहनना भूल गई।" भई यदि यह तब पागलपन था तो आज भी पागलपन है।

112 ठीक है, देखिए सारा संसार सिद्ध करता है कि यह पागलपन है। हत्याये और चीजें देखें जो संसार में चल रही है। समझे? पागलपन!

113 सब चीजें प्रकाशितवाक्य को पूरा करने आ रही है। इस सप्ताह हम इसे ले सकते हैं। जहां ये घिनौनी चीजें स्वाभाविक नहीं। ये आत्मिक चीजें जो लोगों को चट्टानों और पहाड़ों के लिए चिल्लवाती है, और हर चीज कि उन पर गिर पड़े।

114 सारा कुल मिलाकर ये संसार पागलपन में जायेगा ये लगभग वही पर है, क्यों आप इसके पदचिन्ह देखते हैं, ये यही है यह सड़कों पर चल रहा है, कलीसिया के मंच पर पूर्ण पागलपन उन चीजों को कर रहे है, जिन्हें मनुष्य करने की नहीं सोचता, सभ्य होने के नाते।

115 देखिए हॉलीवुड ने स्त्रियों के साथ क्या किया है। देखिए, ये कैसा है स्त्री के पवित्र गुण को लूट लिया और और इस प्रकार से हम बढ़ सकते हैं। समझे?

116 उसने यह सब खो दिया। उसने ये कैसे किया? क्योंकि वहां तेज बुद्धि का साधन है जो कलीसिया कहलाती है जैसे अदन की वाटिका में एक धूर्त व्यक्ति शैतान कलीसिया में आया, जैसे उसने अदन वाटिका में किया, और इसमें धोखा दिया। वह धोखे में आयी स्त्री सोचती है... उसका अर्थ गलत करने के लिए नहीं था।

117 हवा का अर्थ गलत करने का नहीं था, यह जानबूझकर नहीं था। परंतु वह... बाइबल ने दूसरे तीमुथियुस, पहले तीमुथियुस तीन में कहा, "वह बहकाई गई।" और *बहकाना* जब जानबूझकर करना ना हो। ये जब आपको करने के लिए बहकाया जाये।

118 और आज बिल्कुल यही हुआ, वह टेलीविजन पत्रिकाओ और इन लोगों के द्वारा बहकाई गई और ये सारी अच्छी अच्छी चीजें जो वे वहां सड़कों पर करने जा रहे हैं। आधुनिक लड़कियां वे पत्रिकाओं में देखती चित्रों में देखती है, वे सड़कों पर देखती है, वे दुकानों में कपड़े देखती है। कैसे शैतान, नरक को वह महान यंत्र लोगों के बीच आया और इन चीजों में बहका दिया! और स्त्री सोचती है कि वह सही है और वह मरी हुई है और यह नहीं जानती वह परमेश्वर से दूर है। देखिए, कैसे उसने ये सब खो दिया और कितना चालाकी भरा था?

119 आज, मैं चाहता हूं कि आप ध्यान दें यीशु ने इसे बोला है और यदि आप भी पढ़ना चाहे, यीशु ने ये उल्लेख किया है की ये चीजें घटित होगी, (क्या आपको यह मालूम है?) उसकी अंतिम घड़ियों में, क्रूस पर चढ़ने

के थोड़ा पहले। हम जरा इसे पढ़े संत लुका 23 वा अध्याय एक क्षण संडे स्कूल के पाठ के समान 27 वे पद से आरंभ करके, मैं विश्वास करता हूं कि मैंने यहां निशान लगाया है यीशु कलवरी पर जा रहा है। सुनिए जैसा कि मैं यह पढ़ता हूं। ठीक है। संत लूका 23:27, मैं विश्वास करता हूं, जहां ये हमारे पास है, मेरी टिप्पणियों इसी प्रकार की है। हां। ये रहा।

और लोगों की बड़ी भीड़ उसके पीछे हो ली और बहुत सी स्त्रियां भी जो उसके लिए छाती पीटती और विलाप करती थी।

परंतु यीशु ने उनकी और फिर कर कहा; हे यरूशलेम की पुत्रीयो, मेरे लिए मत रोओ परंतु अपने और अपने बालकों के लिए रोओ।

क्योंकि, देखो वे दिन—दिन आते हैं… जिन में कहेंगे धन्य है वे जो बांझ है, और वे गर्भ जो ना जने और वे स्तन जिन्होंने दूध ना पिलाया।

120 आज सोचते हैं, उसके लिए बालक होना अशोभनीय बात है। देखा?

उस समय वे पहाड़ों से कहने लगेंगे कि हम पर गिरो; और टीलों से कि हमें ढाप लो।

क्योंकि जब वे हरे पेड़ के साथ ऐसा करते हैं, तो सूखे के साथ क्या कुछ ना किया जायेगा?

121 उस दिन के लिए बोल रहा है जब स्त्रियां बालको को नहीं चाहेगी वे कुत्ते या बिल्ली को चाहेगी या ऐसा ही कुछ परंतु वह अब और बालक नहीं चाहती है। क्यों? वह "पुरानी हब्बर्ड मां" है यदि उसके पास बालक है। देखा? वह नहीं चाहती यह हॉलीवुड की टिप्पणी है, ये नहीं चाहता कि उसकी स्त्री पुरानी हब्बर्ड मां हो। इसलिए वह करेगी, वह कोई शल्य चिकित्सा अपने या उसके करवायेगी, जिससे कि उसके बालक ना हो। वे कोई बालक नहीं चाहते।

122 यीशु ने इसके लिए बोला और उसने क्या कहा? "उस समय वे पहाड़ों के लिए चिल्लायेंगे और टीलो के लिए कि 'उन पर गिर पड़े।'"

123 वह जन्म ना देने का अभ्यास करेगी, ताकि वह दावतों में जा सके वह बालक के पालन पोषण के परेशानी में नहीं जा सकती। "यह उसकी आकृति

बिगाड़ देगा, वह जैसी दिखा करती थी, नहीं दिखेगी।” और उसका पति इस मार्ग पर जाने देने के लिए ध्यान नहीं देगा, वह उसे बालक नहीं देगी।

124 यीशु ने इसके लिए कहा है। और उसने कहा, कि—कि जब वे ये कर रहे होंगे उस समय वे चिल्लाने जा रहे हैं चट्टानों के लिए कि उन पर गिर पड़े। यह प्रभु का आगमन है

125 वे बिल्ली और कुत्तों की देखभाल के लिए बहुत पैसों का भुगतान करते हैं। ये ठीक बात है। उसे किसी चीज का पालन पोषण करना ही है, क्योंकि परमेश्वर ने यह उसे उसके स्वभाव में दिया है।

126 मैंने ध्यान दिया, मैंने एक बड़ा शिकार किया। एक पुराना भालू वर्ष के अंत में जब उसने नर भालू को जन्म दिया, तब वे छोटे–छोटे बच्चे जन्मे वे सुंदर अच्छे आकार के बच्चे थे, संभव है सौ या अधिक पाउंड वजन के थे। वह उन्हें छोड़ देगी कि वे स्वयं को सुप्त अवस्था में कर ले, क्योंकि वह और बच्चे देने वाली थी। वे फरवरी में जन्मे भालू इस विषय में कुछ नहीं जानता।

127 वे छोटे थैलो में जन्मे कैसे परमेश्वर ने ये छोटे बोरे खोलें, स्वयं उन्होंने छोटे... जैसे छोटे सेलफोन के थैले। उन्होंने अपना रास्ता ढूंढ लिया। उनकी मां गहरी निंद्रा में है, उसने अक्टूबर से कुछ नहीं खाया है, और यह फरवरी है। वे आते और मई के मध्य तक स्तनपान करते।

128 तब जब वह अपने बच्चों को देखती तो वे अच्छे बड़े बच्चे होते 15, 10 या 15 पाउंड का एक। उन्होंने उससे स्तनपान किया। उसके पास कैसे दूध आया, यह परमेश्वर का विचार है। वह स्वयं में जीती है, और बच्चो के लिए दूध उत्पन्न करती है।

129 और फिर यदि उसके बालक उत्पन्न नहीं होते और उसके पास बच्चे नहीं है, तो वह फिर बीते वर्ष के बालको को खोजती है, और सारी गर्मीयो उनकी देखभाल करती है, क्योंकि यह प्रवृत्ति परमेश्वर की दी हुई है, उसे किसी की देखभाल करनी है।

130 और यदि एक महिला के पास उसके पति के लिए बालक नहीं है वह कुत्ता या एक बिल्ली लेगी, उसे किसी को पालना है यह स्वभाव है। परंतु अपने पति के लिए बालक रखना और परमेश्वर की सेवा के लिए पालना, यह पूर्णता उसकी लीक से परे है, उसे चाहिये, ओह वह, वह

इतनी अपमानित होगी, यदि उसने किया अपनी पाप प्रेम समाज, इस 1965 के प्रकार वाली स्त्रियां।

131 आज की आधुनिक कलीसिया का सच्चा चित्र ना ही आधुनिक कलीसिया इनमें से किसी को यहां चाहती है। हाँ। जी हाँ। समझे? रोना, चिल्लाना, अन्य भाषा बोलना, प्रेरित 2:38 युवा उसके आसपास है। हां। जी हां। समझे? वह उनमें से किसी को नहीं चाहती कि हुकारे और रोये और चिल्लाये, "आमीन हाल्लेलुय्या!" क्यों ऐसा बालक उसे तुरंत नामधारी कलीसिया से बाहर करवा देगा किसी कलीसिया में उनके यहां एक ऐसा था, क्यों वे उसे जल्द ही निकाल देंगे

"क्यों तुम ऐसे को अपने साथ-साथ चलने दोगे? "

132 इसलिए आप देखते वह किसी चीज से गर्भित है, क्योंकि सारे समय वह सदस्यों को लेकर आती है। परंतु वह उनमें से किसी को नहीं चाहती चिल्लाये, शोर करें, लड़खड़ाती भाषा में, प्रेरित 2:38 बेचारे जो कि वह सोचती है वे है यह निश्चय ही उसे शर्मिंदा करेंगा यह उसे नष्ट करेगा उसकी शिक्षा को नैतिक, वैज्ञानिक झुंड की कलीसिया जिससे वह यहां संबंध रखती है। वे उसे बाहर फेंक देंगे अगली सभा में वह इसे नहीं ले सकती, इसलिए वह वचन से गर्भित नहीं होना चाहती, क्योंकि यही एक प्रकार है, जिसे वचन ला सकता है।

133 जो परमेश्वर के आत्मा से उत्पन्न हुआ है, उसके अंदर परमेश्वर का आत्मा है, बुद्धिमान कलीसिया सदस्य नहीं और मतसार चल रहा है, कटे बाल, रंगे चेहरे, ऐसी कोई चीज नहीं जैसा सब इसी में का है। आप ये परमेश्वर के वचन में नहीं पाते। आप पुराने चलन, पवित्र किया हुआ, पवित्र आत्मा से भरा बालक, परमेश्वर के आत्मा से जन्मे चिल्ला रहे हैं, शोर मचा रहे हैं, चिल्ला रहे हैं, परमेश्वर की महिमा कर रहे हैं।

134 ये कुल मिलाकर उसकी पहुंच से बाहर है, वह यह नहीं चाहती। ओह, नहीं श्रीमान! वास्तव में नहीं। तो फिर वह क्या करती है? इसलिये वह एक जोड़ा लाती है, एक रंगा हुआ चेहरा, छोटे कपड़े, इजाबेल की मंडली अवैध "बिल्लीयां," वे उन्हें कहते है, समझे? मैं सोचता हूं, वे इसे बिल्ली कहते हैं। समझे? "उस बिल्ली को देखो वह जा रही है," वे कहते हैं, या कुछ इस प्रकार से आप जानते हैं।

135 वह जन्मी थी या विवाह हुआ अपने पहले पति से जुड़ी है पहला आदम, व्यभिचारिणी पत्नी के द्वारा, हवा आदम की पहली पत्नी। आप कहते हैं, “व्यभिचारिणी? ” निश्चय ही वह थी। परंतु, ओह वह दावा करती है कि यह आदम, यह पहला आदम मर गया। “ओह, निश्चय ही वह बहुत पहले मर गया। मैं फिर से जन्मी हूं, ” उसने कहा, “निश्चय ही, मैंने दूसरे आदम से विवाह किया, मसीह वचन।”

136 कैसे? ध्यान दें, वह किसी से प्रेम करती है, उसके प्रेमी को देखें आप देखना चाहते हैं कि वह किसके प्रेम में है। वचन *यह* कहता है, परंतु उसने कहा, “मेरी कलीसिया *यह* कहती है।” तो फिर वह किसके प्रेम में है? उसका पति कौन है? उसके अपने फल प्रमाणित करते हैं, वह क्या है। बिलकुल ठीक दर्शाता है, वह क्या है। ध्यान दें। पहले वह जन्मी आदम को क्योंकि यह उसका स्वाभाविक जन्म है। समझे? और ये उसने कभी नहीं छोड़ा, ये संसार का प्रेम है। वह दावा करती है कि वह दूसरी बार जन्मी है, मसीह को। परंतु उसका प्रेमी, ध्यान दें, आदम है अब भी, क्योंकि वह संसार से प्रेम करती है।

137 और और दूसरी—और दूसरी बात ध्यान दें, वह किस प्रकार के बालक रखती है। ये बताता है उनका पिता क्या है कि ये पहला या दूसरा आदम है। यदि कलीसिया दूसरे आदम के बालक जन्माती है, तो वे दूसरे आदम के समान व्यवहार करते हैं, जैसा उन्होंने पेन्टीकोस्ट पर किया था। ये वास्तव में सच्चे दूसरे आदम के बालक है। समझे? ठीक है। उनका स्वभाव उसके और हवा के समान है। जी हां, श्रीमान। उसकी पुत्री, चेहरा रंगे है, बाल काटे हुए हैं, पुरुषों के वस्त्र पहने हैं, पेंट। बाइबल ने उसके लिए कहा, “यह ना करें।” वह अपने बाल कटती है। “यह उसके लिए लज्जा की बात है।”

आप कहते हैं, “इस पर शांत रहे।”

138 यही जो वचन कहता है। मैं केवल स्वभाव की ओर इशारा कर रहा हूं। यही जो वह करती है।

139 उसके पुत्र, उसके पुत्र उससे जन्मे है, शिक्षा पर निर्भर करते हैं, विद्यालय जाना, किसी बाइबल विद्यालय पर कहलाने वाले, कोई महान कॉलेज जो पुराना समझा जाता है, उन्हें बाहर निकाल रहा है किसी प्रकार एक अंडे सेने कि मशीन की तरह। नामधारी के खोजकर्ता; कैन के समान,

धार्मिक वचन के लिए अवैध जैसे कैन था; ठीक है, बीमार जैसे, अवैध जैसा कैन था निश्चय ही, नामधारी के खोजी। आप देखते हैं यह क्या है?

140 परमेश्वर ने नामधारी को कभी भी संस्थागत नहीं किया। वह सदा से इसके विरोध रहा। उसका वचन इसके विरोध में।

141 परंतु वे इसी में ही जकड़े हुए हैं इसलिए आप देखते हैं कि वे क्या ला रहे हैं। ये यह दर्शाता है उनके माता पिता कौन है। बिल्कुल। बिल्कुल ठीक। ऐसे ही अवैध जैसे कैन था इसी प्रकार के बालक उसने हवा से जन्माये है। वे वचन से दूर हो गए। तब देखिए उसने क्या उत्पन्न किया ठीक वही जो कलीसिया ने उत्पन्न किया, वही चीज।

142 कैन ने आपको यह वचन के द्वारा सिद्ध किया, यही जहां से से शिक्षा सभ्यता आयी है, कैन के द्वारा। यह सही बात है। क्योंकि वे दावा करते हैं... परंतु वे—वे परमेश्वर के पुत्र होने का दावा करते हैं परंतु वे नामधारी से जन्मे है, नामधारी विद्यालय के ज्ञानी और सब कुछ। यह बिल्कुल ठीक बात है। चालाक, तेज! ऐसे ही सर्प था, उनका पिता। ठीक है। ऐसे ही चालाक और वैज्ञानिक प्रचारक जैसा कैन था। समझे? ये बिल्कुल वही चीज है।

आप कहते हैं, “भाई ब्रन्हम, क्या यह सत्य है? ”

143 उत्पत्ति 4:16 निकालें और देखें। यहां पीछे उत्पत्ति 4:16 में एक मिनट आप पायेंगे कि यह कैसे घटित हुआ।

तब कैन... यहोवा के सन्मुख से निकल गया और नोद नाम देश में, जो अदन के पूर्व की ओर है, रहने लगा।

जब कैन अपनी पत्नी के पास गया; तब वह गर्भवती हुई और हनोक को जन्मी फिर कैन ने एक नगर बसाया और उस नगर का नाम अपने पुत्र के नाम पर हनोक रखा।

144 और नीचे तूबाल तक उनमें औजार बनाने वाले, संगीत और आदि–आदि हुए सभ्यता कैन के द्वारा आई, ठीक है, नगर बनाना, यंत्र, वैज्ञानिक पुरुष कैन के द्वारा आये, सर्प वंश। अब 25 वे पद पर ध्यान दें:

और आदम अपनी पत्नी के पास फिर गया;

145 अब, उसने अपनी पत्नी को एक बार जाना और उसके दो बालक हुए, उसके कैन और हाबिल हुए एक क्रिया, और दो बालक। आप कहते हैं...

146 अधिक समय नहीं हुआ, उन्होंने मुझे बताया, ये हो सकता है हमारे पास यहां हॉलीवुड में एक मामला है। हॉलीवुड? अभी ट्यूसान में एक मामला हुआ, कोर्ट में। एक स्त्री ने एक अश्वेत और एक श्वेत बालक को जन्म दिया, एक ही समय में। वे कहते हैं वह यह नहीं कर सकती उसके भी दो उपजाऊ बीज हो सकते हैं, अभी वे कचहरी में ही है। मैं जानता हूं कुत्ते ये कर सकते हैं। पशु ये करेगा। वह वहां आ गई, श्वेत पुरुष ने कहा, "मैं अपने ही बालक का बोझ उठाऊंगा, परंतु उसका नहीं।"

147 और स्त्री ने स्वीकार किया। उस प्रात: वह अपने पति के साथ रही, और दोपहर बाद अश्वेत के संग। डॉक्टर ने कहा, "यदि यह अंदर है, 24 घंटों के अंदर ही अंदर तो यह घटित होगा, यदि दूसरा उपजाऊ बीज वहां पर है।" और वहां थे उसने किया।

148 और बिल्कुल ठीक यही हुआ। कैन जो... शैतान, उस प्रात: सर्प में और आदम उस दोपहर बाद। जब वह... और उसके दो बालक हुए।

> *अब, फिर आदम अपनी पत्नी के पास गया* (दूसरी बार); *और वह एक पुत्र जनी...*

149 स्मरण रहे, बाइबल ने कहीं नहीं कहा कि कैन आदम का पुत्र था। कहा, "वह दुष्ट से था," ना कि आदम "शैतान।"

> *... उसको जाना (दूसरी बार), और जाना... और पुत्र हुआ था और उसका नाम शेत रखा; कि परमेश्वर ने मेरे लिए... (ये वास्तविक वंश नहीं था)... आदम के संती जिसको कैन ने घात किया, एक और वंश ठहरा दिया। इसलिए...*
>
> *और शेत के भी पुत्र उत्पन्न हुआ; और उसने उसका नाम एनोश रखा: उसी समय से लोग यहोवा से प्रार्थना करने लगे।*

150 ना कि कैन के से वह पीढ़ी वंश; परंतु शेत की वंशावली।

इसलिए, "कैन दुष्ट था।" वहां सर्प आता है।

151 अब ध्यान दें। यह बाइबल स्पष्ट रूप से कह रही है, "उसके पहले पति को मरना ही चाहिये," ना कि छोड़ देना। उसे मरना ही है।

152 मैंने *विवाह और तलाक* पर प्रचार कर दिया और आप सब ये बातें जानते हैं। मैं इस समय नहीं बोल रहा हूं, कुल मिला कर यह भक्त मंडली यहां पर है, परंतु बाहर समस्त राष्ट्र में। ठीक है। अब आप देखते हैं कि वहां

क्या घटित हुआ, *विवाह और तलाक* में। जब ये... ? ... सात मोहरे खुली थी, इसका वास्तविक सत्य निकालकर लाये।

153 इसलिए, दूसरे आदम से विवाह करने के लिए, मसीह वचन आपको मृत्यु के द्वारा ही अलग होना है अपने पहले नामधारी पति से, क्योंकि उनमें से कोई भी ऐसा नहीं है जो परमेश्वर के सारे वचन को ले सके। मुझे जरा दिखाये कहां वह एक है, "ओह," आप कहते हैं, "मेरा।" दूसरा व्यक्ति कहता है, उसका भी। उन दोनों को एक साथ कर दो और आप पाएंगे कि दोनों गलत है, वैसे जैसे आप नामधारी होते हैं। पढ़िए प्रकाशितवाक्य 17। इसलिए आप देखते हैं, कि आपको उस चीज के लिए मर ही जाना चाहिये।

154 मैं इस समय स्थानीय कलीसिया से नहीं बोल रहा हूं। मैं समस्त राष्ट्र से बोल रहा हूं। आपको अपने पहले पति के लिए मर ही जाना चाहिये। यदि आप मसीह से जुड़े हैं और अब भी नामधारी से विवाहित हैं आप एक व्यभिचारी है। आप लौदेकिया है।

155 यह एक कलीसिया समस्त राष्ट्र में हम लोग यीशु मसीह वचन का अनुकरण कर रहे हैं। दुल्हन में होने को आपको परमेश्वर के वचन के साथ फिर से विवाह करना है जो कि मसीह है। "आदि में वचन था; वचन परमेश्वर के साथ था, और वचन परमेश्वर था। और वचन देहधारी हुआ, और हमारे मध्य में वास किया।"

156 जब तक आप नामधारी के रीतियों को पकड़े हुए हैं, तो आप परमेश्वर के वचन में, "एक व्यभिचारी" कहलाते हैं। जब तक आप नामधारी के मतसार के खोजी है, नामधारी कलीसिया से जुड़े हैं, जो वचन का इंकार करती है, आप एक "व्यभिचारी है" बाइबल ने क्या कहा।

157 यीशु ने कहा, "आप दो ईश्वरो की सेवा एक समय नहीं कर सकते। आप या तो परमेश्वर की या मैमन की।" *मैमन* "संसार" है। "वह जो संसार से प्रेम करता या उसकी चीजों से प्रेम करता है तो उसमें परमेश्वर का प्रेम है ही नहीं।" उसी समय में परमेश्वर का बीज उसमें नहीं हो सकता (परमेश्वर का प्रेम) संसार का प्रेम उसमें है। जब परमेश्वर का बीज आपके द्वारा कार्य कर रहा है जो कि परमेश्वर का वचन है, उसी समय में संसार का प्रेम नहीं हो सकता। अब छोटे बाल कहां है, और छोटे कपड़े रंग हुए चेहरे? अब ये कहां है?

158 आप मसीह के गुण नहीं हो सकते परमेश्वर का वचन और मनुष्य का बनायी हुयी नामधारी एक ही समय में। यह वचन विरोधी है। पौलुस ने यहां कहा। “कहीं? ” रोमियो 7।

159 ना ही आप परमेश्वर के पुत्र जन्मा सकते, उसके वचन के इस अवैध नामधारी का झुंड। आप ये नहीं कर सकते। अपने अंडे निकालने की मशीन में, आप परमेश्वर का वचन पुत्र नहीं जन्मा सकते। मैं कलीसिया से बोल रहा हूं, परंतु फिर भी आप बहुत धार्मिक होने का दावा करते हैं। ऐसे ही कैन था, व्यभिचारिणी हवा का पुत्र, बहुत ही धार्मिक, वेदियां बनाई, और बलिदान चढ़ाए, और उसका दशवांश दिया और हर वह कार्य किया, जो कोई दूसरा धार्मिक व्यक्ति करेगा। परंतु वह वचन का पालन करने में असफल रहा, वह प्रकाशन पाने में असफल रहा।

160 और प्रकाशन ही केवल एक चीज है वचन का प्रकाशन। क्या है... प्रकाशन क्या है? यीशु ने कहा, “इस चट्टान पर मैं अपनी कलीसिया बनाऊंगा और अधोलोक के फाटक इसके विरोध में प्रबल नहीं हो सकते।” विश्वास प्रकाशन है, क्योंकि विश्वास आप पर प्रगट किया गया।

161 “विश्वास के द्वारा हाबिल ने प्रकाशन के द्वारा चढ़ाया (विश्वास) कैन से परमेश्वर को उत्तम बलिदान चढ़ाया।”

162 कैन ने सोचा उन्होंने सेब खाया उनके अब भी वही विचार है, परंतु यह नहीं था, यह व्यभिचार था, सर्प का वंश। और वहां जहां सात मोहरे खुली इसने घोषणा की और इसे सिद्ध किया। इस पर मेरी पुस्तक अभी प्रकाशित हुई है। सोचिए हमारे पास यहां हजारों है। समझे? ध्यान दें। यह वचनानुसार है, उत्पत्ति से प्रकाशितवाक्य तक।

163 अंत के समय में दोनों वृक्ष बीज पर आ रहे हैं, और स्वयं को सिद्ध कर रहे है। आज हम ठीक यहां पर हैं, लौदेकिया और दुल्हन ऐसे ही स्पष्ट और सुंदर जितनी वचन में हो सकती है और ठीक आपके सामने। “और परमेश्वर और संसार की सेवा नहीं कर सकते।” आप बाइबल पर विश्वास करने वाले धर्मात्मा मसीही और स्वयं को नामधारी के मामलों में संबंध रखें, नहीं हो सकता, आप ये एक समय में नहीं कर सकते। एक को मरना ही है, और दूसरे वाले को जीने दे।

164 ना ही आप परमेश्वर के वचन पुत्र जन्मा सकते हैं। ना हीं कलीसिया जन्मा सकती है। वे उनमें से एक नहीं चाहते, रोते हुए बालक, चिल्लाते

हुए और अन्य–अन्य भाषा बोलते हुए और वे सारी चीजें आप ये नामधारी कलीसिया में नहीं कर सकते। वे आप को नहीं लेंगे। वे उन्हें ऐसे नहीं लाते वे उन्हें लेकर और उनसे हाथ मिलाते और कहते, "यदि आप विश्वास करते हैं, तो आपको मिल गया, जब तक आपका नाम पुस्तक में है, बस आपको यही करना है।" समझे? ये वचन के अवैध बालक है, फिर भी धार्मिक होने का दावा करते हैं।

165 इसलिए शैतान की बुद्धि और ज्ञान से कलीसिया गर्भित हो गई! उन्होंने अपने लोगों को विद्यालय में भेजा कि सीखे कैसे "आमीन" कहे, ठीक है, बस। वे उन्हें सिखाते हैं कि ये सब कैसे कहते हैं और बुद्धिमान हो गये। ये क्या है? ये शैतान का गर्भ है। शैतान ने हवा को क्या गर्भित किया? बुद्धि के लिए वचन का अविश्वास करें, बुद्धि और इसने समस्त सृष्टि को नष्ट कर दिया। ठीक यही जो आज इसने वचन में किया है कलीसिया ने, उसने स्वयं को बाइबल विद्यालयों और कॉलेजो और इस प्रकार की चीजों से गर्मीत किया है, पढ़ना, लिखना, गणित और वे परमेश्वर के विषय में उन होट्टेटोट से अधिक नहीं जानते जैसे वे मिस्त्री योद्धा के विषय में। वे बस अपने सारे मतसार और उनकी प्रार्थना पुस्तकें और हर चीज, परंतु परमेश्वर के विषय में कुछ नहीं जानते।

166 वे जानते हैं जब वचन प्रमाणित हुआ, जब वहां परमेश्वर बोला और प्रत्येक युग के लिए वचन ठहराया जब वे आये। यहां नूह आता है और उसने उस पीढ़ी को प्रचार किया।

167 अब, क्या होता यदि मूसा आकर कहे, "हम एक नाव बनाये"? यह विधि से बाहर था। परंतु वह एक भविष्यवक्ता था। उसके पास परमेश्वर का प्रकाशन था।

168 परमेश्वर ने इसे सत्य सिद्ध किया वह बालको को बाहर, इस्त्राईल को बाहर लाया, उनके सामने अग्नि स्तंभ दिखाया, और नबी को प्रमाणित किया; और बिल्कुल वही कहा जो वह करेगा और उसने यह किया।

169 उन्होंने कहा, "परमेश्वर ना बोले। मूसा बोले कहीं हम मर ना जाये।"

170 उसने कहा, "मैं अब उनसे और इस प्रकार बातें ना करूंगा, परंतु मैं एक भविष्यवक्ताओ को उठा खड़ा करूंगा, और वे बोलेंगे।"

171 वहां यशायाह खड़ा हुआ है, कहा, "एक कुंवारी गर्भवती होगी।" एक दिन एक पुरुष उसके समान जब… कैसे एक कुंवारी गर्भवती होने जा रही

है? "हमारे लिए एक पुत्र उत्पन्न हुआ, एक बालक जन्मा, पुत्र दिया गया। उसका नाम युक्ति करने वाला, शांति का राजकुमार, सामर्थी परमेश्वर, अनंत काल का पिता अपने पिता दाऊद के सिहासन पर, वह राज्य करेगा। उसके राज्य का अंत ना होगा।" ये कैसे होने जा रहा है? उसे नहीं मालूम। उसने वही बोला जो परमेश्वर ने कहा यह किसी भी कल्पना से परे है, बुद्धिमान यह किसी वैज्ञानिक खोज से परे है। यह परमेश्वर का वचन है।

172 अब हम अपने धर्म विज्ञानी विद्यार्थियों को सब प्रकार की बाइबल धर्म विज्ञान और इस प्रकार कि चीजें सिखाते हैं, मनुष्य निर्मित धर्म विज्ञान, कलीसिया का झुंड, ठीक एक लोदिकिया, जैसे परमेश्वर ने कहा ये होगा। ओह, प्रभु! जब मैंने इसकी ओर देखा और मुझे कंपा दिया बुद्धिमान की अवधारणा से गर्भीत! आपको हाईस्कूल, स्नातक होना ही है, इसके पहले कि आप प्रवेश नहीं कर सकते, आपके पास होना ही है... अभिषेक होने से पहले मनोवैज्ञानिक के समक्ष खड़ा होना है।

173 क्या आप पतरस की कल्पना करेंगे, याकूब और यूहन्ना मनोवैज्ञानिक के समक्ष? स्मरण रखें 120 वहां पर थे, यहां तक कि अपने नाम के हस्ताक्षर भी नहीं कर सकते थे? मनोवैज्ञानिक के सामने खड़े हुए, देखिए, यदि वे... यदि उनका सारा... यदि उनके प्रतिक्रिया ठीक थी, और आदि–आदि? उनमें प्रतिक्रिया थी, परंतु ये बुद्धिमानी की अवधारणा नहीं थी, या वैज्ञानिक खोज। यह परमेश्वर की सामर्थ के द्वारा था। जब यह उन पर आता, वे करने के लिए कुछ नहीं जानते, परंतु वही कार्य करते जो पवित्र आत्मा करने को कहता। वे किसी भी बुद्धिमान पर कोई ध्यान नहीं देते, कलीसिया ने क्या कहा, और पुरोहितों ने क्या कहा, *ये* क्या कहा, *वह* कहा। वे आत्मा के चलाएं चलते; निडर पुरुष।

174 पहले यूहन्ना 2:15 में, उसने कहा, "यदि आप संसार से प्रेम करते हैं या संसार की चीजों से, तो परमेश्वर का प्रेम आप में है ही नहीं।" समझे? इसलिए आप परमेश्वर के वचन से गर्मित हो सकते हैं जो कि संसार को दोषी ठहराता है, हॉलीवुड को दोषी ठहराता है, उसके सारे चलन को दोषी ठहराता है, इन सब दावतों को दोषी ठहराता है, और कहलाने वाले धर्म के नाम में चला रहे हैं? यह इसे दोषी ठहराता है। वचन व्यक्ति को कैसे गर्भीत करता है: कैसे उस बाल कटी हुई स्त्री, रंगे चेहरे, छोटे–छोटे कपड़े पहने को सकता है?

175 कैसे एक प्रचारक धर्म विद्यालय में जाता और प्रेरित 2:38 को देखता कि बाइबल में कभी भी कोई व्यक्तियों ने उन उपनामों में बपतिस्मा पाया है, और तब फिर भी कहे कि उसे परमेश्वर के वचन का गर्भ है? आप से झूठ बोल रहा है! उसने अपना जन्मसिद्ध अधिकार बेच दिया। जो बात उसने कहीं उसी के विरोध में व्यभिचार किया है। वह तलाक से छोड़ दिया गया।

परमेश्वर गुण संपन्न कलीसिया लेने जा रहा है, बिल्कुल ठीक, एक दुल्हन।

176 बाइबल ने कहा, "वचन तुम में नहीं है।" इसलिए आप किस प्रकार के बालक जन्मा रहे हो? नामधारीयो का गर्भधारण, वहां कोई मृत्यु नहीं थी, कि आपको अपने पहले प्रेमी से अलग करें।

177 "जान्सस क्या सोचता यदि आप रोना और अन्य भाषा में बोलते हैं? वे क्या सोचेंगे यदि मैं फिर से बपतिस्मा लूं? " क्या ही निर्थक बात! क्या आप जान्सस से विवाहित है? क्या कलीसिया से विवाहित है? क्या आप मसीह, वचन से विवाहित है?

178 अब, इसलिए वह अब भी बालक उत्पन्न कर रही है। उसके पास किस प्रकार के बालक है? यहां उनके कुछ नाम है जो आज कहलाते हैं, बिल्लियां, बिटल्स, मॉन्स्टर, आवारा, लफंगे। बिल्लियां, बीटल्स यह कलीसिया के सदस्य है। निश्चय ही। वे सब इसके पुत्र है, कैन के पुत्र, जो कि धूर्त पशु के पुत्र है, उतने ही तेज जितने हो सकते हैं।

179 एक क्षण के लिए जरा अच्छी प्रकार अपनी आत्मिक आंखों से अपने प्राणों को देखें। चारो ओर देखे। अब मैं समस्त राष्ट्र से बात कर रहा हूं। कुछ मिनटों के लिए देखें, आप जो बाहर ब्रन्हम टबरनेकल में है, आप पश्चिमी किनारे और एरीजोना और हर कहीं जहां आप लोग हैं कुछ मिनटों के लिए अपनी ओर देखें। आप कहते हैं, "ये संदेश जो आप प्रचार रहे हैं, भाई ब्रन्हम, ये गलत है।" थोड़ा सा अपनी ओर देखें। पवित्र आत्मा आपके मष्तिक को वचन से जांचें, आप संदेश से सहमत हो जायेंगे। मसीह वह अभिषिक्त वचन आपके अपने विवेक को परखे, वह आपके भीतर आये देखिए यदि ये सही है या नहीं। और ये एक, दो चीज का मैं उल्लेख करता हूं, जबकि सैकड़ों है।

180 क्या बाइबल स्त्रियों के बाल कटाने पर सहमत है? [सभा कहती है "नहीं"—सम्पा।] क्या बाइबल विश्वास करती है सहमत है तीन, बपतिस्मे "पिता, पुत्र, पवित्र आत्मा के नाम में"? ["नही।"] ऐसी कोई चीज नहीं है। क्या बाइबल इस बात पर सहमत है कि स्त्री पुरुषों के कपड़े पहने? ["नहीं।"] ठीक है, तीन ही ले जब की सैकड़ों और है। इसे परमेश्वर के वचन कि ज्योति में परखे।

181 आप कहते हैं, "मैं कलीसिया का सदस्य हूं।" कैन भी था। हवा भी थी। बाइबल भविष्यवाणी करती है कि अंत के दिनों में, वह लौदेकिया वैसी ही होगी।

182 पवित्र आत्मा आपके विवेक को जांचे और आप डेनियल 5:12 से सहमत होंगे, जब रानी बेल्तशजर के सामने आयी और कहा उसने पाया कि उनके मध्य में भविष्यवक्ता डेनियल है और वह संदेहो का दूर करने वाला है। आप पवित्र आत्मा को करने दे, वह उस दिन का भविष्यवक्ता था, उसे अब अपने ह्रदय के भीतर आने दे, और परमेश्वर के वचन से जांचने दे, और संदेश के विषय में संदेहों को समाप्त कर देगा, वह सारे संदेह दूर करता है। आप पाते हैं, ये ठीक आज के वचन पर है।

183 आप आज लूथर का वचन प्रचार नहीं कर सकते ये इसमें जाता है परंतु ये पैर है ओह वैसली का नहीं प्रचार सकते, पेन्टीकोस्टल का नहीं प्रचार कर सकते, हम उससे आगे हैं, वे नामधारी हो गए और मर गये, वे डंठल है।

184 डंठल लंबी पत्ती के साथ आता है, यह कलीसिया की पहली स्थिति है। अब, यह पहले दाने जैसा नहीं दिखाई पड़ता है, जो भूमि में डाला था, वह गेहूं।

185 दूसरा या पराग आता है यह अब भी दाने जैसा नहीं दिखाई पड़ता। इसके समान अधिक दिखता है, यह वास्तविक दाने की अधिक छवि में है। परंतु वह लंबी पत्ती निश्चय ही दाने के समान नहीं दिखाई पड़ती है, जो भूमि में गया था, यह जीवन को ले जाने वाला है जो कि दाने में था। परंतु इसने क्या किया? यह नामधारी हो गया, जैसे कि दूसरी सारी प्रकृति इसमें सही बैठती है। यह मर गया।

186 फिर क्या? जीवन सीधे फुदनी में जाता है। इसमें सब कुछ छोटा सा होता है, इस पर छोटी–छोटी गोलियां लटक रही है, छोटी दिख रही है,

इसमें छोटे–छोटे दाने हैं, ऐसा दिखता है, इसमें वास्तविक दाने हैं, परंतु यह नहीं है।

187 तब, यह भूसे में आ जाता है। और यह क्या उत्पन्न करता है? एक भूसा।

188 अब आप गेहूं का एक दाना ले, जब पहले दाना आता है। और यीशु ने कहा, "गेहूं का एक बीज... " और आप वह गेंहू लेकर और इसे खोलें आप फूदनी को खोलें और इसे देखें। आप कहते हैं, "हमारे पास गेहूं का दाना है।" होशियार रहे। यह ठीक दाने के समान है, परंतु इसमें जरा भी दाना नहीं है। यह भूसा है।

189 वहां पेंटीकोस्टल है, "बहुत कुछ," जैसे मत्ती 24:24 ने कहा, "अंत के दिनों में चुने हुओ को धोखा देंगे, यदि यह संभव है।" परंतु आप एक–एक पत्ती कर के खींचे, आपको दाना नहीं मिलेगा, दाना तो इसके पीछे है। समझे?

190 और फिर जीवन नामधारी में से आता है दाने में जाता है। तो फिर क्या होता है? जब दाना बढ़ने लगता है कि बड़ा हो, ताकि यह कुछ घेर सके नामधारी इससे अलग हो जाता है। क्यों नहीं हम इसमें से नामधारी निकाल पाते हैं? वे कभी नहीं निकाल पाएंगे, यह दाना है, यह और आगे नहीं जा सकता, हम अंत के समय में है। इसलिए अब इसमें क्या करना है? पुत्र की उपस्थिति में रहना है, कि पक जाये, यह बिल्कुल ठीक है, वचन आपके ह्रदय में पकना है, ताकि ले आये और जिस विषय में हम बातें करते हैं, उसे जीये। जी हां, श्रीमान।

191 तब आपको कोई संदेह नहीं रहेगा, यदि आप पवित्र आत्मा को ये अपने पर प्रगट करने दे, जैसे रानी ने डेनियल के विषय में कहा था।

192 आप कह सकते हैं, "इसका धन्यवाद के साथ क्या लेना देना है? आप किस विषय में बात कर रहे है, भाई ब्रन्हम? यहां 8:45 बज गए, आपने धन्यवाद देने के विषय में कुछ नहीं कहा।" इस समय के लिए क्या ही संदेश है, मेरे लिए! जी हां, वास्तव में।

193 परदेसी पूर्वज जीवन के नए पाये हुए मार्ग के लिए बहुत धन्यवादित हो। ये पुराने अंग्रेजी नामधारी और मतसार से अलग होते हुए, वे नए से विवाह कर सकते थे, उनके युग का अभिषिक्त वचन; यह ठीक बात है, नया उनके युग का वचन, उनके दिन के लिए।

194 इसलिए हम धन्यवादित हो सकते हैं, एक परदेसी के समान, जैसे अब्राहम उसने स्वयं को संसार की वस्तुओं से अलग कर लिया, हमारे सारे जुड़े हुए लोग, अब्राहम एक परदेसी था। परमेश्वर ने हमें सारे उस मृत धर्म से अलग कर लिया अब मैं समस्त राष्ट्र से बोल रहा हूं, सारे मृत मतसार। और किससे? हमें अलग किया, और हमारे लिए एक नया देश दिया और एक नया संदेश इस दिन के लिए।

195 पेन्टीकोस्टल लूथर के समान सूख गया और मर गया, वैसली, और बाकी सब। ये और कुछ नहीं कलीसियाओ का झुंड जमा है, अच्छे लोग वहां है, फिर भी, बाहर आना है।

196 उसने क्या किया? उसने अंतिम संदेश की सात मोहरो को खोला। आपने यह ध्यान दिया? सात मोहरे, जिसमें सात कलीसियाओ के सारे भेद सात मोहरो में बंद थे। सुधारकों के पास उनके दिनो में उनके पास समय नहीं था, वे बहुत अधिक नहीं जीवित रहे। परंतु सात मोहरों का यह धन्य प्रकाशन, यह हम पर अंत के दिनों में खुला, उस भविष्यवाणी से एरीजोना को पहुंची।

197 उस दिन मैंने परमेश्वर से पूछा, "कि आप मेरे साथ इस रेगिस्तान में बाहर क्या कर रहे हैं? "

198 क्या तुम जानते हो मूसा ने नया नियम लिखा... याने पुराना नियम? निश्चय ही उसने लिखा। पहली चार पुस्तकें व्यवस्था कि हर चीज देती है: उत्पत्ति, निर्गमन, लैव्यव्यवस्था और व्यवस्थाविवरण। उसने पुराना नियम लिखा। यह करने के लिए उसे अपने सारे संबंधियों और प्रिय जनों को छोड़ना पड़ा और रेगिस्तान को जाता है।

199 पौलुस ने नया नियम लिखा। यह ठीक बात है। उसने रोमियो, और रोमियो और बाकी सब इब्रानियों और तीमुथियुस और आदि–आदि। और यह करने को, उसे स्वयं से अलग होना पड़ा, और अरब को चला गया, रेगिस्तान में तीन वर्षों के लिए परमेश्वर का प्रकाशन पाने को।

200 "ओह," आप कहते हैं, "मत्ती, मरकुस, लूका और यूहन्ना के विषय में क्या है? " वे लेखक थे, जो भी यीशु ने किया उन्होंने लिखा।

201 पौलुस अलग हुआ की वचन को एक साथ करें। यह ठीक बात है। तो, फिर देखें, यदि इसने यह लिया और उसे रेगिस्तान को जाना पड़ा, अपने प्रिय जनों से दूर...

202 क्या स्मरण रखें, *श्रीमान यह क्या समय है?* कितनों ने यह कभी सुना है? कहे, “आमीन।” [सभा “आमीन” कहती है।—सम्पा।] क्या यह बिल्कुल सही था? [“आमीन।”] तब हमें अंतिम दिनों में यह प्रकाशन मिला उस प्रभु परमेश्वर का संदेश कि दुल्हन को इकट्ठा करें। किसी और युग में इसकी प्रतिज्ञा नहीं की गई मलाकी चार, लूका 17:30, संत यूहन्ना 14:12, योएल 2:38। यह प्रतिज्ञाये ठीक वैसी ही है, जैसे यूहन्ना बपतिस्मा देने वाला स्वयं को वचन में प्रमाणित करता है।

203 यीशु स्वयं को प्रमाणित करता है। वे क्या कहते हैं? “ऐसे व्यक्ति से दूर!” “यूहन्ना जंगली पुरुष है।” कलीसिया इसे ग्रहण करने योग्य न थी। यह नमूना है। ना ही कलीसिया आज स्वीकार करती है।

204 परंतु, चुने हुए, परमेश्वर चुने हुओं को वह बुला रहा है। वे इसे जानते हैं: गुणकारी दुल्हन को पुकार रहा है, वचन अंतिम दिन की कलीसिया चुनी हुई हमारे प्रभु यीशु मसीह की स्त्री वचन। यदि… यीशु वचन है, कितने यह विश्वास करते हैं? [सभा “आमीन” कहती है।—सम्पा।] ठीक है। तो फिर दुल्हन सदा दूल्हे का भाग है ऐसे ही दुल्हन नामधारी नहीं होगी, इसे वचन ही होना है, प्रगट हुई मसीह की दुल्हन। उसने यह करने कि प्रतिज्ञा की है, उसने कहा उसने कैसे किया कभी भी अपना नमूना नहीं खोया, उसने सदा यह नमूने से किया है। उसने यह हर बार किया, नमूने के द्वारा। वह फिर करता है, अंत के दिनों में अपनी गुणकारी दुल्हन को बुला रहा है, प्रिय रिबका अपने इसाहक की प्रतीक्षा कर रही है, क्या ही सुंदर समय है!

205 यहां यह दृश्य में लाता है दो पुस्तकें जो आपके लिए भेद पूर्ण होने जा रही है जब आप *सात कलीसियायी युग* की पुस्तक पढ़ते हैं। दो पुस्तकें जीवन की पुस्तक, कहा, एक कहता है आप अपना नाम उसमें नहीं लिख सकते, आप कभी नहीं निकल सकते दूसरा कहता है कि आप उसका नाम जीवन की पुस्तक में से हटा दें, यह बिल्कुल सिद्ध दृश्य में लाता है, ठीक है यहां पर, मैं कुछ मिनटों के लिए रुकने जा रहा हूं, संभव है यहां टिप्पणियों पर, और बंद करने के पहले इसे समझ ले।

206 परमेश्वर के लिए जीवन पवित्र चीज है, और इसका अभिलेख पुस्तक में है। परमेश्वर जीवन का रचने वाला है। क्या आप यह विश्वास करते हैं? [सभा “आमीन” कहती है।—सम्पा।]

207 हमारा प्राकृतिक जीवन यहां पर है जो हमारा है, केवल एक मिलावट है, वास्तव में इसे आरम्भ से ही सही जीवन होना चाहिये, परंतु यह शारीरिक जन्म से दूषित हो गया। पहला जीवन, या आपका पहला मिलन, आप जन्म में प्रकृति के द्वारा जोड़े गए, एक प्रकृति कार्य। एक स्वाभाविक मनुष्य जुड़ने के द्वारा, पुरुष और स्त्री, आप में एक साथ, कामवासना के द्वारा एक दूसरे से जुड़ते हैं, जो कि आपका पहला जीवन यहां लाते हैं, और यह पाप और मृत्यु से जुड़ा होता है। आप कैसे सर्प वंश को देखने से चूक सकते हैं?

208 जब आप एक स्त्री को देखते हैं एक उपउत्पाद; उसके समान और कोई मादा नहीं; उस प्रकार की बनी हुई, जानते हुए उसे धोखा दिया जा सकता है। परमेश्वर जानता था। यदि वह आरंभ से अंत नहीं जानता तो फिर वह परमेश्वर नहीं था। यदि वह अनंत नहीं है, यदि वह नहीं है... और वह अनंत नहीं हो सकता, बिना सर्वज्ञान के, सर्वव्यापी सारी चीजें जानता है, अनंत है। इसलिए वह सब जानता है, और उसे उस स्त्री को बनाना था।

209 मनुष्य के पास पत्नी नहीं थी, स्त्री और पुरुष एक से थे, उसमें नारी और नर आत्मा उसमें थी।

210 उसे अलग करना था, एक उपउत्पाद लेता है, सारी सृष्टि रचने के बाद, परमेश्वर के द्वारा कोई नारी नहीं बनाई गई, उस मूल सृष्टि में एक चीज़ ऐसी कर सकता था। उसे इस प्रकार बनाया गया, इसे करने को। उसे मालूम था वह यह करेगी यदि वह नहीं जानता था, तो वह परमेश्वर नहीं था।

211 परंतु, देखिए वह गुण जो परमेश्वर में थे, उन्हें प्रगट होना था। उसका—उसका एक बचाने वाला। और हर चीज को सिद्ध बनाना जिस प्रकार ये उसके पास थी, तब वहां कोई चीज नहीं हो सकती। ओह, बालक ना बनो। पुरुष और स्त्रियां बनो। हम मार्ग के अंत में। ध्यान दें।

212 अब, यह स्वभाव मृत्यु से जुड़ा था। आपका पहला पति जिसने आप पर प्रभुता की वह आपका स्वभाव स्वाभाविक जन्म के द्वारा। स्वाभाविकता से आप संसार से प्रेम करते हैं, क्योंकि आप संसार है और संसार के भाग है। ये ठीक बात है? [सभा "आमीन" कहती है—सम्पा।] आपकी इच्छाएं स्वभाव से थी कि संसार से प्रेम करें जो कि आपका भाग है। आप प्रकृति

का भाग है। आप यह विश्वास करते हैं? ["आमीन।"] और ये आपकी स्वाभाविक चीज है।

213 यही कारण है कि आपको नया जन्म लेना अवश्य है। आपको अलग होना है, आपको पहले पति के लिए मरना है। आप उसके साथ नहीं रह सकते। बस आप नहीं कह सकते, "भई, मैं उसे तलाक दे दूंगा, और एक समय तक के लिए का व्यंग दूंगा।" नहीं, श्रीमान। कोई लिखित तलाक नहीं! वह मर गया। संसार के स्वभाव को मरना ही है, उसका हर कण मरना ही है। आपको फिर से दूसरे स्वभाव से जुड़ना है।

214 आपका नाम आपके पहले स्वभाव का जन्मा था और जीवन की पुस्तक में लिखा गया। आपके सारे कार्य उसमें भी लिखे गए। हर चीज जो आपने उस स्वभाव में की उस पुस्तक में लिखा गया, जीवन की पुस्तक कहलायी।

215 आप ध्यान दें, डेनियल में, जब वह आता है "एक प्राचीन जिसके बाल ऊन के समान श्वेत है। हजारो हजार उसके साथ आये कि उसकी सेवा करे; दुल्हन की। और फिर पुस्तके खोली गयी," "और दूसरी पुस्तक खोली गयी थी जो कि जीवन की पुस्तक है।" समझे? वहां संत पहले ही है, वह कलीसिया, दुल्हन। "दूसरी पुस्तक खोली गई जो कि जीवन की पुस्तक थी।"

216 अब, आप, परंतु जब आप उस मिलाप से अलग हो गए थे, आत्मिक मृत्यु के द्वारा: आपकी स्वाभाविक इच्छा आपके बाल काटने की है। आपकी स्वाभाविक इच्छा, छोटे–छोटे कपड़े पहनने, अपना चेहरा रंगने की है। आपकी स्वाभाविक इच्छा, बुद्धिमान, चतुर पुरुष कुछ ऐसा जो दूसरों से अच्छा जानते हो। यही हवा ने चाहा। यही चीज उसने चाही।

217 "अच्छा, कहते हैं! आप छोटे दो टुकड़े, दो गुना चार के प्रचारक वहां खड़े होकर मुझे बताओ? मेरे पास पीएच.डी, एल. एल है।" ये आपको परमेश्वर से अलग ले जायेगा हर बार आप एक चीज बढ़ायेंगे। समझे? समझे? यह ठीक बात है। यह सच है। समझे?

218 यही जो हवा ने लिया वह इसी प्रकार के गर्भ से गर्भित थी। आज कलीसिया भी यही है, बाइबल विद्यालयों के द्वारा और ज्ञान। और देखिए, हर कोई दूसरे से असहमत है, एक बड़ा गड़बड़ ठीक वही जो बाइबल ने कहा, "बाबुल।"

219 दुल्हन जानती है कि वह कहां पर खड़ी है, वह बहुत थोड़ी है वहां बहुत से नहीं बचेंगे; बस बहुत, बहुत, बहुत थोड़े। आप कहते हैं, "अच्छा वहां कहा 'हजारो।'" जी हां, परंतु वे दो हजार वर्षों से आये हैं हर युग से जहां से यह बाहर आये। कभी...

220 लूथर का युग और वह झुंड; और फिर मर गए और वे नामधारी हो गए; तब वैसली; और फिर पेन्टीकोस्टल आये और आदि–आदि। और सारी बैपटिस्ट की छोटी डालियां प्रेसपिटेरियन मेथोडिस्ट, नाजरीन, पिग्रिम ऑफ होलीनेस, और आदि–आदि, देखिए वे सब डालियां वहां से पत्तियों के समान निकली।

221 परंतु, स्मरण रखें, जब ये नीचे गया और बीज पकने लगे, आप पाते हैं इसके पहले कि बीज पक सके उस फुनदनी में हर चीज को मर जाना है। हाल्लेलुय्या! देख नहीं सकते कि हम कहां पर खड़े हैं? जीवन फिर से बीज में है। यह क्या है? ठीक बिल्कुल वही बीज जो भूमि में गया था, वही यीशु दुल्हन के रूप में, वही सामर्थ वही कलीसिया, वही चीज, वही वचन। वही वचन इनके द्वारा चूसा गया और यहां आया और यहां सिर तक आया। और ये सारा जीवन जो होता हुआ यहां आया, इसने अपने लोगों को लिया, अब यह सिर में ढल रहा है, उठा लिए जाने के लिए। आने वाली रात्रि पर बोल रहा हूं, या अगली रात्रि, एक प्रभु ने चाहा तो।

222 भाई, आप अपने पहले मिलन से उस मृत्यु के द्वारा अलग हो गए हैं, अब आपने फिर से जन्म लिया या फिर से विवाह किया उस नये आत्मिक मिलन में; संसार की वस्तुओं के आपके स्वाभाविक जीवन के द्वारा नहीं, परंतु अनंत जीवन। वह जीवांश जो आप में आरंभ में था, आप को ढूंढ लिया।

223 अब, आपकी पुरानी पुस्तक चली गई आपके पुराने मिलाप से अब आपका नाम आपके पुराने... आपके... स्थान्तरण कर दिया गया। अब, आप कहते हैं, "क्या मुझे बताने का आपका अर्थ है कि मेरी पुरानी पुस्तक... " परमेश्वर ने इसे अपने भूल जाने वाले समुंदर में डाल दिया, आप परमेश्वर के समक्ष सिद्ध खड़े हैं।

224 अब, आपका नाम अब नई पुस्तक में है, ना कि जीवन के पुस्तक में, परंतु मेमने की जीवन की पुस्तक में जो कि मेमने ने छुड़ाया है, ना कि आपके स्वाभाविक मिलन की पुरानी पुस्तक में, परंतु आपकी नई,

दुल्हन। हाल्लेलुय्या! आपका नया जीवन मेमने की जीवन की पुस्तक में है, आपका विवाह प्रमाण पत्र, हाल्लेलुय्या, जहां आपका सच्चा अनंत जीवन जीवांश आराम्भ से थामे हुए हैं। अब आप केवल क्षमा ही नहीं किए गए, परंतु आप न्यायोचित किए गए। महिमा हो! "न्यायोचित," रोमियो 5:1 ने कहा। जी हां। रोमियो 5:1 ने कहा, "इसलिए विश्वास के द्वारा न्यायोचित ठहराये गए।"

225 वचन को देखें। शब्द का अर्थ क्षमा करना नहीं वचन का मतलब "न्यायोचित ठहराना।" इसका अर्थ यह नहीं कि आप क्षमा किए गए।

226 उदाहरण के लिए, आपने सुना कि मैंने मद्यपान किया और—और कुछ बुरा कार्य! किया और सब कुछ। तब आप आते हैं और मुझसे कहते हैं, कि आप ने पाया कि मैंने नहीं किया तब आप आते और कहते, "भाई ब्रन्हम, मैं आपको क्षमा करता हूं।" मुझे क्षमा करते हैं? पहली बात कि मैंने यह नहीं किया। समझे?

227 अब, यदि मैंने यह नहीं किया, मैं अपराधी हूं। परंतु आप मुझे क्षमा कर सकते थे, और मैं अपराधी नहीं होता। परंतु फिर भी मैं न्यायोचित नहीं हूं, क्योंकि मैंने वास्तव में यह किया है।

228 परंतु वचन, *न्यायोचित,* कि आपने यह कभी नहीं किया ही नहीं। आमीन। यह बिल्कुल मान्य ही नहीं। ये कैसे हो गया? परमेश्वर के समुंद्र में भूल जाने वाली पुस्तक आपकी पुरानी पुस्तक में और विवाह और तलाक और मृत्यु, यहां तक कि परमेश्वर के याद में भी नहीं। आमीन। आप न्यायोचित हो गए। "इसलिए न्यायोचित होते हुए।" यह दोषारोपण था। आप पर दोष लगाया गया, आपने ये कभी नहीं किया, सबसे पहली बात पुराना मिलाप परमेश्वर के भूल जाने वाले समुंदर आपका इससे विवाह हुआ ही नहीं आरम्भ से। वह दूल्हा, उसने आपकी लज्ञा को उठा लिया स्वयं अपने पर, आपके स्थान पर। उसने आपका स्थान लिया, क्योंकि आप उसके लिए पहले से ठहराए गए थे कि उसकी दुल्हन में हो, संसार की सृष्टी से पहले। बाइबल ऐसा कहती है। आप ठहराये वंश है।

229 आप ये करने को कैसे आये? आप पहले विवाह के द्वारा इस धोखे आये, आपके व्यभिचारी अभिभावक, हवा। ये आपकी अपनी गलती नहीं है, आपके स्वाभाविक जन्म के द्वारा आप हवा के बाद आये जिसने व्यभिचार किया। यही कारण है कि आप व्यभिचारी जन्में आप आरम्भ से ही पापी

है। ये ठीक बात है। आपको धोखा दिया गया था। आपके पास नहीं... नहीं, आप आप गलती पर नहीं थे।

230 आपने यह कभी नहीं किया। क्योंकि, वह छोटा जीवांश जो आप में था संसार की सृष्टि से पहले आपको होना था। परमेश्वर ने आपका नाम मेमने की जीवन की पुस्तक में लिखा।

231 मेरी छोटी उकाब की कहानी के समान आप सब ने यह सुनी है। एक मुर्गी... बूढ़े किसान ने एक मुर्गी अंडों पर बैठायी। उसे एक उकाब का अंडा मिला और उसे भी उसके नीचे डाल दिया। जब उकाब जन्मा था, यह दिखने में विचित्र चूजा था जो चूजो ने कभी, यह छोटा उकाब साथ साथ चल रहा था। और मुर्गी करेगी, "क्लक, क्लक, क्लक, क्लक।"

232 छोटे उकाब ने कहा, "मैं नहीं जानता यह कैसी आवाज निकलती है, परंतु जो भी है, मैं अनुकरण कर रहा हूं।"

233 और वे पीछे के आंगन में गए और खाद कूड़े के देर में पंजे चलाने लगे। और वह क्लक, क्लक, क्लक। यह अच्छा है। यह अच्छा है। आप हमारे सदस्य हो जाये। और यही जो...

234 वह छोटा उकाब, वह उन चीजों को नहीं खा सकता था। समझे? वह बस—वह बस चूजो के साथ चलता रहा, क्योंकि उसे मालूम ना था, वह नहीं जानता था कि क्या करें। और वह वहां बाहर गया, वह *ये* या *वह* हो लेगा। वह छोटा उकाब... उसे पेट भरना था, परंतु वह नहीं जानता था कि क्या करें, परंतु उसने सब चूजो को यह करते देखा, परंतु कुछ भिन्न था। उसे यह अच्छा नहीं लगा

235 इसलिए, एक दिन मां जानती थी कि उसने दो अंडे दिए हैं। इसलिए वह दूसरे वाले को ढूंढने लगी, चारों ओर उड़ रही थी महान पवित्र आत्मा के समान खोज रही थी। एक दिन पिछवाड़े वह नामधारी आंगन के ऊपर उड़ी। उसने वहां नीचे देखा, और उसने अपने बच्चे को देखा। वह चिल्लाई। यह वह आवाज थी जो कुछ उसके अन्दर गूंज गयी [टेप पर खाली स्थान।—सम्पा।] ओह, यह ठीक सुन पड़ता है! ओह! वह वास्तविक ठहराया हुआ, जन्मा हुआ, जीवांश परमेश्वर के द्वारा ठहराया हुआ, परमेश्वर का वचन सुनता है, उसके लिए यह संगीत है। वह जनता है ये सत्य है।

236 वह नामधारी की बातो से उकता गया, जो भी हो, "आओ, हमारे सदस्य बनो, हमारे साथ चलो। हमारा सामाजिक झुंड है। हमारे पास *ये* है। हमारे पास है... " यह ठीक नहीं लगता, इस छोटे को।

237 उसने कहा, "पुत्र, तुम उस झुण्ड के नहीं हो जो भी है। तुम मुझ से हो, तुम मेरे हो।"

238 उसने कहा, "मामा, यह ठीक सुन पड़ता है, मैं कैसे इस से बाहर आऊं? "

239 "बस एक छलांग लगाओ। मैं तुम्हें पकड़ लूंगी।" ओह। बस तुम्हें इतना ही करना है।

240 किसी भी मनुष्य के सामने परमेश्वर का अभिषिक्त वचन प्रमाणित होता है, जो परमेश्वर का पुत्र होने को नया जन्म लेता है, उस पहले ठहराए जीवांश के साथ इस घड़ी के लिए वह परमेश्वर का संदेश उतनी निश्चितता के साथ दिखेगा जैसा कि परमेश्वर स्वर्ग में है। मार्टिन लूथर ने इसे अपने लिए देखा। वैसली ने इसे अपने लिए देखा। पेन्टीकोस्टल ने इसे अपने लिए देखा। अब आपके विषय में क्या है? समझे? वे नामधारियो में चले गए, यहां वचन इसे दोषी ठहराता है, आपको बता रहा है कि आज हमारे पास क्या है, और बिल्कुल ठीक मलाकी चार और ये सारी प्रतिज्ञाये इस घड़ी के लिए आप क्या देखते हैं? आप कहां देख रहे हैं? आमीन। यहां हम हैं वास्तविक सच्चे उकाब सुनते हैं। "मेरी भेड़ मेरा शब्द जानती है। अपरिचित के पीछे वे ना जायेगी।"

241 क्यों? यह वहां पहले से ठहराकर रखे गए है। आप पहले से चुने गए हैं कि परमेश्वर के पुत्र हो। आप संसार कि सृष्टि से पहले परमेश्वर में थे। आप केवल इस दिन में उसके सम्मान और महिमा के लिए प्रगट हुए हैं। आप बिना उसके वचन का सम्मान किए कैसे रह सकते हैं, और परमेश्वर के हर वचन के साथ खड़े हो? जी हां, श्रीमान। आप पहले से ठहराये जाकर उसके वचन का भाग है। क्योंकि देखते हैं परमेश्वर वचन है, आप इसका विश्वास करते हैं? [सभा "आमीन" कहती है।—सम्पा।] अच्छा, तो फिर यदि... वह सदा से वचन था। "आदि में वचन था।" और यदि वचन परमेश्वर था, तो फिर आप परमेश्वर में थे। वचन, वह भाग जो आपको करना था, सृष्टि के पहले से परमेश्वर में था। उसने आपको देखा। आपको जाना, इसके लिए पहले से ठहराया।

242 मैं आपको बताता हूं, जैसे वह उकाब उस आवाज को पहचानता है, ऐसे ही वास्तविक नया जन्म पाया हुआ मसीही परमेश्वर की वचन में से होते हुये आवाज को पहचानता है, जब वे देखते हैं कि यह अभिषिक्त और प्रमाणित है। देखिए। उसमें *वहां* देखा। उसने बूढी मुर्गी को *यहां* आसपास क्रूक–क्रूक करते नहीं देखा, "हमारे सदस्य बनो और *यहां* आओ," और "*इस* पर आओ," और "*यह* और *वह* करो।" उसने एक—एक जीवन देखा जिसके समान वह होना चाहता था, हवा में उड़ता हुआ, चिल्ला रहा है, ऊंचाइयों में स्वतंत्र है, उन सारे गिद्धों से ऊपर और पृथ्वी की वस्तुएं। हाल्लेलुय्या! वह होना चाहता था, क्योंकि वह होना उसके अंदर था

243 और एक मनुष्य जो परमेश्वर से जन्मा परमेश्वर का पुत्र, उसके अंदर परमेश्वर का स्वभाव होना ही है। उसे परमेश्वर के समान होना है। वह परमेश्वर का सम्मान करता है। वह परमेश्वर के वचन का भाग है। और इन अंत के दिनों में इस दुल्हन को जो रूपधारण कर रही है, ठीक वही सामर्थ जिसमें वह पहले आरंभ में था, इन संस्थानों से होते हुए ऊपर आया है, और आदि–आदि और दुल्हन के लिए बाहर आया। वह और कुछ नहीं हो सकता केवल वह।

244 उन्हें ये देखना ही है, वे यहूदी अपने दिनों में, जब उन्होंने इसे अपने सामने प्रगट होते हुए देखा जैसा कि भविष्यवक्ता ने कहा कि वह था। उसने कहा, "पवित्र शास्त्र में खोजो; उसमें तुम समझते हो कि तुम्हें अनंत जीवन मिलता है। वह, वह है जो मेरी गवाही देता है। यदि मैं अपने पिता के से कार्य ना करूं तो मेरा विश्वास मत करो। परंतु तुम फिर भी मेरा विश्वास नहीं कर सकते हो, मेरे कामों का विश्वास करो जो मैंने किये।"

245 उन्होंने कहा, "हमारे पूर्वजों ने जंगल में चालीस वर्षों तक मन्ना खाया। हम जानते हैं कि हम कहां हैं।"

246 उसने कहा, "और उनमें से प्रत्येक मर गया," यह अनंत अलगाव। हर एक मर गया। केवल तीन ही थे दस लाख में से दो निकल कर आये। बीस लाख जो कि दस लाख में से एक।

247 क्यों, एक प्रतिष्ठी, शुक्राणु नर से और मादा का अधिकांश एक अंडा ही उपजाऊ होता है। एक ही अंडा, एक ही जीवांश कोशिका जो की उपजाऊ है, आपने पशुओं में मिलावट कभी देखी। ध्यान दें। *यहां* पर दस लाख अंडे; *यहां* दस लाख शुक्राणु; और जब उत्सर्जन होता है और गर्भ में एक साथ

आये जो कि नलिका से होकर गर्भाशय में आता है, वे मिलते हैं। उनमें से एक अंडा। लाखों अंडे; लाखों शुक्राणु। उनमें से एक अंडा उपजाऊ होता है, एक ही शुक्राणु उपजाऊ होता है, वे सब जीवित है, आप उन छोटे छोटे बछड़ो को देख सकते हैं, वहां भागते रहते हैं, एक बूंद जो आप माचिस की तीली पर रख सकते हैं।

248 और देमास और वे आज रात्रि सुन रहे हैं, और उसे स्मरण है जब हमने उन्हें लिया। वह मुझे वहां ले गया, मुझे दिखाया कि ये कैसे कार्य करता है। परख नलिया और जितना आप माचिस की तीली के सिरे पर ले सकते हैं ले, ये हजारों छोटे–छोटे बछड़े और सांड वहां है, परंतु इनमें से केवल एक जीवित रह सकता है। उनमें से केवल एक! और यहां उनका गोला है, *यहां*। और आप ध्यान देंगे उनमें से *यहां* एक बढ़ेगा, जायेगा, शुक्राणु *यहां* आता है; और अंडा उन अंडो में से आता है वे भी *यहां* एक साथ मिलेंगे, और बाकी सब मर जायेंगे। फिर भी वे जीवित है, परंतु वे मर जाते हैं।

249 क्योंकि वहां कुछ है, किसी ने एक को उपजाऊ बनाया और *उसे* ठहराया भी, मेरे भाई यह पहले से ठहराया जाना है। निश्चय ही। परमेश्वर ही निश्चित करता है कि ये लड़का या लड़की है, लाल सिर, काला सिर, या ये जो भी है। ये परमेश्वर ही तय करता है। मेरे लिए कुंवारी जन्म से अधिक ये भेद है। परंतु, ध्यान दें, बाकी मर जाते हैं।

250 वहां बीस लाख लोग निकल कर आये, गाया, चिल्लाए, सब कुछ किया, बोले... कभी भी भाषाओं में नहीं बोले थे। परंतु वे चिल्लाये, और—और परमेश्वर को महिमा दी, और ऊपर नीचे नृत्य किया, सागर पर, और सब कुछ किया तो बाकियों ने किया परंतु केवल दो ही प्रतिज्ञा के देश में गए। कालेब गया, कालेब और यहोशू, केवल दो। ये दस लाख में से एक, स्वाभाविक जन्म में भी दस लाख में से एक। प्रत्येक को वही एक ही आशीष मिली।

ओह, पेंटीकोस्टलो, मैं आशा करता हूं तुम अधिक देर से नहीं जागोगे।

251 एक दस लाख में से। देखिए। आज संसार में 50 करोड़ कहलाने वाले मसीही है यदि यीशु आता है तो केवल 500 ही उसके साथ जायेंगे। यदि यह गणना सही होती है, क्यों हर दिन इससे भी अधिक हो जाते हैं, समस्त संसार में। वे इस विषय में कुछ नहीं जानते।

252 "'मैं समझता हूं,' शास्त्री ने कहा, 'आप ये जानते हैं... ' शास्त्री ये क्यों कहते है कि 'एलिय्याह का पहले आना आवश्य है'? " उन्होंने यीशु से कहा।

253 उसने कहा, "एलिय्याह तो आ चुका, तुम नहीं जान पाए।" उसने ठीक वही किया जो वचन ने कहा, उसे होना था। समझे? "इसी प्रकार से मनुष्य का पुत्र भी दु:ख उठाएगा। अधीनता में... " उन्होंने उसे नहीं पहचाना। यद्यपि, वे सब कलीसिया में थे। सब ने जीवित होने का दावा किया।

254 उसको वास्तव में तय किया गया, नया जन्म प्राप्त मसीह, परमेश्वर का सच्चा दास परमेश्वर के उस वचन को सुनता है, वह हर एक नामधारी से होता हुआ बाहर आ जायेगा उस सच्ची उपजाऊ भूमि पर, वचन के द्वारा, उपजाऊ भूमि पर। वह बस ये करेगा। मैं नहीं जानता वह यह कैसे करता है। परमेश्वर ने इसे होने के लिए ठहराया है।

255 आपको आरंभ में धोखा दिया गया, आपके पहले विवाह के द्वारा अब आप जानते हैं कि सत्य क्या है। जैसे कि मैंने कहा, जैसा कि मैंने कहा वह छोटा उकाब जब वह दूल्हे का शब्द सुनता है, वह इसके पास गया, अभिषिक्त किया हुआ अंत के दिन के लिए प्रमाणित किया हुआ परमेश्वर का वचन।

256 नूह अपने समय का प्रमाणित वचन था। क्या आप यह विश्वास करते हैं? [सभा "आमीन" कहती है।—सम्पा।] भाई, उसका संदेश आज कार्य नहीं करेगा।

257 मूसा अपने दिन का प्रमाणित वचन था। क्या आप यह विश्वास करते हैं? [सभा "आमीन" कहती है।—सम्पा।] यह अब के लिए कार्य नहीं करेगा। यीशु था...

258 यूहन्ना प्रमाणित वचन था। क्या आप यह विश्वास करते हैं? [सभा "आमीन" कहती है।—सम्पा।] ये यीशु के दिनों में काम नहीं करेगा। निश्चय ही नहीं। नहीं, श्रीमान। "व्यवस्था और भविष्यवक्ता यूहन्ना तक थे; तब से स्वर्ग का राज्य।"

259 प्रेरित वे जिन्होंने बाइबल तैयार की। यहां लूथर आता है, सुधार में, उसके वचन जो उसकी कलीसिया में थे, आज कार्य नहीं करेंगे। वैसली के नहीं करेंगे। पेन्टीकोस्टल के नहीं करेंगे। इसने उन्ही के दिन में कार्य किया।

260 परंतु यह दूसरा दिन है। यह सात मोहरो का खुलना है। मैं जानता हूं यह आपको विचित्र सुन पड़ता है परंतु परमेश्वर ने इसे सिद्धता से प्रमाणित किया। इसमें कोई प्रश्न ही नहीं। ठीक सिद्धता से! मैं यह यहां स्थानीय मंडली को नहीं सुना रहा हूं। मैं यह समस्त राष्ट्र के लोगों से बोल रहा हूं। समझे? करिए आप जो चाहे।

261 अब ध्यान दें उसके दिन का अभिषिक्त वचन जिसके आप पहले से ठहराये हुए भाग है, आप तुरंत ही इसे पसंद करते और जान गए। जब आपने सुना आप तुरंत जान गए कि आप एक उकाब है। आपने यह भी अनुभव किया कि आप आरम्भ से ही नामधारी के चूजे नहीं है। आपको मालूम था कि वहां कुछ गलत था। वहां कुछ तो गलत है, यह ठीक बात है, क्योंकि आप जानते हैं कि आप इसमें फंसे हुए थे, आरंभ में।

262 वह, दूल्हे ने आपकी लज्जा को ले लिया, "और इसे भूल जाने वाले समुंदर में डाल दिया, वचन के जल से धोने के द्वारा और जीवन का लहू।" यही जो बाइबल ने कहा। आपका पहला पति जिससे आपका विवाह हुआ, संसार था... अभिषिक्त दूल्हा, जो आपके लिए पहले से ठहराया हुआ था, उसने आपको पानी के द्वारा धोया, "कलीसिया के द्वारा"? [सभा "आमीन" कहती है।—सम्पा।] यह ठीक नहीं लगता, क्या ये लगता है? ["नहीं।"] आप इसे पाचांग में पा सकते हैं, परंतु परमेश्वर की बाइबल में नहीं। "वचन के जल के द्वारा धोए गए।" वचन में! समझे? द्वारा से...

263 आप पूरी रीती से न्यायोचित खड़े हैं, जैसे कि आपने ये कभी नहीं किया आरंभ से। अब कलीसिया को मेरा यह संदेश है। जैसे कि आप... जैसे कि हम हवा से निकल गए हैं, एक मिनट में। जैसे कि आप खड़े हैं, यदि आप परमेश्वर के वचन पर खड़े हैं और परमेश्वर के वचन के साथ, हर आमीन, हर बिन्दु, हर उपनाम। आप कहाँ खड़े हुए है? मैं आपको बताने का यत्न कर रहा हूं उस भूसे से अलग हो जाये। और इस गेहूं में चले जाये, जहां आप पुत्र के समक्ष पक सकते हैं। मैं संगठित होने को आते हुए सुन सकता हूं। आप पूरी रीती से न्यायोचित खड़े हैं, जैसे कि आपने पहले ही स्थान पर इसे कभी नहीं किया। हाल्लेलुय्या!

264 धन्यवाद देने के विषय में बात करते हैं! मुझे वास्तव में बहुत अच्छा लगता है। मैं इसके लिए अधिक धन्यवादित हूं, बजाये किसी और चीज के, जो मैं जानता हूं।

265 आप शुद्ध, गुणवान, पाप रहित जीवन परमेश्वर के पुत्र की दुल्हन है। हर पुरुष और स्त्री जो परमेश्वर के आत्मा से जन्मा है, और यीशु मसीह के लहू में धुला है, और परमेश्वर के हर वचन का विश्वास करता है, ऐसे खड़ा है कि यद्यपि आपने कभी पहली बार पाप किया ही नहीं। आप सिद्ध है। यीशु मसीह का लहू! आप कैसे कर सकते हैं... यदि एक मनुष्य...

266 यदि मुझे प्रात: मरना था, एक मनुष्य ने मेरा स्थान ले लिया, मैं उस पाप के लिए नहीं मर सकता। किसी ने मेरा स्थान ले लिया।

267 और यीशु, वह वचन, ने मेरा स्थान ले लिया। वह मैं बन गया, वह पापी ताकि मैं वह हो सकूं, वचन। आमीन। मुझे इसे सच्चाई से पकड़ने दो, ना कि कलीसिया को। वह वचन! आमीन।

268 ओह, मसीह और उसकी कलीसिया का आत्मिक मिलन जब देह वचन हो जाये और वचन देह हो जाये प्रगट हो गया, प्रमाणित हो गया। यही जो बाइबल ने कहा इस दिन में घटित होगा, यह दिन प्रतिदिन घटित हो रहा है। क्यों, ये वहां इतनी जल्दी इकट्ठा हो रहा है, उन रेगिस्तानों में और चीजें हो रही है, यहां तक कि मैं भी उन चीजों को नहीं रख सका। हम यीशु के आगमन के समीप है कि उसकी कलीसिया के साथ जुड़ जाये, जहां वचन वचन हो जाये पवित्र आत्मा की पुकार ह्रदयो को ढूंढ रही है।

269 आप पूरी रीती से खड़े हुए हैं। आपने कभी भी पाप किया ही नहीं। यहां तक कि परमेश्वर जानता ही नहीं। ये भूल जाने वाले समुंदर में है। आपने ये कभी नहीं किया। आप पर दोष लगाया गया था, दोष लगाने वाले के द्वारा। परंतु आरंभ से ही, आप परमेश्वर के पुत्र और पुत्रियां होने के लिए ठहराए गए थे। आप धुले हुए खड़े हैं, और आपकी पुरानी तलाक की पुस्तक हटा दी गई, और ये मर गया, बिल्कुल अस्तित्व में ही नहीं है, यहां तक कि परमेश्वर के मस्तिष्क में भी नहीं।

270 आप गुण संपन्न मसीह की दुल्हन है, मसीह के लहू में धुले हुए। मूल्यवान, गुणवान, पाप रहित परमेश्वर के पुत्र, बिना मिलावट और पवित्रताई दुल्हन वचन खड़ा है कि वह उसके अपने लहू जल के द्वारा धुला है; जो कि देह बना और प्रगट हुआ ताकि वह आपको ले सके, जो कि पिता के ह्रदय में पहले से ठहराये हुए थे, वैसा ही जैसा वह था। वह परमेश्वर का महान गुण “प्रेम” कहलाया।

271 आप जो भी है आप परमेश्वर के दास, परमेश्वर आपसे जो भी करवाना चाहता है, आपका स्थान कहां है, “परमेश्वर ने कलीसिया में कुछ प्रेरित, भविष्यवक्ता, शिक्षक, रखवाले रखे हैं... ” उसने अपने गुण के द्वारा अपने पहले से ठहराये जाने के द्वारा रखे हैं। और आप आरम्भ से वही थे।

272 आपका पहला विवाह निरस्तर हुआ था। यही था। आपने ये कभी किया ही नहीं। क्योंकि, केवल एक ही चीज की जा सकती थी ये कि परमेश्वर स्वयं नीचे आयेगा और परमेश्वर के पुत्र के समान होकर आपका स्थान लेगा यीशु मसीह, और आपको जल के द्वारा धोया और वचन के जल के द्वारा धोया। वचन; नामधारी नहीं! वचन ने आपको धोया। परंतु यदि आप वचन के जल में खड़े नहीं होंगे, तो आप कैसे धुलेंगे? आप अब भी वैसे दागी है जैसे हवा थी।

ओह, प्रिय मरते हुए मेमने तेरा बहुमूल्य लहू
कभी अपनी सामर्थ नहीं खोयेगा,
जब तक परमेश्वर की चुनी हुई कलीसिया
बचा ली जाये कि और पाप ना करें।

273 पाप क्या है? *पाप* “अविश्वास” है। अविश्वास (किसमें?) वचन में; परमेश्वर में अविश्वास, जो कि वचन है।

274 शुद्ध, बिना मिलावट; ओह, हाल्लेलुय्या; आकाश के लिए जाने को जल्द छोड़ रहे हैं; आमीन; तैयार खड़े हैं। सोचिए। आपके कपड़े जल के द्वारा धोये गए, लहू बहते वचन के द्वारा! वचन लहू हो गया। वचन आपके लिए लहूलुहान हुआ, और आप लहू बहते वचन के द्वारा धोये गए। वचन का बहता लहू! परमेश्वर का जीवन वचन में और वचन आपके लिए लहूलुहान हुआ, ताकि आपको इस वैश्या की गंदगी से धोया जाये, और शुद्ध और पवित्र वचन के जल के धोने के द्वारा और आपके मस्तिष्क और हृदय परमेश्वर और उसके वचन पर टिके रहे।

275 अब, आप कैसे जानते हैं कि यह सत्य है? जब परमेश्वर नीचे आया और इसे प्रमाणित और सिद्ध किया।

276 आप कहते है, “भाई, मैंने इस प्रकार से विश्वास नहीं किया।” उन्होंने यीशु के अनुसार विश्वास नहीं किया, परंतु परमेश्वर ने इसे सिद्ध किया। उन्होंने नूह के अनुसार विश्वास नहीं किया। उन्होंने मूसा के अनुसार

विश्वास नहीं किया। इसके लिए वे बालम का वचन लेने को इच्छुक थे, “हम सब एक से हैं इसलिए आओ एक साथ मिल जाये।”

“स्वयं को अलग करें,” बाइबल ने कहा, “अविश्वासियों से।”

277 हाल्लेलुय्या! अब ध्यान दें। आप केवल ये ही नहीं, परंतु आप आकाश में विवाह के लिए जा रहे हैं। और आप पहले से ठहराये विवाह के छल्ले को पहन रहे हैं, बिना योग्यता के अनुग्रह, एक विवाह की अंगूठी अनुग्रह की आपकी अपनी कोई योग्यता नहीं। परमेश्वर ने यह स्वयं किया। उसने आपको संसार की सृष्टि से पहले जाना, इसलिए उसने आपके ऊपर विवाह की पट्टी डाल दी आपका नाम पुस्तक में लिख लिया। क्या ही धन्यवाद! हाल्लेलुय्या! हमारे परमेश्वर की महिमा हो।

278 अब, बंद करते हुए, मैं यह कह सकता हूं। हम सब जानते हैं कि आधुनिक कलीसिया, पेन्टीकोस्टल, इस वर्तमान स्थिति में... सारे नामधारी एक साथ मिलकर मैं उन सब को एक गठ्ठर में जानता हूं क्योंकि वे है। स्मरण रखे वह पहले जंगली पौधों के गठ्ठर बाधने जा रहा है कि उन्हें जलाये। वह गेहूं के सारे डंठलों को लेकर और सब को पहले जलाएगा; फिर वह लेता है आकर अपने गेहूं को लेता है, और इसे घर ले जाता है। यह सब बंडल में इकट्ठे हो रहे हैं, मैथोडिस्ट, बैपटिस्ट, पेन्टीकोस्टल, सारे एक्यूमेनिकल सभा में। बस। वे सारे जलाए गए। समझे?

279 हम सब जानते हैं कि आधुनिक कलीसिया अपनी इस वर्तमान स्थिति में वर्तमान दशा में; किसी भी स्थिति में परमेश्वर के द्वारा आज के दिन दिए गए महान प्रधिकार को पूरा करें। कितने पेन्टीकोस्टल इस पर “आमीन” कह सकते हैं? [सभा “आमीन” कहती है—सम्पा।] ठीक है। समझे? यह इसमें...

280 हम वननेस, टुनेस, थ्रीनेस, *ये, वह, आदि*, विवाद, झगड़े। इस पर और एक *यह* और वह, और *आदि*। उनमें से प्रत्येक वचन का सामना करने से भयभीत होता है, ठीक परीक्षा के लिए। समझे? वे जानते हैं। आप उन्हें इस विषय में बताये, वे कहते हैं, “मैं—मैं इसमें सहायता नहीं कर सकता। मैं इसका विश्वास नहीं कर सकता मैं चिंता नहीं करता, वह क्या करता है। मैं... ” समझे? समझे? समझे? दर्शाता है मामा और पापा आपके कैसे हैं। “किसी दिन आप स्टेट प्रेसब्यटर हो सकते हैं। आप *ये, वह* या *कुछ* हो सकते है।” अच्छा हो कि आप परमेश्वर के पुत्र हो जाये।

281 अब, हम जानते हैं कि कलीसिया नहीं कर सकती पेन्टीकोस्टल कलीसिया, किसी विधि से नहीं, किसी विधि से नहीं, इस अंत समय के संदेश का निर्वाह नहीं कर सकते हैं, इस वर्तमान स्थिति में। क्या हो सकता है? [सभा कहती है "नहीं।"—सम्पा।] क्यों एक या दो शब्दों पर सहमत भी नहीं हो सकते, बाइबल में आप ये कैसे करने जा रहे हैं? यह इसे नहीं कर सकता? यह इसे नहीं कर सकता इसलिए आप देखिए नामधारी बाहर है। यह ठीक बात है।

यह चुने हुए लोग होने जा रहे हैं, जो इसके लिए चुने हुए हैं। समझे?

282 अब जानिए और ऐसे ही हम में से हर जन जानता है कि नामधारियों का समस्त झुंड, पेन्टीकोस्टल और सब मरे हुए हैं, यह फिर से जन्म लेना है संदेश के मसीही। ओह। आपका पहला पति मर गया। आप जानते हैं वह मरा हुआ है। परमेश्वर इसे मरने दे। यह समाप्त हो गया। और ये सारा वैज्ञानिक, बुद्धिमान, शिक्षण, बाइबल विद्यालय की कहलाने वाली वैज्ञानिक विधियां और चीजें नष्ट हो गई। इसने क्या किया? अलग किया हुआ, *यहां* एकवाद और त्रिएकवाद *यहां*, और दोवाद *यहां*, और *यहां* पर, *यहां* वहां, और ऐसा गड़बड़ और स्वयं को पेन्टीकोस्टल कहलाते हैं।

283 क्यों, उस दिन मैं एक युवक के पास गया; ठीक यहां अब भी सुन रहा है। और एक युवती वह किसी कलीसिया विशेष से संबंधित थी। उसने कहा... मैंने कहा, वे अलग हो गए। मैंने कहा, "क्या मामला है?"

कहा, "कि हमारा विश्वास भिन्न है।"

मैंने कहा, "ओह, मुझे खेद है। क्या आप कैथोलिक है?"

284 उसने कहा "नहीं।" उसने मुझे जिस नामधारी कलीसिया से थी बताया, एक पेन्टीकोस्टल।

285 मैंने कहा, "*आप* क्या है?" वहां भी पेन्टीकोस्टल था, परंतु दूसरे नामधारी में। ओह!

286 आप जानते हैं, रोमन कैथोलिक कलीसिया आरंभ हुई पेन्टीकोस्टल? कितने जानते हैं कि यह सत्य है? [सभा "आमीन" कहती है।—सम्पा।] ये अब जहां है यहां आने के लिए इसने इसने दो हजार वर्ष लिए, पवित्र वचन का कुछ भी नहीं लेते और नहीं। कुछ नहीं। क्यों, अब से बीस वर्षों में पेन्टीकोस्टल उससे भी खराब हो जायेगा, जो वे अब है, ये अब जिस

दशा में है उसी में बढ़ता जा रहा है। क्यों, निश्चय ही। समझे? ये क्या है? ये क्या है? देखो उनके माता पिता कौन है। उनकी स्त्रियां अपने आती है बाल काटती है। जो वे चाहती है वे लगभग वही कर सकती है। "जब तक वह कलीसिया से है ये सब आवश्यक है।"

287 ओह, कोई आश्चर्य नहीं, परमेश्वर की निंदा बढ़ गई है! परमेश्वर ने ठीक आपकी आंखों के सामने रखा है आप अपनी आंखें बंद करते हैं, और इसे देखने में असमर्थ है। जी हां। सहानुभूति के कटोरे बंद कर देते हैं, जब आप परमेश्वर का सच्चा वचन देखते है और ये सात मोहरे प्रमाणित होते हुए और ऐसे ही सिद्ध और सारे राष्ट्रों और सब जगह आकाश में गवाही, महान चिन्हों और चमत्कारों के द्वारा जिनकी उसने प्रतिज्ञा की वह करेगा, तब आप चुप हो जाते और कहते, "मैं—मैं नहीं जानता, मैं—मैं इसमें सहायता नहीं करता... " समझे? ओह! यह मर गया, और यह नहीं जानता। पाप और अपराध! आप मर गए। ओह!

288 हम सब जानते हैं कि कलीसिया इस दशा में इस अन्त के दिन में समाप्त नहीं हो सकता। ये कैसे मलाकी चार को भीतर ला सकता है? ये कैसे कर सकता है? वे ऐसी बात में विश्वास भी नहीं करते। इस पर कैसे विश्वास कर सके लुका 17:30 को लाये? ये सारे और पवित्र वचन लाये जा सके, जिनकी प्रतिज्ञा अंत के दिनों के लिए है? ये नहीं हो सका क्योंकि ये इसका इंकार करता है। "जैसा कि ये लूत के दिनों में था, ऐसा ही मनुष्य के पुत्र के आने के दिनों में होगा।"

289 स्थिति को देखें, लूत, उस दिन सदोम में था, आज के दिन कलीसिया की दशा को देखें। देखें, चुने हुए अब्राहम का क्या हुआ।

290 देखें लूत का क्या हुआ और उनका जो सादोम में थे। बिली ग्राम को देखें और ओरल रोबर्ट को, वे जो उन नामधारियों के मध्य में है। अब्राहम चुनी हुई कलीसिया को देखें, बाहर खींची गई, देखें।

291 किस प्रकार का चिन्ह कि यीशु स्वयं, अवतरित परमेश्वर वहां मानव देह में खड़ा हुआ है। आप कहते, "वह एक दूत था।" बाइबल ने कहा वह परमेश्वर था।

292 प्रभु परमेश्वर, एलोहिम, वहां मानव देह में खड़ा हुआ है, दर्शा रहा है कि वह अपनी कलीसिया को अंत के दिनों में ऐसा अभिषेक करेगा, ये परमेश्वर फिर से मनुष्य कि देह में कार्य कर रहा होगा। "जैसा यह सादोम

के दिनो में था ऐसा ही मनुष्य के पुत्र के आने के दिनों में होगा।" उसी प्रकार की बात। वे इसे ठीक पवित्र वचनों में देखते हैं। पढ़े... "पवित्र शास्त्र में ढूंढो, जिसमें तुम सोचते हो कि तुम्हें अनंत जीवन मिलता है।" और ये वे है जो इसकी गवाही देते हैं। देखा? समझे?

293 इसलिए हम जानते हैं कि वे मर गए। परमेश्वर इसे अपने स्वयं के वैज्ञानिक शिक्षण योजना में मरने दे।

294 सारे पेन्टीकोस्टल इस विषय में बातें किया करते थे, बाइबल विद्यालय से दूर भेजने के विषय—विषय में, जब बूढ़े भाई लोयते वापस आये, वे यहां आस–पास थे और वे कलीसिया में से भाग जायेंगे। "परंतु, ओह अब यह महानतम बात है। मेरा पुत्र बाइबल विद्यालय में है।" वह अपनी कब्र खोद रहा है। इसलिए अब आप सोचते हैं, वे इसे ले सकते हैं आज?

295 आप सोचते हैं कि मैं अज्ञानता का पक्ष लेने का यत्न कर रहा हूं? मैं नहीं। मैं आपको बता रहा हूं कि इस बुद्धिमान युग जिसमें हम रह रहे हैं भिन्नता है, जहां कलीसिया विज्ञान से गर्भवती हुई और ये सब कहलाने वाले "प्रगट हुए" और आदि–आदि। आप परमेश्वर को ना समझे।

296 अच्छा, वे—वे याजक लोग परमेश्वर को इतने अच्छी तरह समझ गए, वे जान गए कि मसीह किस प्रकार से आने वाला है, परंतु वह उससे इतनी भिन्न प्रकार से आया जो वे समझ रहे थे, यह वैज्ञानिक नहीं था। "कैसे यह मनुष्य, अवैध संतान होने के नाते? वह विद्यालय कहां गया, उसकी शिक्षा कहां से आई? उसने यह कहां से सीखा? "

297 "क्यों, तुम हमें सिखाने का यत्न करते हो? तू व्यभिचार में जन्मा है, देखा? " ओह, भले के वास्ते!

298 देखिए वही बात फिर दोहराई जा रही है? [सभा कहती है, "आमीन।"—सम्पा।.] देखिए ये फिर हो रहा है? उनकी धार्मिक विज्ञान, धार्मिक विज्ञान उनके बाइबल विद्यालय के अनुसार जो कहा गया, इसी प्रकार से वे इसे चाहते हैं, "इसे इसी प्रकार से ही होना है या ये नहीं है।"

299 परमेश्वर इन्हें मूर्ख बनाता है, हर बार, यह सदा भिन्न आता है। यह नूह के समय किया गया मूसा के समय; मसीह के समय किया; यूहन्ना के समय किया गया; चेलों के समय; वैसली के समय हुआ; लूथर के समय हुआ; पेन्टीकोस्टल के समय हुआ; और ऐसा ही यह फिर हुआ। यह अपना नमूना नहीं बदलता। सदा एक ही चीज आती है, केवल सुधारकों के द्वारा

वे सात... छ: युग, सातवे तक। और प्रकाशितवाक्य 10 में कहा इस घड़ी में थे बदल जायेगा और ये हुआ।

300 अब हम बंद कर रहे हैं ये कहते हुए, बड़ा अधिकार पूरा हुआ, वे इसे कैसे कर सकते थे? हम जानते हैं कि वे मर गए, परमेश्वर इसे वैज्ञानिक युग में मरने दे इस सारे को, ताकि—ताकि वह (क्या करें?) सात मोहरो के भेद को खोल सके उस दुल्हन को जो नामधारी नहीं है। वे नामधारी उन सात मोहरों को कैसे स्वीकार कर सकते हैं, जब की यह बिल्कुल विपरीत है, सर्प का वंश और वे सारी दूसरी बातें? वे सारी पूरी सात भेद जो उन्होंने सीखी है विपरीत है, क्योंकि उन्होंने अपनी बाइबल में से पुरानी शिक्षा ली है।

301 और परमेश्वर के सात मोहरे जब थे वहां पहाड़ पर खुली हुई थी, परमेश्वर मुझे यही प्रचार मंच पर मर जाने दे, यदि ये सत्य नहीं है। और मैंने आपको इसके घटित होने के एक वर्ष और छ: महीने पहले बताया था, कि उसने मुझसे क्या कहा "एरीजोना को जाओ," और वहां रेगिस्तान में क्या घटित होगा। और आज रात्रि यहां लोग बैठे हुए हैं, वे ठीक वहां खड़े थे और जब सात स्वर्गदूत नीचे आये तो वहां पर उपस्थित थे। और यहां तक कि... पत्रिका *लाइफ पत्रिका* ने लेख संग्रहित किया है ये ठीक वहां वेधशाला में और आदि–आदि। अब वे इतना भी नहीं जानते यह सब क्या है।

302 और सब कुछ कहां गया ओह केलीफ़ोर्निया का विनाश होने को भी अब आ रहा है, और वे सारी दूसरी चीजें और मैंने उन्हें कैसे बताया, ये कितने दिनों में होगा, ये कैसे होगा, जहां वे बड़ा भूचाल अलास्का में हुआ और यह समय चिन्ह का आरंभ है, और क्या घटित होगा। और बस शब्द–शब्द जो कहा गया। ये एक बार कभी भी असफल नहीं हुआ। आपने इसे कभी भी असफल होते नहीं देखा। और ये असफल नहीं हो सकता, क्योंकि ये परमेश्वर के वचन है, "और स्वर्ग और पृथ्वी टल जायेंगे, परंतु यह असफल नहीं हो सकता।" ये ठीक बात है।

303 परमेश्वर को ये सात मोहरे खोलनी ही थी, नामधारी संस्था में नहीं, मैं सदा इसके विरोध में रहा हूं। परन्तु नामधारी कलीसिया से बाहर वह एक दुल्हन ले सकता है ना कि नामधारी दुल्हन, वह यह नहीं कर सका, ये उसके अपने वचन के विरुद्ध है। उसने वहां वे सातों भेद खोलें। ये दर्शाता है, उन चीजों को लाता है, जो संसार की सृष्टि से छिपी हुई थी, इन अन्त

के दिनों प्रगट हो सकती है, परमेश्वर के पुत्रों पर। वे लाये लोगों के सामने लेकर आये, और वे उसे वहां देखते हैं, अब आप इस बिना नामधारी वाली दुल्हन। ओह!

304 वहां आपकी दो पुस्तकें हैं। उनमें से एक मेमने की जीवन की पुस्तक। आपका नाम उसमें पहले से ठहराया हुआ है। यह नहीं जा सकता क्योंकि आप इसे किसी चीज से भी नहीं हटा सकते, देखिए, क्योंकि यहां–वहां होने के लिए पहले से ही अभिषिक्त है। परंतु जीवन की नियमित पुस्तक, इसे किसी भी समय हटाया जा सकता है। समझे? आप प्राश्चित नहीं करते, जो भी है, यह अलग है क्योंकि आप न्याय में खडे होने जा रहे है। दुल्हन तो न्याय में भी नहीं खड़ी होगी स्वर्गारोहण में चली जाती है। जैसे कि...

305 मैं यह बंद करते हुए कहता हूं। देर हो रही है... ये लगभग साढे नौ हो रहे हैं और हम साढ़े नौ बजे बाहर निकलने जा रहे हैं प्रभु ने चाहा तो अब वास्तव में श्रद्धा में होते हुए सुनिए। एक बार...

306 ये इसलिए कह रहा हूं क्योंकि यह समस्त राष्ट्र में जा रहा है, न्यूयॉर्क में अब 11:25 हो रहे हैं वहां फिलेडेलफिया और आसपास वहां होते हुए वहां वे प्रिय संत जन बैठे हुए सुन रहे हैं, ठीक कलीसियाओ में चारों ओर। ऊपर, नीचे मेक्सिको के आस–पास ऊपर कनाडा के आस–पास और चारों ओर उत्तरी अमेरिका द्वीप में दो सौ मील कहीं भी अधिकांश लोग बैठे सुन रहे हैं। हजारों हजार लोग सुन रहे हैं।

307 कलीसिया मेरा यह संदेश तुम्हारे लिए है, तुम ये तुम्हारा मिलाप है, आत्मिक मिलाप वचन के द्वारा कि आप इन पुराने पतियों के लिए मर गए हैं। आप फिर से जन्मे है, उसे खोदने का यत्न ना करें वह मर गया। यदि आप नया जन्म प्राप्त मसीही है, तो वह छोटा जीवांश जो आपके लिए पहले से ठहराया गया है ये वचन पर वचन आ रहा है, वचन पर वचन, वचन पर वचन और मसीह के पूरे कद तक ला रहा है, यह ठीक बात है, इसलिए वह अपनी दुल्हन को लेने को आ सकता है। अब हम बस एक चीज के लिए तैयार है, वह प्रभु का आगमन है।

308 वहां आपका नाम जीवन की पुस्तक में है, जीवन की पुस्तक परमेश्वर का वचन है, क्योंकि वचन परमेश्वर है परमेश्वर ही केवल ऐसी चीज है जो जीवन है। इसलिए आपके नाम का प्रतिनिधित्व बाइबल में बाइबल के वचन होने से पहले किया गया। और यदि आप यहां ये करने के लिए है, तो क्या

ये वचन प्रमाणित नहीं करेगा? [सभा "आमीन" कहती है।—सम्पा।] क्या कलीसिया स्वयं को प्रमाणित नहीं करेगी? क्या मलाकी चार नहीं करेगा, और ये सारी चीजें, सिद्धता, सिद्धता स्वयं को प्रगट करती है, और यह दर्शाती है कि यही जो वह है? ["आमीन।"]

309 जब यीशु आता है उसने कहा, "यदि मैं उन कार्यों को ना करूं जिन्हें करने के लिए मेरे लिए प्रतिज्ञा की गई है, तो मेरा विश्वास मत करो।" वह कौन से झुंडो का सदस्य बना? उसने कहा, "वे सब... तुम अपने पिता शैतान से हो और तुम उसके कामों को करते हो।" समझे? समझे?

310 कलीसिया हम अंत के दिनों में है। मेरा यह आपके लिए धन्यवाद देने का (थैंक्स गिविंग) का संदेश है

311 अब बंद करने से पहले एक बार मैं वहां ग्लेशियर नेशनल पार्क में था। हमने सारे दिन सुना कि वहां उनके पास एक उनके पास एक झरना था, एक ग्लेशियर कि आग जो उस रात्रि गिरने वाली थी। इसलिए लोग व्यस्त थे, सारे दिन कि उस चीज को तैयार करें, क्योंकि वे उस रात्रि आग गिराने वाली थी। उन्होंने आग के झरने का द्रव्य डाला, जैसे पानी का एक बड़ा ग्लेशियर। परंतु ये... मेघ धनुष के समान लगभग दिखाई पड़ा, जब यह उस आग से बाहर आता है, जो इस ग्लेशियर से गिर रही है। उस पार्क में चारों और पत्नी और मैं और बालक पूरे दिन इधर–उधर घूमे हम उस आग की प्रदर्शनी को देखने के लिए रुके। इसलिए हम से प्रतिज्ञा थी कि हम इसे देखेंगे और हम इसकी फिर से गवाही देंगे। उन्होंने कहा उनके पास ये गर्मी के ऋतु में होते हुए कभी था और आदि–आदि। मैंने कहा, "अच्छा क्या हम इसे देखने पायेंगे? "

312 कहा, "आज रात्रि हमारे पास प्रतिज्ञा है। हमसे प्रतिज्ञा की गई है।" कहा, "वे वहां ऊपर अब इसे तैयार कर रहे हैं।"

313 अंतत: उस घटना के लिए सब तैयारी कर दी गई! यही जो अब घटित हो रहा है। सब कुछ उस घटना के लिए तैयार कर दिया गया, एक कलीसिया उसके नाम के लिए बाहर खींची गई, उसकी दुल्हन संसार में से ली गई है, ये नामधारी और सारी दुनिया, और गंदगी और संसार की चीजें।

314 हर कोई; घटना तैयार कर दी गई है हर कोई बाहर खड़ा है। उन्होंने कहा, "अब ध्यान रखें, वहां उस पहाड़ की चोटी पर।"

315 इसी प्रकार से यह सदा आता है। इसी प्रकार से इसे इस बार आना है, इसी प्रकार से ये सदा आया है। ना कि नामधारी कलीसिया के द्वारा! परमेश्वर ने कभी नामधारी का प्रयोग कभी नहीं किया कभी नहीं।

316 सुधारक गए उसे प्रभु का वचन मिलता है। और तब जब वह मर जाता है, वह इसमें से नामधारी बना लेते हैं यही जो पेंन्टीकोस्टल और सब ने किया। जब नए विषय मामले हर चीज यही विधि है, इस प्रकार से चीजें बाहर आती है, एक नया शब्द जोड़ा गया तब उन्होंने इससे नई कलीसिया बनाई नामधारी बनाया स्वयं को अलग कर लिया, इसे इसी प्रकार से होना था।

317 अब आप हरा नहीं सकते, आप प्रकृति को हरा नहीं सकते। प्रकृति उसी चक्र में चलती है, सारे समय: डंठल, पत्ता, झब्बा, टहनी और आदि–आदि, छिलका तब गेहूं।

318 अब ध्यान दें। सब तैयार था। हर चीज प्रज्वलित और तैयार की गई। और हर कोई बाहर खड़ा था। मैंने अपना सिर उठा रखा था, मेरे हाथ मेरी पत्नी को घेरे थे। हम देख रहे थे। और बालक वहां खड़े थे, हम सब ऊपर देख रहे थे *इस* प्रकार से। ओह! ये कुछ था, क्योंकि हम इसकी आशा कर रहे थे, हम से यह प्रतिज्ञा की गयी थी।

319 आमीन! वचन ने इसकी प्रतिज्ञा की है। "यह देखो प्रभु के बड़े और भयानक दिन के आने से पहले यह घटित हो जायेगा, मैं तुम्हारे पास एलिय्याह भविष्यवक्ता को भेजूंगा वह बालकों के ह्रदय को पूर्वजों की ओर फेरेगा... " "यह अंत के दिनों में घटित होगा, मैं ऊँचे से अपना आत्मा उंडेलुगा।" "पहली और अंतिम वर्षा अंत के दिन में एक साथ आयेगी।" ये सारी प्रतिज्ञाये, पवित्र वचन में से होते हुए दी गई है, हम ऊपर की ओर ताक रहे हैं, इस घड़ी में राष्ट्र में सच्ची दुल्हन को देखें ऊपर देख रही है, कलीसिया वह आ रहा है इन्ही किन्ही दिनों में। वैसे ही निश्चित जैसे वह पहली बार आया था, वह फिर आ रहा है। हर चीज को तैयार कर लो। स्वयं को भूसे से अलग कर लो। पुत्र के सामने लेट जाओ। ऊपर देखते रहो। आशा में बने रहो।

320 एकदम से हमने पहाड़ की चोटी से कुछ सुना लाउडस्पीकर से एक आवाज आई, कहा, "सारी चीजें तैयार है।"

321 तब यह पुरुष जो मेरे बराबर में खड़ा हुआ था, बोला, “आग को गिरने दो।” और यहां सारे पहाड़ पर आग का एक ग्लेशियर उड़लने लगा, चमक का प्रहार देखने वाला दृश्य।

322 भाई, इन दिनों में हम सब चीजें तैयार कर ले आग गिरने वाली है, हम ऊपर जा रहे हैं। अब हम आग गिरने के समय के लिए तैयार हो जाये। हम अंतिम दिनों में हैं, हम सब यह जानते हैं, और हम प्रभु के आगमन के लिए तैयार है। करने के लिए जो चीज है कि हम स्वयं को सारे पापों से अलग कर ले। स्वयं को उन चीजों से अलग कर ले, जो संसार का भाग है, “संसार और उसकी वस्तुओ से प्रेम ना करें।”

323 “कोई भी मनुष्य तुम्हें अपने मतसार से धोखा ना देने पाए।” आप ठीक परमेश्वर के प्रतिज्ञा में बने रहे, परमेश्वर का वचन। और वह वचन, यदि वह इस दिन का वचन है, परमेश्वर ऐसा प्रमाणित करता है। यदि वह नहीं करता, तो यह इस दिन का वचन नहीं है।

324 वह वचन जो पेन्टीकोस्टल के दिन में उतरा आज के दिन कार्य नहीं करेगा। नहीं, श्रीमान। वह पेन्टीकोस्ट के लिए था। यह दुल्हन के लिए है, घर जाने वाली दुल्हन के लिए। हमारे पास कुछ भिन्न है। पेन्टीकोस्टलो ने इसका प्रतिनिधित्व किया, फिर से हम दुल्हन के युग में है। इससे अधिक नहीं, नूह का वचन मूसा के दिनो में कार्य नहीं करेगा; मूसा की व्यवस्था अब और पौलुस के समय में कार्य नहीं करेगी। उसने उन्हें बताने का यत्न किया, “तुम उसके लिए मर चुके हो, और तुम उसको नहीं ले सकते।”

325 कलीसीया, तुम जिनसे मैं आज समस्त राष्ट्र में बात कर रहा हूं, यदि—यदि तुमने स्वयं को नामधारी और सारी गंदगी से अलग कर लिया है, और संसार की चीजों से, और सब चीजों से जो तुम्हें मनुष्य की बनाई हुयी मतसार में और आज्ञाओं और इस प्रकार की चीजों में रखती है, तो तुम स्वयं को अलग कर लो: ऊपर देखो। तैयार हो जाओ, आग इन्हीं इन्हीं दिनों में गिरने वाली है परमेश्वर आने वाला है उसे आने दो और एक देखने वाला दृश्य क्या आप तैयार होंगे जब वह आता है? क्या आप तैयार होंगे, जब वह आता है? क्या आप तैयार होंगे, जब वह आता है? क्या आप उसके साथ जाने को तैयार होंगे जब वह आता है? अलौकिक दुल्हन का गुप्त स्वर्गारोहण, “वह बना दी जायेगी... मरणहार से अमरणहार; बदल गए,

एक क्षण में पलक झपकते ही। हम जो जीवित हैं, और बचे रहेंगे, जो सोए हुए हैं उन से आगे ना बढ़ेगे।"

326 उस दिन युद्ध विराम के दिन मैं वह ट्यूसान में खड़ा हुआ था, मेरा छोटा लड़का परेड देखना चाहता था। मैं अध्ययन कर रहा था, और करने के लिए समय नहीं था। मेरे पास बहुत सी बीमारों की टेलीफोन बुलाहटे आदि थी। इसलिए उसने कहा, "पिताजी, वे मुझे नहीं ले जायेंगे।" उसने कहा, "मुझे ले चलो।"

327 मैंने कहा, "ठीक है।" भाई सेमसन, मैं सोचता हूं, वह यहां पर है; और उनका छोटा लड़का जाना चाहता था। इसलिए मैंने उन्हें कार में डाला और भागा।

328 मैं वहां कोने में खड़े हुए देख रहा। और थोड़ी देर बाद, मैंने सुना वहां पीछे दूर एक जत्था, "वोम्प, वोम्प," ढोल बजाता हुआ आ रहा था। मैं वहां खड़ा था। मैंने सोचा, "अच्छा, ये बेचारे लोग इन्होंने वास्तव में फौज के विषय में यह सारी पुस्तकें पढ़ी है, वे वास्तव में इसे पसंद करेंगे।" मैंने ध्यान दिया पहले पुराने युद्ध के टैक पहले आ रहे हैं। वहां वे आये इस प्रकार से वे छोटे लोग। फिर वहां अगले आये। इसके बाद, तब इसके बाद; अगले बड़े नये टेंक थे, दूसरे विश्वयुद्ध के, बड़े शेरमान टेंक उनकी नाले उन पर टूटी हुई थी। तब फिर अगले फिर अगले और कुछ देर बाद सोने के सितारों वाली माताये।

329 और फिर, कुछ देर बाद बारह तजुर्बेकार योद्धा जो समस्त एरीजोना राज्य में बचे थे आये, पहले विश्वयुद्ध के पुराने सैनिक। इसके बाद, एक बेड़ा, अज्ञात सिपाही छोटी सफेद क्रूस वहां एक नाविक, समुद्री और एक सिपाही एक रक्षक खड़ा हुआ है उस पानी के पोत पर; एक छोटा बीच विभाजन था। उसकी दूसरी ओर बूढी सफेद बालों वाली मां, उसके सोने के सितारे का बिल्ला लगा था एक छोटी प्यारी पत्नी रो रही थी उसका पति मर गया था, एक छोटा आम लड़का उसका सिर एक और घुमा हुआ था, उसके पिता मर गए थे। और फिर इसके बाद फिर और, और, और आये और फिर नई सेना। और मैं वहां खड़ा था। देखने का क्या ही दृश्य परंतु कितना दु:ख!

330 मैंने सोचा, "ओह, परमेश्वर, इन्हीं इन्हीं दिनों में मैं एक और दृश्य देखने जा रहा हूं।"

331 एक पुनरुत्थान का दिन आयेगा जो कि, “पहले अंतिम होंगे, वे जो अंतिम है पहले होंगे।” बूढ़े भविष्यवक्ता लोग बढ़ते हुए आयेंगे, पहले और वे उस जलूस को जाते हुए देखते हैं, ऊपर हवा में जा रहे हैं। “और हम जो जीवित है और बचे रहेंगे, उन सोए हुओ से आगे नहीं बढ़ेंगे। क्योंकि परमेश्वर की तुरही फूंकी जायेगी, जो मसीह में मरे हैं पहले जी उठेंगे।” हम उनके साथ पंक्ति में होंगे जा रहे होंगे, हाल्लेलुय्या, उन सब बीते युगों में होते हुए लूथर का युग, वैसली का मेथोडिस्ट, प्रेसपिटेरियन और नीचे अंतिम युग जिन्होंने अपने युग में वचन ग्रहण किया।

परमेश्वर आपको आशीष दे, सारी चीजें तैयार कर लो और आग गिरेगी।

332 आइए एक क्षण के लिए हम अपने सिर को झुकाये। मुझे आश्चर्य है आज रात्रि इस दिखाई देने वाली भक्त मंडली में, जबकी मैंने आपको यहां रोका हुआ है... 9:30 तक। क्या कोई यहां है, क्या यहां दर्जन है, यहां कितने हैं और कहते हैं, “भाई ब्रन्हम, मैं स्वयं से लज्जित हूं जिस प्रकार से मैंने जीवन बिताया। मैंने बहुत सारे नामधारीयों और मनुष्यो की सेवा की है। मैं जानता हूं कि मैं परमेश्वर के वचन के साथ नहीं हूं, मैं आप से कहने जा रहा हूं कि मेरे लिए प्रार्थना करें, भाई ब्रन्हम”? अपना हाथ उठाये परमेश्वर आपको आशीष दे, परमेश्वर आपको आशीष दे, वहां ऊपर बालकनी में और चारों ओर देखें परमेश्वर आपको आशीष दे। “मैं जानता हूं... ” अब शर्मिंदा ना हो अब ना हो।

333 और वहां बाहर समस्त राष्ट्रों में न्यूयॉर्क से कैलिफोर्निया, कनाडा से मेक्सिको: आप लोग जो यहां जमा हुए हैं, वे कलीसियाये (जहां वे निष्कपट छोटे झुंड जो इस संदेश का अपने पूरे ह्रदयो से विश्वास करते हैं; वे बाहर आ गए हैं, उस महाकष्टों से बाहर आ गए हैं, उन नामधारियों से होकर आये हैं वे जीवन के जीवांश है) क्या आज रात्रि आप छोटे उकाब के समान उतावलापन अनुभव करते हैं, क्या आपने जो सुना उससे थोड़ा भिन्न सुनते हैं, परंतु फिर भी अपने ह्रदय में आप जानते हैं कि यह सत्य है? आप, वहां भीतर वहां कहीं एक पास्टर खड़ा है, आपने अपना हाथ ऊपर किया हुआ है। मैं तुम्हारे लिए प्रार्थना करने जा रहा हूं।

334 ये बातें कोने में नहीं हुई मित्रों स्मरण रहे, “सकेत है वह फाटक और सकरा है वह मार्ग, वहां थोड़े ही होंगे जो इसे पायेंगे।” उस भीड़ के साथ

ना जाये जो वहां जा रही है, मित्र, वह लोदेकिया कलीसिया युग। यह ऊपर नीचे कूद सकता था, संगीत पर नाच, गुनगुना। यह नहीं कहा कि ये बर्फ के सामान अब ठंडा है इसने कहा ये गुनगुना था, ये पेन्टेकोस्तल है, और यह नहीं जानते कि ये बेचारे है, अभागे, अंधे। किसके लिए अंधे? वचन, प्रगट होते वचन के लिए अंधे; क्योंकि ये कभी उनके संस्थाओ से नहीं आया, वे इसे स्वीकार नहीं कर सकते।

335 और सेवकगणो वहा ट्यूसान में आज रात्रि मैं आपको इसके लिए उत्तरदाई नहीं ठहराता हूं। परमेश्वर ठहराता है। मैं वहां तीन वर्षों से था, मैंने आपको बताया मैं कलीसिया आरम्भ नहीं करूंगा। मैंने नहीं किया। भाई पेरीग्रीन ने इसे आरंभ किया। मैं वहां तीन वर्षों से था, और आपने एक बार भी मुझे अपने प्रचार मंच पर निमंत्रण नहीं दिया, मैं ट्यूसान में तीन वर्ष रहा, परमेश्वर मुझे इन्हीं दिनों में रेगिस्तान से लेगा इस संदेश को जीवित रहना है। मैंने आपको इसमें लाने के लिए अपना पूरा यत्न किया। मैं— मैं जानता हूं कारण जो हुआ आप सुनते हैं? केवल इसी कारण आपने ये किया आपका नामधारी आपको लात मारकर बाहर कर देगा। और आप जानते हैं, आप में से बहुतो से मैंने बात की है, वहां फुरर्स के रेस्टोरेंट पर, और आप जानते हैं कि यह सत्य हैं आपके लिए लज्ज़ा की बात।

336 इससे बाहर आये। वहां से बाहर आये, भाई। यदि आप में कोई जीवन है, तो आप छोटे उकाब के समान होंगे, मैंने अभी अभी कहा है, आप परमेश्वर का वचन सुनेंगे। स्मरण रहे, इन्हीं दिनों में आप इसे अंतिम बार सुनने जा रहे हैं। हम अब बंद करते है। क्या आप आज रात्रि नहीं आयेंगे?

337 प्रिय परमेश्वर, हमने श्रद्धा से तय कर दिया कि यह वास्तव में धन्यवाद देने का दिन है, प्रभु। प्रभु मैं आभारी हूं कि इस दिन में जीवित रहूं। यह महानतम दिन है। पौलुस प्रेरित इस दिन को देखने की आशा करता था। पुराने महान पुरुष इसे देखने कि आशा करते थे, उन्होंने इस दिन को देखा। अब्राहम ने इस दिन को देखा उस नगर को खोजा जिसको रचने बनाने वाला परमेश्वर था, यह ठीक आज रात्रि हमारे ऊपर है। यूहन्ना ने परमेश्वर के आत्मा को स्वर्ग से उतरते देखा, गवाही दी, जानते हुए कि यह परमेश्वर का पुत्र था। और अब सोचे, वह अपनी दुल्हन चुन रहा है।

338 प्रिय परमेश्वर, समस्त राष्ट्र में हर कहीं उनके ह्रदयो से बात करें। केवल आप ही है कि उनके ह्रदयो को बदल सकते हैं। यदि वे वहां आरम्भ

से बीज नहीं थे, प्रभु वे इसे कभी नहीं देखेंगे। वे बस… "अंधा अंधे को मार्ग दिखाएगा, वे गड्ढे में गिरेंगे," जैसे कि कुछ भी निश्चित हो, क्योंकि आपका वचन कहता है, वे करेंगे।

339 अब, पिता ये होते हुए हम समस्त राष्ट्र में देखते हैं, समस्त संसार, अफ्रीका में दर्जनों, दर्जनों दक्षिणी अफ्रीका मोजांबिक सारे राष्ट्रों में छोटी छोटी भक्त मंडलिया ये टेप ले रही है और इस प्रकार ये टेप बीस एक विभिन्न राष्ट्रों में जायेंगे। उन्होंने इसे देखना आरंभ कर दिया है, और सैकड़ों, सैकड़ों बाहर आ गए। प्रभु, बहुतो को नहीं ले लेगा। तब जब अन्तिम सदस्य देह में ले लिया जायेगा मसीह आ जायेगा।

340 प्रभु परमेश्वर, मैं आज रात्रि दुल्हन से पूछ रहा हूं, एक जो मैं अनुभव करता हूं, बाहर आकर प्रतीक्षा कर रहा है, होने पाए ये स्वयं को संसार की हर चीज से अलग कर ले। पुत्र की ज्योति की गर्म उपस्थिति में, वे रहे परमेश्वर के पुत्र उसके वचन में नहा रहे हैं, उसके प्रेम में। प्रिय परमेश्वर, इसे प्रदान करें।

341 होने पाए ये लोग जो यहां दिखाई पड़ रहे हैं, जिन्होंने अपने हाथ उठाए हुए हैं आज रात्रि इस महान आराधनालय में यद्यपि उनमे दर्जनों है, परमेश्वर मैं प्रार्थना करता हूं कि इन लोगों में नया जीवन आयेगा। समस्त राष्ट्र के लिए; मैं प्रार्थना करता हूं और समस्त संसार के लिए भी, जहां ये टेप बजाये जायेंगे कि वे भी धन्यवाद देने का संदेश ग्रहण करें, इशारो और बातों से जाने कि बिखरा दिया गया है कि उन्हें क्या करना चाहिये। पिता, मैं यह प्रार्थना करता हूं कि इसे प्रदान करें। इन्हें आशीषित करें। ये आपके हैं।

342 मैं जानता हूं कि अब यह चलन है, पिता कि हम लोगों से वेदी पर आने को पूछते हैं। प्रिय परमेश्वर, मैं प्रार्थना करता हूं कि हर मिशन में चारों ओर समस्त संसार में कि वेदी पर आयेंगे: काले, गोरे, पीले, भूरे जहां कहीं वे है, धनी, निर्धन, विभिन्न, भिखारी वे जो भी है।

343 नामधारी लोग वे जो स्वयं की विधि वाले और अपने में सीमित, ओह, परमेश्वर, "नंगे, बेचारे, अभागे अंधे और यह भी नहीं जानते।" आपने कहा ये इसी प्रकार से होगा, और ये वैसे ही है।

344 इसलिए पिता मैं प्रार्थना करता हूं कि आप हर बीज को आज रात्रि बुलायेंगे और समस्त संसार में हर कहीं कि यह गिर जाये, ये छोटे उकाब

को पकड़ ले जो अपने प्रभु की आवाज को पहचानता है, प्रभु। इसे प्रदान करें। मैं इन्हें आपको यीशु नाम में समर्पित करता हूं। आमीन।

345 अब अपने झुके हुए सिरों के साथ, यहां इस दिखने वाली मंडली में। कुछ यहां होंगे, जो बचाए नहीं गए हैं यहां तक की अपने ह्रदय भी परमेश्वर को नहीं दिए हैं, क्या आप नहीं सोचते कि आपको जो यीशु ने आपके लिए किया है धन्यवादित होना चाहिये? ये सोचते हुए कि आप पापी है कि आप परमेश्वर से अपरिचित है और फिर भी कुछ आपके ह्रदय पर खटखटा रहा है। [भाई ब्रन्हम मंच पर खटखटाते हैं।—सम्पा।] आप कैसे जानते हैं परंतु आप क्या है, उन छोटे उकाबो में से एक! आप बेचारे और रहेंगे, जब तक आप इसको समर्पित नहीं होते। क्यों नहीं इसको महान धन्यवाद बना दे, जो आपने कभी किया, जब आप यीशु मसीह को अपना बचाने वाला स्वीकार करते हैं।

346 क्या आप यहां आकर वेदी के पास खड़े होंगे? यदि आप आयेंगे तो मैं आपके साथ प्रार्थना करूंगा, कोई भी पापी पुरुष या महिला, लड़का या लड़की कालीसियायी सदस्य या बिना सदस्य। कलीसिया की सदस्यता आपको मसीही नहीं बनाता। वेदी खुली है। क्या आप आयेंगे, कोई भी पापी जो आना चाहेगा, यीशु मसीह को ग्रहण करता है वास्तव में छोड़ना चाहेगा...

347 आप में से कुछ नामधारी वाले जो उस मुर्गी के खाने को छोड़ना चाहेगा यह कहने का, "तुम *इससे* हो और यह ठीक है," आप वास्तव में जानना चाहते हैं कि पवित्र आत्मा का वास्तविक बपतिस्मा क्या है? आइए, ढूंढे।

348 वेदी खुली है। हम तैयार हैं। सीधे ऊपर आये अपने-अपने स्थान से ऊपर आये और यहां वेदी पर घुटने टीका ले, ये भाई जो अभी आया है।

349 "ओह परमेश्वर, धन्यवाद देना, मैं आपका बहुत धन्यवादित हूं कि अपने सारे जीवन, मैंने यह जाना है कि प्रभु वहां कुछ है, मैं कभी भी संतुष्ट नहीं हुआ, मैंने यत्न किया। मैं—मैंने सोचा 'अगले वर्ष, मैं इसे करूंगा, अगले सप्ताह मैं इसे करूंगा, अगली बार मैंने वेदी की पुकार सुनी, किसी दिन मैं करूंगा।' मैंने यह छोड़ दिया, और छोड़ दिया। परंतु, प्रभु, मैं जानता हूं कि मेरे साथ कुछ गड़बड़ है, मैं सदा ये विश्वास करूंगा कि कुछ भिन्न है। और अब, प्रभु आज रात्रि मैं इस तैयारी के लिए धन्यवादित हूं, जो कि परमेश्वर के पुत्र के द्वारा की गई कि मेरा पाप जो कि वास्तव में मेरा

अविश्वास, मुझ से धो दिया जायेगा। आज रात्रि मैं आ रहा हूं, और धन्यवाद को स्वीकार करने के लिए घुटने टेकता हूं, वे आशीषे जो यीशु मसीह ने मेरे लिए की, वह मेरे लिए कलवरी पर मरा।"

350 क्या आप आयेंगे? अब यहां वेदी के चारों ओर लोग घुटने टेके हुए हैं। आप उठकर क्यों नहीं आते हैं? आपने यह करना चाहा है। आपने इसका यत्न किया है।

351 भाई लायल पामर के विषय में सोचें, हमारा अच्छा, बहुमूल्य भाई। वह आंगन में बैठा था, इसलिए मैं समझता हूं, अपनी छोटी लड़की को देख रहा था बाहर क्रिकेट या कुछ खेल रही थी, और वह कुर्सी में बैठा था, और इसके पहले वह थोड़ा भी हिले मर गया था। आप नहीं जानते कि आप कब छोड़ने जा रहे हैं। आप बस नहीं जानते कि आप कब जा रहे हैं। ये अब भी आज रात्रि तो फिर क्यों नहीं आ कर तय कर ले अब?

352 लोगों आओ। क्या आप अनुभव कर सकते हैं कि कोई चीज आप पर खिंचाव डाल रही है? मैं—मैं जानता हूं, यहां बहुत से है जिनको ठीक यहां वेदी पर होना चाहिये और बस यह छः या सात लोग यहां नहीं जो यहां बैठे हैं। अब, यदि आप मेरा विश्वास करते हैं, और यहां मंच पर ध्यान देते हैं, चीजे घटित हो रही है, अब आप मेरा विश्वास करें। एक दिन मेरी आवाज शांत हो जायेगी। इसे फिर आप और नहीं सुनेंगे आप इच्छा कर सकते हैं कि आप आ जाते।

353 आप कहते हैं, "परंतु भाई ब्रन्हम, मैं एक कलीसिया का सदस्य था।" इससे आपको कोई अंतर नहीं पड़ता कि आप क्या थे ऐसे ही निकोदिमस भी कलीसिया का सदस्य था। ऐसे ही यूहन्ना, पतरस, याकूब, पौलुस, और बाकी वे सब कलीसिया के सदस्य थे।

354 पौलुस तब तक कलीसिया का था, जब तक एक रात्रि कुछ घटित नहीं हुआ या एक दिन ये था और वह आया, तब वह कलीसिया का बदला हुआ सदस्य था, एक परमेश्वर का पुत्र क्या आप नहीं आयेंगे? ओह, वह प्रशिक्षित था। वह बुद्धिमान था। वह जानता था कि वह प्रशिक्षित था, महान प्रशिक्षण विद्यालय से वहां गेमलियल था, राष्ट्र के शानदार शिक्षकों में से एक। परंतु वह जान गया, उसे किसी चीज की आवश्यकता थी।

355 क्या आप नहीं आयेंगे? एक बार और मैं आपसे कहता हूं कहां... यहां या समस्त राष्ट्र में आप जहां भी हैं, मैं आप से कहता हूं आप जहां भी हैं

जिस भी झुंड में आप है, इस धन्यवाद देने कि घड़ी में। स्मरण रहे, यहां मेरा यह वाणी टेप हो रही है, केवल यही नहीं, परंतु स्वर्ग में भी।

356 आप जानते हैं, कि यह वैज्ञानिक रीति से सिद्ध हो गया है कि हर हलचल जो आप करते हैं वह लिपिबद्ध या रिकॉर्ड है। वे ये सिद्ध करते हैं, स्मरण रखें, टेलीविजन यह सिद्ध करता है। टेलीविजन चित्र नहीं बनाता, आप चित्र है, यह तो उसको जो आप कर रहे हैं, उसको उस मार्ग से स्थानांतरण करता है, आप वहां है जो भी है। समझे? जब आप अपनी ऊँगली हिलाते हैं, वह हिलाना समस्त संसार में जाता है, हर बार जो आप एक वेशभूषा पहनते हैं, आप सारे संसार में देखते हैं। यह लिपिबद्ध है। हर विचार जो आपके मस्तिष्क में होता है, लिपिबद्ध है। और किसी दिन यह रिकॉर्ड दिखाया जायेगा, यह एलबम में रखा जा रहा है।

357 और न्याय पर यह वापस आने वाला है, वहां आप कटे बालों के साथ खड़े हैं मसीही होने का दावा कर रहे हैं वहां आप अपने मस्तिष्क में वचन के विरोधी विचारों के साथ खड़े हैं, और ये ठीक आपके मस्तिष्क में है। आप इसे छिपा नहीं सकते। स्मरण रहे, टेलीविजन विज्ञान भी जानते हैं कि यह सत्य है। आप ठीक यहां खड़े हैं, यह जानते हुए कि आपको यहां होना चाहिये, स्मरण करें, जब यह रिकॉर्ड किया गया है। न्याय के दिन वही विचार जो आपके हैं आपके मस्तिष्क से ठीक फिर वापस आयेंगे, ये रिकॉर्ड पर होंगे, समस्त संसार इसे होते हुए देखेगा। क्यों नहीं संसार... न्याय के दिन आपकी ओर देख रहा है, सारे स्वर्गदूत वहां है।

358 "यदि तुम मुझ से यहां शर्मओगे जबकि आपका चित्र बन रहा है, उस न्याय के दिन मैं भी तुमसे शर्मऊंगा। क्योंकि, मैंने अपने वचन को अभिषिक्त किया और आपके पास भेजा है। तुम इसका विश्वास नहीं करोगे। तुम स्वयं को किसी चीज के पीछे छिपाओगे।"

359 "ओह," आप कहते हैं, "मैं बहुत अच्छा हूं। मैंने *यह* किया है। मैं आत्मा में नाचा हूं। मैंने अन्य भाषाएं बोली है।" ऐसे ही मूर्तिपूजको ने। "मैं चिल्लाया हूं।" ऐसे ही मूर्तिपूजक भी। तो आप वचन से कैसे पीठ मोड़ सकते हैं?

क्यों नहीं?
अब क्यों नहीं आता उसके पास?
क्यों नहीं? क्यों नहीं?
अब क्यों नहीं आता उसके पास?

प्रिय भाई आप क्यों प्रतीक्षा कर रहे हैं?
ओह, आप इतनी देर तक क्यों रुके हुए हैं?
यीशु आपको बचाने की प्रतीक्षा कर रहा है
उसके पवित्र घर में एक स्थान।

आपको अपनी देह के सदस्य के समान रखता है!

क्यों... ?

ओह, छोटे उकाब अब आ जाओ

ओह, क्यों नहीं आता?

360 प्रभु, मैं धन्यवादित हूं। मैं बहुत धन्यवादित हूं। आपको धन्यवाद प्रभु, प्राकृतिक भोजन के लिए नहीं, फिर भी वह है। परंतु, प्रभु, अंत समय यहां पर है मैं इस आत्मिक भोजन के लिए धन्यवादित हूं, प्रभु, सात मोहरों के आत्मिक भोजन के खोलने की प्रतिज्ञा की गई थी।

आप कहते हैं, "यह कुछ भिन्न होगा।" नहीं, नहीं।

361 आप एक शब्द नहीं मिला सकते। और निकाल... यह पहले ही इसमें है बस छिपा है। यह मोहरबंद है, कितने यह समझते हैं? "आमीन," कहे। [सभा "आमीन" कहती है।—सम्पा।] समझे?

आप कहते हैं, "भाई, वह भेद जो आयेगा।" ओह, नही।

362 यह पहले ही लिखा है। आप इसमें एक भी वचन नहीं मिला सकते। देखा? यह पहले से ही उसमें है। यह तो अंतिम दिन में प्रगट होना है।

363 क्या आप नहीं आयेंगे? मित्र, अब आ जाओ। यदि आप समझ नहीं सकते, आइए। घुटने टेकिये इस विषय में उससे बातें करें। यदि मैं इसे आप को स्पष्ट नहीं कर सकता तो वह करेगा, क्योंकि वह तो हर संदेह को दूर करने वाला है।

... उसके पवित्र सिहासन में

ओह तुम... ? (क्यों नहीं आआगे?) क्यों नहीं?
अब क्यों नहीं उसके पास आते हो?

364 स्मरण रहे, इसको भी लिपिबद्ध किया जा रहा है, केवल इसी टेप पर ही नहीं परंतु परमेश्वर के महान टेप पर... आप में से प्रत्येक हलचल जब आप अपना सिर झुकाते हैं, अपना ह्रदय झुकाए आपके मस्तिष्क में कौन से विचार है, स्मरण रखे, ये इसी समय महिमा में रिकॉर्ड किए जा रहे हैं, और रिकॉर्डर न्याय के दिन चलाया जायेगा। आपका क्या निर्णय है? ओह, आप इसे कैसे बदलना चाहेंगे, उस दिन।

365 मैं प्रतीक्षा कर रहा हूं, क्योंकि वेदी के चारों ओर बहुत से है। समझे? संभव है, उनमें से एक यदि मैं थोड़ी देर और ठहरु, हो सकता है कोई और भी हो कहीं न्यूयॉर्क में, हो सकता है कोई फिलेडेलकिया में वहां कैलिफोर्निया में एरीजोना, कहीं कोई और आ रहा हो। सेवक, आप जहां भी हो अब वेदी की बुलाहट ना करें।

366 हो सकता है हम दूसरा धन्यवाद दिवस ना देखें यह अंतिम हो सकता है और आज रात्रि रिकॉर्डस बंद किए जाएं अंतिम बार इन्हीं किन्ही दिनों में टेप समाप्त हो जायेगा। अभिलेख कट कर परमेश्वर की एलबम में होगा। तब यह चलाया जायेगा, अब आपके क्या विचार हैं, मत कहिए आपको कोई अंतर मालूम नहीं पड़ा, आपको पड़ा है। "परंतु मेरे पास कोई मनुष्य नहीं आ सकता, सिवाये कि मेरा पिता उसे ना खींच ले। और सब जो पिता ने मुझे दिया है, वे आयेंगे।"

... उसके पास आओ... ?

367 भाई, मैं विश्वास करता यदि मैं कहीं पर बैठा हुआ होता, और थोड़ा सोचता, निश्चय ही जितने यत्न से हो सकता मैं करता। जी हां।

ओह, क्यों नहीं? क्यों... ?

368 क्या आप समाप्त हो गए? आप निश्चित है कि आप उसके आत्मा को शोकित नहीं कर रहे हैं? आइए तो हम अपने सिरो को झुकाए रखें। आप निश्चित है आपने उसके आत्मा को शोकित नहीं किया? आप निश्चित है आपने वही किया है, जो उसने आपसे करने को कहा है आप पक्के हैं? स्मरण रहे, हो सकता है आपको—आपको फिर कभी अवसर ना मिले, आज रात्रि अभिलेख समाप्त हो जाये। यह सब के लिए हो सकता है। यह आपके लिए अंतिम टेप हो सकता है। क्या आप निश्चित है कि आप अब तैयार हैं? यदि है तो, मैं यह आपके हाथों में छोड़ता हूं प्रभु यीशु के नाम में।

369 अब जब कि गायन मंडली धीरे–धीरे गा रही है, मैं इनके लिए जो नीचे है प्रार्थना करने जा रहा हूं। मैं एक प्रकार का बहुत पुराना मसीही हूं। मैं विश्वास करता हूं कि परमेश्वर ने ही बचाना है मैं विश्वास करता हूं कि वचन परमेश्वर को ही बोना है, "मैं प्रभु," बाइबल यशायाह में कहती है, "मुझ प्रभु ने हीं इसे बोया है, मैं इसे दिन और रात सीचुंगा कोई इसे मेरे हाथ से ले ना ले।" इसके पहले मैं किसी से कहूं कि इन लोगों के साथ वेदी के आसपास आ जाये, मैं स्वयं उनके लिए प्रार्थना करना चाहता हूं।

आइए, अब हम प्रार्थना के लिए सिर झुकाए।

370 प्रिय यीशु, मैंने अभी–अभी आपके वचन का उल्लेख किया है कि आपके नबी ने कहा और मैं जानता हूं नबी का वचन सत्य है। और अपने कहा, "मुझ प्रभु ने इसे लगाया है।" क्यों, निश्चय ही, आपने इसे मेमने के जीवन की पुस्तक में लिखा है, इस संसार के रचने से पहले। "मुझ प्रभु ने इसे लगाया है, और मैं इसे दिन और रात सीचुंगा कहीं कोई इसे मेरे हाथ से ना ले ले।" संभवता: यह प्रभु, इसने बहुत सी वेदी की बुलाहटे सुनी हो। परंतु आप अब भी इसे सीच रहे हैं, प्रभु।

371 आज रात्रि ये यहां पर है। होने पाए पिता आज रात्रि संसार की सारी चीजो से स्वतंत्र हो जाये, सारे पाप और परेशानियां जो इनके ह्रदय में है, और होश में, श्रद्धा में, इनके हृदय में आपके वचन के लिए स्वतंत्र हो जाये, ठीक इसी समय, कहे, "प्रभु यीशु, मेरे ह्रदय में मैंने सदा यह विश्वास किया है कि मेरे लिए कुछ है जिसे कि मैंने अभी तक नहीं पाया है। यद्यपि मैंने यत्न किया है, जैसे कि प्रगट में आज रात्रि मुर्गी का अनुकरण करना परंतु मुझे कुछ विचित्र सा प्रतीत होता है कि यह ठीक नहीं मालूम पड़ता। फिर, आज रात्रि, मैं अनुभव करता हूं कि अब मैं जीवित वचन की बाहों में समीप आ रहा हूं, मैं अपनी सही मस्तिष्क में श्रद्धा के साथ आ रहा हूं मैं यहां वेदी पर बैठ गया हूं। प्रभु, मैं उद्धार चाहता हूं, बहुत ही, मैं बहुत भूखा हूं, प्रभु, मैं आपको चाहता हूं आज रात्रि मुझे अपनी बाहों में पकड़ ले किसी उत्तेजना में नहीं, परंतु प्रेम की आत्मा में प्रिय परमेश्वर मुझे अपनी बाहों में ले ले।"

372 "मैं आपका बालक हूं। मैं अनुभव करता हूं कि मैं वह उकाब हूं, जिसके विषय में वे बात कर रहे थे। प्रभु, मुझे पकड़ ले मैं कूद रहा हूं, मैं अपनी कुर्सी से खड़ा हो गया हूं, और यहां पर घुटने टेके हूं प्रभु मुझे पकड़ ले।

मैं कूद रहा हूं। मुझे अपने पंखो पर ले ले, इस संसार की चीजों से दूर। मुझे संसार की गंदगी से दूर उड़ जाने दे, मेरी बुरी आदतों से मेरे नामधारी रिवाजों से, प्रिय परमेश्वर, केवल आपके पास आ जाऊं पवित्र आत्मा मुझ में उंडेला जाये, अपने सारे संदेहों की क्षमा के लिए। होने पाए, आज रात्रि मैं आपका बालक हो जाऊं, ताजगी, जन्म और आज रात्रि, एक नई सृष्टि। मुझे पकड़ ले, मुझे दूर ले जाये, मुर्गी की आवाज से दूर। मुझे उकाब के घोसले में ले जाये, जहां परमेश्वर के वचन से मेरा पालन पोषण हो, जब तक मैं उड़ने योग्य ना हो जाऊं।"

373 परमेश्वर इसे प्रदान करें, इन्हें ले ले ये आपके हैं मेरी यह प्रार्थना निष्कपट है, मरते हुए लोगों पर प्रार्थना कर रहा हूं, पिता इसे ग्रहण करें। मैं यह प्रार्थना उनके बदले चढ़ाता हूं। परमेश्वर की महिमा के लिए, मैं इसे मांगता हूं।

अब अपने झुके सिरों के साथ।

374 मुझे आश्चर्य है, अब वेदी के चारों ओर ये आप हैं, जो यहां घुटने टिकाये हैं, आप में से बहुत से मसीही होने का दावा करते हैं, परंतु आपने अनुभव किया कि सदा कुछ कही पर है, जो आपके पास नहीं है। आपने सारे धार्मिक कार्य कलाप किए होंगे। आप चिल्लाए होंगे। आपने सारी चीजे की होगी। आत्मा में नाचे होंगे। अन्य भाषाएं बोली होगी। और इसके विरोध में कोई कुछ गलत नहीं बोल सकता। यह सत्य है। ये सब अच्छा है। परंतु, देखिए ये आत्मा से रहित, आत्मा के *वरदान* है। यदि इसमें आत्मा होता, तो ये अनुभव, दोषी ठहरने वाला अनुभव नहीं होता इस प्रकार से।

375 क्या आप वास्तव में निष्कपट है, यहां इस वेदी पर इस समय विश्वास करते हैं, जबकी आप यहां हैं, यह वह कार्य है कि आपको स्वतंत्र कर दे ना कि एक आवेग, परंतु वास्तविकता में एक पवित्र विश्वास की परमेश्वर आपको ग्रहण करेगा और अपने वचन से आपको पालेगा, जब तक आप उकाब ना हो जाये स्वयं से और उड़ सके? यदि आप करते हैं, और आप चाहते हैं कि परमेश्वर ये करें अपने हाथ उठाये, आप जो यहां वेदी के आस–पास है। परमेश्वर आपको आशीष दे। प्रत्येक अपने हाथों को उठाये।

376 अब, वास्तव में शांति से, मैं पवित्र पुरुष और महिलाओं से पूछने जा रहा हूं, जो वास्तव में परमेश्वर को जानते हैं।

377 यह विचित्र है उनमें अधिकांश, ऐसा प्रतीत होता है कि यही मार्ग है कि वेदी की बुलाहट जो अधिकांश मैं करता हूं सारे पुरुष होते है, आप जानते हैं अधिकतर ये महिलाएं, परंतु यहां सारे पुरुष है मैं सोचता हूं वेदी पर एक महिला है आज रात्रि या हो सकता है दो हो ये अधिकतर स्त्रियां। परंतु, जैसे भी हो मैं समझता हूं प्रतीत होता है महिलाएं सोचती है मैं उनके विरोध में बात करता हूं, बहनों मैं नहीं, तीन, मैं विश्वास करता हूं किसी ने कहा वे देखते हैं, मैं यहां वेदी के ऊपर से नहीं देख सकता। ठीक है।

378 आप में से कुछ पवित्र मसीही है, यहां आकर और प्रार्थना में मेरे साथ एक मिनट खड़े हो। वेदी पर आप जहां भी है इस मंच पर, कोई जो वास्तव में परमेश्वर को जानता है, जानता हो कि कैसे यहां पर खड़े हो, उनके संग कुछ देर प्रार्थना में तब हम भक्त मंडली को विसर्जित करेंगे, अब हर को पूरी श्रद्धा में रहे। मत छोड़िए। बस यहां आकर और आस–पास खड़े हो जाये।

379 आप में कुछ लोग जो इसके सत्य होने का वास्तविक विश्वास करते हैं कि हम दूसरे युग में प्रवेश कर रहे हैं, हम स्वर्गारोहण के युग में प्रवेश कर रहे है, आप जानते है कि कलीसिया इस दशा में नहीं जा सकती और ये इससे अच्छी नहीं हो सकती, इसे खराब ही होना है। कितने आप में से यह जानते हैं? "आमीन" कहे। [सभा "आमीन" कहती है।—सम्पा।] इसे खराब ही होना है। और यह इस प्रकार से नहीं जा सकती। समझे? इसे कुछ होना है और अब बढ़ रही है, मित्रो। ये—ये—ये दुल्हन के लिए बढना जारी है। यह सत्य है। यह यहोवा यों कहता है, है।

380 अब आगे बढ़े, पवित्र किए हुए मसीहो, वह आपके—आपके अभिलेख में ढूंढना चाहता है, कि ये जो निष्कपटता से आते हैं, आप जो आना चाहते हैं और उनके साथ अपनी प्रार्थना चढ़ाना चाहते हैं, आपके एक भाई और बहन के समान यहां वेदी के आस–पास आ जाये, यहां प्रार्थना के लिए आस–पास कुछ क्षणों के लिए खड़े हो जाये। कोई और आना चाहता है यहां पास में खड़ा हो जाये? उनके बराबर में घुटने टेक ले। बस चल पड़े, जहां ये लोग उन लोगों के आस पास आप महिलाएं, मिठास और नम्रता के साथ उनके लिए प्रार्थना मांगे।

प्रिय परमेश्वर, सहायता करें... ? ...

381 "मैं सब कुछ छोड़ता हूं, मैं अपनी नामधारी कलीसिया छोड़ता हूं। मैं अपना पहला विवाह छोड़ता हूं। मैं अपना पहला पति छोड़ता हूं। प्रभु, मैं सब कुछ छोड़ता हूं।"

> ... सब छोडता हूं
> तुझी को मुबारक मुंजी
> सब कुछ मैं देता हूं
>
> सब कुछ देता हूं
> सब कुछ देता...

382 आप अपने विचार छोड़ते हैं? क्या आप अपने विचार छोड़ सकते हैं, उस परमेश्वर के वचन के लिए?

> तुझ ही को मुबारक मुंजी,
> सब कुछ मैं देता हूं।
>
> सब मैं देता हूं,
> सब मैं देता हूं।
> तुझी को मुबारक मुंजी,
> सब मैं देता हूं...

383 वे सब जो विश्वास करते हैं, इस भक्त मंडली में खड़े हो जाये। आइए, इसे हम सब मिलकर गाए।

> सब मैं देता हूं...

आप सब देते हैं, इसे गाने के लिए तैयार रहें अब?

> मैं...
> ... तुझी को मुबारक मुंजी
> मैं सब कुछ देता...

384 अब आप जो वेदी के चारों ओर है, यदि आप वास्तव में छोड़ते हैं अपने हाथ उसकी ओर उठाये गाये, "सब कुछ मैं देता हूं। मैं नामधारी कलीसिया छोड़ता हूं। मैं नामधारी छोड़ता हूं। मैं कलीसिया छोड़ता हूं। मैं स्वयं को छोड़ता हूं। मैं अपने विचार छोड़ता हूं। तुझी को मुबारक मुंजी, सब कुछ मैं देता हूं।"

> ... तुझी को, मैं...

सब मैं देता हूं,
सब मैं देता हूं।
तुझी को मुबारक मुंजी,
सब मैं देता हूं।

क्या वास्तव में आपका यही अर्थ है?

सब मैं देता हूं

[टेप पर खाली स्थान।—सम्पा।]

385 आप यहां वेदी पर है। आप जो यहां वेदी के चारों ओर हैं, जिनके लिए प्रार्थना हो गई है। कलीसिया ने आपके लिए प्रार्थना कर दी है। आपने अपने लिए प्रार्थना कर ली है। अब केवल एक ही मार्ग है कि आप बच सकते हैं, वह है, "विश्वास के द्वारा आप बचाए गए हैं, और वह अनुग्रह के द्वारा।" परमेश्वर के अनुग्रह ने आपसे बातें की है। आपको वेदी पर लाया है। आप परमेश्वर की आशीषों को खोज रहे हैं। आप उसके वचन को खोज रहे हैं। आप पवित्र आत्मा को खोज रहे हैं, आप परमेश्वर का पक्ष खोज रहे हैं। और यदि आप और वास्तव में कर सकते हैं, अपने संपूर्ण हृदय से इसे दे दे, अब किसी भावुकता को ना देखें, सच्चाई को देखें एक सच्चाई जो आपके हृदय से हैं विश्वास के द्वारा। "प्रभु, मैं कुछ भी करने को तैयार हूं, जो आपका वचन मुझे करने को कहता है, मैं स्वयं को देता हूं उस सब को जो मुझ में है।"

386 यदि आप इसका पूरे हृदय से विश्वास करें, मैं चाहता हूं कि आप अपने पैरों पर खड़े हो जाये और इस कलीसिया भक्त मंडली की ओर घूम जाये और अपने हाथ ऊपर उठा ले और हम उनके साथ मिलकर गाएंगे, "मैं जो कुछ मुझ में है देता हूं, परमेश्वर, अपने सारे ज्ञान से मैं देता हूं।"

387 यहां मंच पर ऊपर आ जाये, आप जो वेदी पर है भाइयों यहां सीधे मंच पर आ जाये, आप सब ठीक यहां पर और भाइयों और बहनों।

कलीसिया, यहां देखें।

388 [एक बहन कहती है, "भाई ब्रन्हम, मैं एक कलीसिया से हूं, परंतु इन दिनों में मैं उस में नहीं हूं।"—सम्पा।] समर्पण? ["प्रभु जानता है कि मैं उसके द्वारा कहां ले जाई जाऊंगी मैं चाहती हूं... ?... कलीसिया में। और मैं पवित्र आत्मा चाहती हूं और मैं जल्द मर जाऊंगी, यदि जो लेना है।"]

जी हां। यह ठीक बात है। क्या आप अपना सब उसे देती है, और उसके वचन को?

389 एक बहन यहां नामधारी से। उसने कहा, “वह एक नामधारी से है।” हमें उसका नाम नहीं लेना है। वह वहां कार्यकर्ता थी। परंतु उसने कहा, “भाई ब्रन्हम, मैं सच्चाई के लिए बाहर आना चाहती हूं, मैं इससे कुछ अधिक गहरा चाहती हूं।” समझे?

390 उसके वचन का उल्लेख करूं। “धन्य हैं, वे जो धर्म के भूखे और प्यासे हैं, क्योंकि वे तृप्त किए जायेंगे।”

391 अब, आप जो मंच पर अभी आये हैं, यदि आप हर चीज को छोड़ने को तैयार हैं, जो आप है परमेश्वर के वचन की हर चीज मानने को तैयार है... इस सप्ताह किसी ने नहीं बताया कि आपको क्या करना है। अब, यदि आप छोड़ने को तैयार है उसके लिए अभी तो अपने हाथों को उठाये, *इस* प्रकार से भक्त मंडली की ओर। अब आप यहां मंच पर है, अब हम इसे मिलकर गाए *सब मैं देता हूं*। हर कोई एक साथ। ठीक है।

सब मैं देता हूं,

अब, वास्तव में आपका यही अर्थ है!... ? ... और मैं उसके लिए कितना आभारी हूं। उसे समर्पण करना... ? ...

... उद्धारकर्ता,

392 क्या आपका वास्तव में यह अर्थ है? कहे “आमीन।” [सभा “आमीन” कहती है।—सम्पा।] एक बार और “आमीन,” कहें। [“आमीन।”] कहे, “प्रभु।” [“प्रभु,”] “मुझे जांचें।” [“मुझे जांचें,”] “मुझे परखे।” [मुझे परखे,] “और मुझे एक अवसर दें।” [“और मुझे एक अवसर दें,”] “आज रात्रि मैं यही कुछ कर सकता हूं,” [“यही जो आज रात्रि मैं कर सकता हूं,”] “कि स्वयं को आपको दे दू,” [“कि स्वयं को आपको दे दू,”] “आप मेरे हृदय की भूख को जानते हैं।” [आप मेरे हृदय की भूख को जानते हैं] “आप मेरी इच्छा को जानते हैं।” [“आप मेरी इच्छा को जानते हैं।”] “आपकी प्रतिज्ञा है कि आप उस इच्छा को पूरा कर देंगे।” [“आपकी प्रतिज्ञा है कि आप इच्छा को पूरा कर देंगे।”] “अब मैं इसे स्वीकार करता हूं।” [“अब मैं इसे स्वीकार करता हूं।”] “और आपको स्वयं को देता हूं।” [“और आपको स्वयं को देता हूं।”] अब मिलकर।

सब मैं देता हूं
सब मैं देता हूं
तुझी को मुबारक मुंजी
सब मैं देता हूं

मसीह की दुल्हन का अदृश्य मिलाप HIN65-1125

(The Invisible Union Of The Bride Of Christ)

यह सन्देश भाई विलियम मेरियन ब्रंहम के द्वारा धन्यवाद देने के दिन, गुरुवार शाम, 25 नवम्बर, 1965 को लाइफ टेबरनेकल, शेवरेपोर्ट, लुईसियाना, यु.एस.ए में प्रचारित किया गया। इसे चुम्बकीय टेप रिकॉर्डिंग से लिया गया है, और इंग्लिश में विस्तृत छापा गया है। इस हिंदी अनुवाद को वोईस ऑफ गॉड रिकॉर्डिंग के द्वारा छापा गया और बाँटा गया है।

HINDI

©2019 VGR, ALL RIGHTS RESERVED

VOICE OF GOD RECORDINGS, INDIA OFFICE
19 (NEW NO: 28) SHENOY ROAD, NUNGAMBAKKAM
CHENNAI 600 034, INDIA
044 28274560 • 044 28251791
india@vgroffice.org

VOICE OF GOD RECORDINGS
P.O. BOX 950, JEFFERSONVILLE, INDIANA 47131 U.S.A.
www.branham.org

कोपी राईट सूचना

सारे अधिकार सुरक्षित है। यह पुस्तक व्यक्तिगत प्रयोग या मुफ्त में देने और एक औजार के समान यीशु मसीह का सुसमाचार फैलाने के लिये
घर के प्रिंटर पर छाप सकते हैं।

इस पुस्तक को बेचना, अधिक मात्रा में फिर से छापना, वेब साईट पर डालना, दुबारा छापने के लिये सुरक्षित रखना, दूसरी भाषाओं में अनुवाद करना या धन प्राप्ति के लिये निवेदन करना निषेध है। जब तक की वायस ऑफ गोड रिकार्डिंग कि लिखित अनुमति प्राप्त ना कर ली जाये।

अधिक जानकारी या दूसरी उपलब्ध सामग्री के लिये कृपया संपर्क करें:

वायस ऑफ गोड रिकार्डिंग्स

पोस्ट बोक्स 950 जैफरसन विले, इन्डियाना 47131 यू. एस. ए.

www.branham.org